राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 97
लखनऊ, रविवार 24 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें अफसर : आनंदीबेन पटेल 03

प्रियंका वायनाड लोकसभा सीट से चार लाख से अधिक मतों से जीती 12

# उपचुनाव में भाजपा ने जीती सात सीटें

## मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा व रालोद प्रत्याशी के पक्ष में पांच दिन में 15 चुनावी कार्यक्रम किए, सपा को मिली दो सीटें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश (उप्र.) विधानसभा की नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सात पर विजय हासिल की है जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) को दो सीटों पर संतोष करना पड़ा है।

प्रदेश में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में सात पर राजग ने जीत दर्ज की। इसमें से छह पर भारतीय जनता पार्टी और एक सीट पर राजग गठबंधन (रालोद) ने जीत हासिल की। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के हिस्से की कुंदरकी व कटेहरी सीट भी जीत ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा व रालोद प्रत्याशी के पक्ष में पांच दिन में 15 चुनावी कार्यक्रम किए। सीएम योगी ने फूलपुर, मझवा, खैर व कटेहरी में दो-दो रैली की। गाजियाबाद में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक रैली व एक रोड शो कर कमल को फिर से खिलाने की अपील की, जिस पर जनता ने मुहर लगाया। वहीं कुंदरकी व मीरापुर में भी योगी की रैली हुई। इसका असर यह हुआ कि कुंदरकी में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव में कुंदरकी में समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की थी। इस सीट पर भी विधायक के सांसद चुने जाने के कारण यहां उपचुनाव हुआ। इस सीट पर भी काफी समय से सपा का कब्जा था, लेकिन 2024 में हुए उपचुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सीट भाजपा के खाते में गई। योगी के आह्वान पर जनता ने यहां से सपा को चारों खाने चित कर दिया। यहां के भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर ने सपा के मो. रिजवान को काफी बड़े अंतर से पराजित किया। मझवा, फूलपुर, गाजियाबाद, खैर के साथ ही मीरापुर में भी राजग ने परचम लहराया। मझवा में विनोद बिंद, फूलपुर से प्रवीण पटेल, गाजियाबाद से अतुल गर्ग, खैर से अनूप प्रधान वाल्मीकि व मीरापुर से चंदन चौहान के सांसद चुने जाने के उपरांत यहां उपचुनाव कराए गए। इन सीटों को बरकरार रखते हुए भाजपा ने अन्य सीटों पर जीत हासिल की।



### असली संघर्ष तो अब शुरू हुआ है : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनावों में समाजवादी पार्टी (सपा) की करारी हार पर अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि चुनाव को भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, विधानसभा की नौ सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) को सीसामऊ व करहल सीट जबकि भारतीय जनता पार्टी ने कटेहरी, मझवां, कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद व फूलपुर में जीत दर्ज की है। जबकि मीरापुर में भाजपा की सहयोगी आरएलडी ने परचम लहराया है। असत्य का समय हो सकता है लेकिन युग नहीं। अब तो असली संघर्ष शुरू हुआ है। बांधो मुट्ठी, तानो मुट्ठी और पीडीए का करो उद्घोष 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे।

### मोदी की नीति व निर्णय पर जनता को विश्वास : योगी

**लखनऊ।** उपचुनाव में बड़ी जीत के बाद भाजपा के सूबाई दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ ने मीडिया से उपचुनाव को लेकर जानकारी साझा की। भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएम का स्वागत किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौ में सात सीटों पर जीत का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। पीएम पर लोगों को अटूट विश्वास है। ये जीत उसी का प्रमाण है। हम सब जनता का आभार व्यक्त करते हैं। सपा और इंडी की लूट और झूठ की राजनीति की समाप्ति की शुरुआत का परिणाम है। जो जनादेश महाराष्ट्र में मिला, ये राम और राष्ट्र के आराधक नए भारत की जीत है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वालों की पराजय है। देश की जनता को मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर अटूट विश्वास है। तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता के शॉर्टकट से सरकार बनाने का सपना देख रहे इंडी गठबंधन की पराजय है। यूपी उपचुनाव के बारे में सपा ने मतदान के दिन से जो प्रलाप किया, उस पर जनता ने जो जवाब दिया है, कुंदरकी उसका उदाहरण है। सपा सीसामाऊ के चुनाव को रद्द कराना चाहती थी। अब सिर्फ आठ हजार से जीत पाए हैं।

### तीन दशक के बाद कटेहरी में खिला विकास का कमल

**लखनऊ।** कटेहरी में 33 वर्ष बाद कमल खिला है। इससे पहले वर्ष 1991 में इस सीट पर बीजेपी के अनिल तिवारी जीते थे। इसके बाद से पार्टी ने यहां कई प्रयोग किए लेकिन जीत दर्ज करने में सफलता नहीं मिल पाई। जिन धर्मराज के हाथों यहां पार्टी कई बार पराजित हुई। अब उन्हीं को प्रत्याशी बनाने पर पार्टी यहां हार का सिलसिला तोड़ पाने में सफल हुई। कटेहरी में भाजपा को तीन दशक से भी अधिक समय से जीत का इंतजार बना था। यूं तो यही हाल अकबरपुर विधानसभा सीट का भी है। लेकिन कटेहरी को सवर्ण दबदबे वाली सीट माना जाता है। इसके बाद भी यहां चुनाव दर चुनाव भाजपा के हिस्से हार आती रही। 1991 में जब अकबरपुर से शिवसेना से पवन पांडेय विजयी होकर विधायक बने थे तो उसी चुनाव में कटेहरी से अनिल तिवारी जीत दर्ज करने में सफल रहे थे। उन्होंने बीएसपी के रामदेव वर्मा को करीब सात हजार मतों से हराया था।

## महाराष्ट्र में महायुति प्रचंड बहुमत के साथ वापस, झारखंड में झामुमो

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने अपने-अपने यहां सत्तारूढ़ गठबंधन को शासन की बागडोर संभाले रखने का स्पष्ट जनादेश दिया है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति ने प्रचंड जीत दर्ज की है जबकि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया समूह को करीब दो-तिहाई बहुमत हासिल किया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस, राकांपा (शरद पवार) और शिव सेना (यूबीटी) गठबंधन ने लोकसभा की सफलता के बाद राज्य में सत्ता वापसी को सपना संजोया था वह बिखर गया और उनका गठबंधन करीब 50 सीट के आसपास सिमट गया है। राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राकांपा ने प्रतिद्वंदी धड़ों को पीछे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र के चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी के जनजातीय गणना और संविधान के लिए खतरे के मुद्दे के बजाय महायुति के विकास के नारे और कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन किया है। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा के साथ- साथ 15 राज्यों में 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर भी चुनाव कराये गये थे। विधानसभा के उपचुनावों में सबसे चर्चित उत्तर प्रदेश के मुकाबलों में भाजपा और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) नौ में से सात सीटों पर जीत के साथ राजग का परचम ऊपर रखा जबकि पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और असम में सत्तारूढ़ दलों ने अपनी मजबूत जमाए रखी है। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चार लाख से अधिक मतों से विजयी घोषित हुयी हैं जबकि महाराष्ट्र की नांदेड लोक सभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार डॉ. संतुकराव मारोतराव हम्बारडे, कांग्रेस पार्टी के रवीन्द्र बसन्तराव चव्हाण से आगे चल रहे थे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन महाराष्ट्र में अभूतपूर्व जीत हासिल की है।

## संक्षिप्त समाचार

### 2025 में दिल्ली जीतकर इतिहास रचने जा रही आआपा : अरविंद

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर आम आमदी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2013, 2015, 2020 के बाद आम आदमी पार्टी अब 2025 में दिल्ली जीतकर इतिहास रचने जा रही है। पंजाब का परिणाम दिल्ली चुनाव का सेमी फाइनल है। साथ ही यह परिणाम 2027 में होने वाले पंजाब चुनाव का भी सेमीफाइनल था। जनता ने बता दिया कि आआपा सरकार अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आआपा ने पंजाब में 4 में से 3 सीटों पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज़ की और इन 3 सीटों पर भाजपा की ज़मानत ज़ब्त हो गईं। बड़ी बात यह भी है कि ये तीनों सीटें पहली बार आआपा ने जीती है। 2022 की आंधी में भी इन्हें हम नहीं जीत पाए थे। इसी के साथ अब पंजाब मे हमारी 95 सीटें हो गई है।

### नृपेन्द्र मिश्र ने राम मन्दिर निर्माण का लिया जायजा

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर में शिखर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने जन्मभूमि मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों का शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही इस कार्य में लगे जिम्मेदार लोगों के साथ एलएनटी कान्फ्रेंस हाल में बैठक कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने इटली जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक के आउटरीज सत्र में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर इटली जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि विदेश मंत्री जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए इटली के फिउग्गी की यात्रा करेंगे।

## सहकारिता क्षेत्र के जरिए करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए केंद्र कटिबद्ध : शाह

▸ शाह ने सहकारी विकास निगम की 91वीं आम परिषद की बैठक को किया संबोधित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के प्रति कटिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार सहकारिता आंदोलन के माध्यम से देश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है और इस दिशा में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की अहम भूमिका है। वह आज यहां राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की 91वीं आम परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने सहकारी आंदोलन में एनसीडीसी के योगदान की सराहना की और लाखों सहकारी समितियों के जीवन को बदलने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी की सफलता न केवल इसके 60 हजार करोड़ रुपये के संवितरण से परिलक्षित होती है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहकारी क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालने की इसकी क्षमता से भी परिलक्षित होती है। श्वेतक्रांति 2.0 के महत्व पर जोर देते हुए अमित शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में दुग्ध सहकारी संघों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने दूध उत्पादक संघों की स्थापना के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और एनसीडीसी के बीच सहयोग की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

### केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दिए जाने के दस्तावेज की मांग वाली याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है।

इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। केजरीवाल ने याचिका में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की उस दलील का हवाला दिया था, जिसमें उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा था कि केजरीवाल के खिलाफ ईडी के मामले में मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त मंजूरी ली गई थी।

## यूपी में फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, छह पीसीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की सरकार ने एक और बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। यहां पर छह पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। इन अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है।

सभी अधिकारी जल्द अपना नया कार्यभार संभालेंगे। यूपी में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। शासन ने 6 पीसीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। जानकारी के मुताबिक, अपर जिलाधिकारी (नगर ट्रांस गोमती) लखनऊ राकेश सिंह को अपर जिलाधिकारी, बाराबंकी बनाया गया है। मुख्य राजस्व अधिकारी गोरखपुर सुशील कुमार गोंड को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उन्नाव, इटावा के एसडीएम राजेश कुमार वर्मा को जालौन का नगर मजिस्ट्रेट, चित्रकूट के एसडजीएम प्रमोद झा को झांसी का नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया। औरैया के एसडीएम राम अवतार को रायबरेली का नगर मजिस्ट्रेट और बरेली के एसडीएम देश दीपक सिंह को बुलंदशहर का नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। बांदा के अपर आयुक्त भगवान शरण और गौतमबुद्धनगर के एडीएम (एलए) बच्चू सिंह को 8700 से 10000 रुपये ग्रेड पे में पदोन्नति दिए जाने पर सहमति बन गई है। वहीं, दो अधिकारियों को उच्चतर वेतनमान में पदोन्नति के लिए डीपीसी (विभागीय पदोन्नति कमेटी) में सहमति बन गई है।

### झारखंड में संविधान की जीत व महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में मिली जीत को जल, जंगल और जमीन की रक्षा की जीत बताया है। इसके साथ ही महाराष्ट्र के नतीजों को अप्रत्याशित बताते हुए इनका विश्लेषण किए जाने की बात कही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज मतगणना के बाद एक एक्स पोस्ट में कहा कि झारखंड के लोगों का आईएनडीआईए को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-जमीन की रक्षा की जीत है। राहुल ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं और इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे।

## पुलिस ने कुंजर इलाके में किया आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

एजेंसी

**बारामुला।** पुलिस ने शनिवार को बताया कि उसने सुरक्षाबलों के साथ मिलकर बारामुला जिले के कुंजर इलाके में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। सुरक्षाबलों ने मौके से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि पुलिस थाना मागाम के एफआईआर नंबर 150/2024 की जांच के दौरान प्राप्त विश्वसनीय सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए बारामुला पुलिस, बडगाम पुलिस और सेना की 62 आरआर द्वारा पुलिस स्टेशन कुंजर के अधिकार क्षेत्र के मालवा गांव से सटे जंगलों में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

उन्होंने कहा कि कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत सामग्री जब्त करने के बाद ठिकाने को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी और ठिकाने को नष्ट करने से किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोका गया है और कश्मीर घाटी में शांति और सद्भाव को पटरी से उतारने की आतंकवादी संगठनों की नापाक योजनाओं को विफल किया गया है।

## भारत ने स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोचे व बॉलिंग प्रतियोगिता में जीते 25 पदक

▸ बॉलिंग एथलीट्स ने 4 स्वर्ण समेत 14 पदक किए हासिल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आरक्यूब मोनाड (जहां क्रमशः बोचे और बॉलिंग का आयोजन हुआ) में संपन्न हुई पहली स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 25 पदक हासिल किए।

भारतीय बॉलिंग दल ने 14 पदक जीते, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य शामिल है। जबकि बोचे टीम ने 11 पदकों में एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य अपने नाम किए। महिला बॉलिंग टीम का प्रदर्शन खासतौर पर प्रभावशाली रहा, जिसने भारत के चार स्वर्ण पदकों में से तीन पर कब्जा किया।

श्रद्धा पटेल, नेहा सिंह, सिमरन पुजारा और संगीता नायक की चौकड़ी ने टीम इवेंट के फाइनल में मलेशिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद श्रद्धा और सिमरन ने नेहा और संगीता नायक को डबल्स इवेंट के फाइनल में हराकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। सिंगल्स इवेंट में नेहा ने फाइनल में श्रद्धा को हराकर डिवीजन-3 का स्वर्ण पदक जीता और टूर्नामेंट में तीन पदक अपने नाम किए।

वहीं संगीता और सिमरन ने भी डिवीजन 1 और 2 में कांस्य पदक जीतकर अपना-अपना तीसरा पदक जीता। पुरुष वर्ग में, एकमात्र स्वर्ण पदक प्रकाश वाघेला ने डिवीजन-6 सिंगल्स में इभानन साहू को फाइनल में हराकर जीता। दोनों ने पहले डिवीजन-3 डबल्स में कांस्य जीता था, जबकि अंकित और निरुपम डे की जोड़ी ने डिवीजन 2 में कांस्य जीता।

### भारतीय सेना प्रमुख ने किए मुक्तिनाथ मंदिर के दर्शन

**काठमांडू।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को नेपाल की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान पवित्र मुक्तिनाथ मंदिर का दौरा किया। इस अवसर पर, जनरल द्विवेदी ने मुक्तिनाथ मंदिर में प्रार्थना की, जो हिंदुओं और बौद्धों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बाद, जनरल द्विवेदी पोखरा में नेपाली सेना के पश्चिमी डिवीजन मुख्यालय गए। वहां डिवीजन कमांडर मेजर जनरल संतोष बल्लव पौडल ने उनका स्वागत किया। भारतीय सेना प्रमुख बुधवार को पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर काठमांडू पहुंचे। जनरल द्विवेदी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय सेना के सेना पत्नी कल्याण संघ की अध्यक्ष सुनीता द्विवेदी भी शामिल हैं।

## दलित उत्पीड़न केस में 98 लोगों को सेशन्स कोर्ट से आजीवन कारावास

▸ 28 अगस्त, 2014 के दलित उत्पीड़न के मामले में आया फैसला

एजेंसी

**हुबली।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के माराकुम्बी गांव में 28 अगस्त, 2014 के दलित उत्पीड़न मामले में 24 अक्टूबर, 2024 को फैसला आया। सेशन्स कोर्ट ने ऊंची जाति के 98 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

ऐसा देश में पहली बार हुआ, जब छुआछूत से जुड़े मामले में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एक साथ उम्रकैद की सजा सुनाई गई। कोर्ट के फैसले से लगा कि 10 साल बाद ही सही, माराकुम्बी के दलितों को न्याय मिल गया। हालांकि, यहां दोषियों के परिवार के साथ-साथ पीड़ितों का परिवार भी दुखी और सदमे में है। उन्हें इस बात का डर है कि अब उनका ऊंची जाति के लोगों के साथ गांव में रहना और मुश्किल हो जाएगा। 24 अक्टूबर, 2024 को कोप्पल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन्स कोर्ट का दलितों के उत्पीड़न मामले पर फैसला आया। सेशन्स कोर्ट के जज चंद्रशेखर सी ने मामले में 101 लोगों को दोषी ठहराया। इनमें 98 लोगों को आजीवन कारावास और 5-5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। तीन दलित आरोपियों को 5 साल कैद और 2-2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई।

रिकॉर्ड

### तिलक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में अपने विस्फोटक शतक के बाद हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

## लगातार तीन टी-20 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने तिलक वर्मा

एजेंसी



**राजकोट।** भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने हैदराबाद के लिए मेघालय के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में अपने विस्फोटक शतक के बाद एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। वह पुरुष या महिला क्रिकेट में लगातार तीन टी 20 शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 2007 में शुरू हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी दर्ज किया। मैच के दौरान तिलक ने सिर्फ 67 गेंदों में 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। उनके रन 225.37 के स्ट्राइक रेट से आए। 22 वर्षीय तिलक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर से बाहर लगातार दो शतक, सेंचुरियन में 107और जोहान्सबर्ग में नाबाद 120 रन बनाकर टूर्नामेंट में प्रवेश किया। वह द्विपक्षीय श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने, उन्होंने चार मैचों में 140.00 की औसत और लगभग 199 के स्ट्राइक रेट से 280 रन बनाए। वह टी20 क्रिकेट में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बने। महिला क्रिकेट में, महाराष्ट्र की ओर से खेल रही किरण नवगिरे ने 2022 में सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में नागालैंड की ओर से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 162 रन बनाए थे। तिलक ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाज डिप्पू संगमा की 18 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने एसएमएटी में पिछला सर्वोच्च स्कोर बनाया था, उन्होंने 2019 में सिक्किम के खिलाफ मुंबई के लिए 71 गेंदों में सात चौकों और 15 छक्कों की मदद से 147 रन बनाए थे। तिलक उन पांच खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें मुंबई इंडियंस ने रविवार से सोमवार तक होने वाले 2025 सीजन के लिए आईपीएलकी मेगा नीलामी से पहले रिटेन किया है।

### दूसरे सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने बुमराह



**पर्थ।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के पहले मैच में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है। अपनी तेज़ गति के साथ, बुमराह ने पर्थ की पिच पर अपने तीखे स्पेल से आग लगा दी, जिससे पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ी इकाई हिल गई। बुमराह ने गेंद को अपनी इच्छा के अनुसार चलाकर पारी की गति निर्धारित की और भारत को एक अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। अपने लुभावने स्पेल के साथ, बुमराह ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में सतह पर सबसे अच्छे गेंदबाजों में अपना नाम दर्ज कराया। कम से कम 150 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में, बुमराह दूसरे सबसे बेहतर गेंदबाजी औसत वाले गेंदबाज हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, 178 टेस्ट विकेटों के साथ, बुमराह का औसत 20.16 है, उनसे आगे इंग्लैंड के दिग्गज दाएं हाथ के तेज गेंदबाज सिडनी बार्न्स हैं, जिनका 16.43 का गेंदबाजी औसत है। शानदार करियर के दौरान, बार्न्स ने सिर्फ 27 मैचों में 189 विकेट चटकाए।

# डीएम ने 'लखीमपुर महोत्सव-2024' को लेकर की बैठक, बनायी रणनीति

- डीएम ने लांच किया 'लखीमपुर महोत्सव-2024' का लोगो और थीम
- डीएम की पहल पर.. पांच स्थलों पर सजेगा लखीमपुर महोत्सव
- युद्धस्तर पर हो रहीं तैयारियां, डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश
- 25 नवंबर को दुधवा व लखीमपुर में महोत्सव का शुभारंभ करेंगे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

खीरी जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनूठी पहल पर पहली बार 'लखीमपुर महोत्सव-2024' की शुरुआत होगी, जो पांच अलग-अलग स्थान पर 25 से 28 नवंबर के बीच आयोजित होगा। इसके लिए सभी तैयारिया युद्धस्तर पर चल रही। शनिवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आयोजन से जुड़े अफसरो की बैठक ली और तैयारियों की रूपरेखा तय की।

बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश तिवारी, पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित कुमार चौधरी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद है। वही बैठक में दुधवा नेशनल पार्क में आयोजन से जुड़े अफसर वर्चुअल जुड़े।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 'लखीमपुर महोत्सव' के पांचो कार्यक्रम स्थलों से जुड़े जिम्मेदार अफसरो से बिंदुवार समीक्षा की और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। महोत्सव की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए जनपदवासियों की इस अनूठे आयोजन में उपस्थिति सुनिश्चित करने और आयोजन हेतु की जा रही तैयारी की समीक्षा की। महोत्सव की सफलता पूरी टीम की मेहनत पर निर्भर करेंगी। व्यवस्था जितनी ही बेहतर बनाएंगे, कार्यक्रम उतना ही शानदार होगा। उन्होंने पांचो कार्यक्रम स्थलो के संबंध में की जाने वाली व्यवस्थाओं में सुरक्षा के मानको को प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने महोत्सव की आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियां द्वारा अबतक की गई तैयारिया जानी और संबंधित समिति के सदस्यों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला स्तर से सभी आयोजन स्थलो के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी भी नामित किए गए। बैठक में डीडी दुधवा टी रंगाराजू और एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह ने दुधवा, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने लखीमपुर और ओयल, एसडीएम गोला विनोद कुमार गुप्ता ने कोटवारा और गोला में आयोजित ÷लखीमपुर महोत्सव÷ कार्यक्रम की मिनट टू मिनट जानकारी दी।

### एक नजर में लखीमपुर महोत्सव कार्यक्रम

- 25 नवम्बर: दुधवा राष्ट्रीय उद्यान: प्रकृति एवं परमात्मा की भूमि: दुधवा पार्क, पलिया प्रात:11 बजे।
- 25 नवम्बर: लखीमपुर उत्सव: रंग, तरंग, मनोरंजन मंच: राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड, सायं 5 बजे।
- 26 नवम्बर: कोटवारा ग्राम: लोक कला का संगम: ग्राम कोटवारा, गोला सायं 5 बजे।
- 27 नवम्बर: छोटी काशी: आध्यात्मिक शांति का केंद्र: राजेन्द्र गिरि स्टेडियम, गोला सायं 5 बजे।
- 28 नवम्बर: मेंढक मन्दिर: हमारी विरासत: मेंढक मन्दिर परिसर, ओयल सायं 5 बजे।

**डीएम ने लांच किया 'लखीमपुर महोत्सव-2024' का लोगो और थीम:** लखीमपुर महोत्सव 2024 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लखीमपुर महोत्सव 2024 की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए आयोजन से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां साझा की। वही अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह ने महोत्सव को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से की गई पुलिस व्यवस्था के संबंध में जरूरी जानकारी दी। डीएम दुर्गा शक्ति ने सीडीओ अभिषेक कुमार, एएसपी नेपाल सिंह की मौजूदगी में लखीमपुर महोत्सव-2024 का लोगो और थीम तराई की मिट्टी का उत्सव-लखीमपुर महोत्सव 24 को लॉन्च किया। महोत्सव के लोगों को नगर के प्रखर शुक्ला पुत्र धर्मेश शुक्ला ने डिजाइन किया है।

**दुधवा के लिए हवाई यात्रा कर सकेंगे सैलानी, लखनऊ से शुरू होगी हाईवे सेवा: डीएम:** प्रेस वार्ता में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि दुधवा के लिए एयर सर्विस की शुरुआत होने जा रही है। लखनऊ से दुधवा के बीच लघु विमान उड़ान भरेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह विमान से ही पलिया हवाई पट्टी पर उतरेंगे और पत्रकार वार्ता करेंगे। इसके बाद दुधवा नेशनल पार्क में आयोजित लखीमपुर महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत कर शुभारंभ करेंगे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रमुख इको पर्यटन स्थलों को सड़क, रेल व हवाई मार्ग से जोड़ने की कवायद में जुटी हुई है। इसी कड़ी में जिले के दुधवा नेशनल पार्क के पर्यटन विकास दृष्टि से हवाई सेवा शुरू होने जा रही है, जो जिले के लिए एक बड़ी सौगात है। इस सेवा के शुरू होने से पर्यटकों को सुविधा होने के साथ-साथ उनकी संख्या भी बढ़ेगी।

## कछुआ गति से हो रहा ओवरहेड टैंकों का निर्माण कार्य

**बिजुआ खीरी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन योजना धीरे धीरे अपनी कछुआ गति से चल रही है। योजना की शुरुआत हुए दो वर्षों से अधिक समय बीत चुका है परंतु अभी तक बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक अधूरे हैं जिससे गांव में लगीं पानी की टंकियां लोगों को मुंह चिढ़ा रही हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ओवर हेड टैंक बनाए जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को टंकियों से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके जिसका ठेका



जिलाधिकारी द्वारा ठेकेदारों को दिया गया, ठेकेदारों ने गांवों में खड़ंजा आरसीसी खुदवाकर पाइप डाल दिया गया लेकिन गांव की गलियों को इतनी लापरवाही से पाटा गया है कि उनसे गुज़र पाना मुश्किल हो रहा है। विकासखंड बिजुआ क्षेत्र की तमाम ग्राम पंचायतों में बनाई जा रही पानी की टंकियों का निर्माण कछुआ गति से हो रहा रहा है। ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में पानी की टंकियों का निर्माण यदि ऐसे ही चलता रहा तो पंचवर्षीय योजना समाप्त होने तक भी निर्माण पूरा नहीं हो सकेगा और ग्रामीणों का स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का सपना एक सपना बनकर ही रह जाएगा। जिस कछुआ गति से पानी टंकियों का निर्माण कार्य चल रहा है। उसे देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता कि यह निर्माण कार्य जल्द पूरा होने के आसार नहीं हैं। लोगों के घरों में लगाई गई टंकियां मात्र शोपीस बनी हुई हैं। एक ठेकेदार के पास दर्जनों टंकियों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया है। ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए काम कर रहे हैं। वहीं विभाग द्वारा टंकी निर्माण कार्य पूरा करने की कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

## आज होगा गोला में तेलिक महासम्मेलन, मुख्य अतिथि होंगे सांसद सीतापुर राकेश राठौर

**गोला गोकर्ण नाथ, खीरी।** नगर के लार्ड रेस्टोरेंट मै तैलिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जिसमें उन्होंने आज होने वाले तैलिक महासम्मेलन के संबंध में जानकारी दी। जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया तैलिक महासम्मेलन चौबीस नवंबर को गोला गोकरननाथ में उत्कर्ष मैरिज लॉन में संपन्न होगा। जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया तैलिक महासम्मेलन का आयोजन समाज में जागरूकता लाने के लिए किया जा रहा है। तैलिक समाज में जो पिछड़ा पन व्याप्त है, उसको विकास की मुख्य धारा से जोड़कर एक अच्छे समाज की स्थापना करना इस सम्मेलन का उद्देश्य है। तैलिक महा सम्मेलन के मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राकेश राठौर होंगे, राकेश राठौर तैलिक महासंघ के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष भी है। इस मौके पर संजय राठौर प्रधान, बिजेन्द्र राठौर एडवोकेट प्रदेश महासचिव (पिछड़ा वर्ग)कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश रामसनेही राठौर प्रधान, अनूप राठौर प्रधान प्रतिनिधि खमरिया मौजूद रहे।



## ट्रॉली से टकराकर पलटा कांच भरा ट्रक, चालक व खलासी मामूली रूप से हुए घायल

**ईसानगर खीरी।** पुलिस चौकी नकहा क्षेत्र के अशोगापुर में वन वे होने के कारण शीशे से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़ी ट्राली से टकरा कर पलट गया। बीती रात में हुई घटना लखीमपुर की तरफ से बहराइच की तरफ जा रही थी ट्रक सड़क किनारे खड़ी ट्राली के कारण घटना घट गई। चालक व खलासी बाल बाल बच गई लेकिन हल्की चोटें आई। बताते चले कि नेशनल हाईवे पर निर्माण कार्य पूर्ण न होने के कारण वन वे के चलते सैकड़ो हादसे हो चुके है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है।



**विराट 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का चौथा दिन**

## कथा ब्यास द्वारा कराए गए विभिन्न प्रकार के संस्कार

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा स्थित मेला मैदान निकट आदर्श इण्टर कालेज के ठीक सामने चल रहे विराट 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन अपने नियत समय से यज्ञ आरम्भ हुई, जिसमें गुरु दीक्षा संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, नामकरण संस्कार, पुंशवन संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, शान्ति कुंज से पधारे प्रशिक्षित आचार्यो द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कराये गए।

कार्यक्रम के चौथे दिन सुबह से कई पारियों में श्रद्धालु भक्तों ने अपनी अपनी श्रद्धा, भावना व निष्ठा जोड़ते हुए यज्ञ भगवान से मंगलमय प्रार्थना के साथ आहुतियां समर्पित की गई। शांति कुंज से आए हुए प्रशिक्षित आचार्य टोली नायक जमुना प्रसाद शाहू जी ,सहायक टोली नायक कुन्ज बिहारी एवं आचार्य गणेश प्रसाद पवांर तथा तबला वादक हुकुम चंद,एवं नटराजन आदि साथयों के साथ सुक्रवार सायं कालीन बेला में दीप यज्ञ का महत्व बताया गया तथा अष्टावक्र की कथा इस प्रकार सुनाया, उद्दालक ऋषि के पुत्र का नाम श्वेतकेतु था। उद्दालक ऋषि के एक शिष्य का नाम कहोड़ था। कहोड़ को सम्पूर्ण वेदों का ज्ञान देने के पश्चात उद्दालक ऋषि ने उसके साथ अपनी रूपवती एवं गुणवती कन्या सुजाता का विवाह कर दिया। कुछ दिनों के बाद सुजाता गर्भवती हो गई। एक दिन कहोड़ वेदपाठ कर रहे थे तो गर्भ के भीतर से बालक ने कहा कि पिताजी! आप वेद का गलत पाठ कर रहे हैं। यह सुनते ही कहोड़ क्रोधित होकर बोले कि तू गर्भ से ही मेरा अपमान कर रहा है इसलिये तू आठ स्थानों से वक्र (टेढ़ा) हो जायेगा। इस प्रकार अष्टावक्र की कथा सुनाते हुए आचार्यो ने अपनी ओजस्वी वाड़ी से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया तत्पश्चात दीप यज्ञ का कार्यक्रम किया गया,जिसमे क्षेत्र की सैकड़ों की संख्या में माताओं बहनों ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का कुसल संचालन आचार्य अमर पाल जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार मितौली के तहसील प्रभारी मास्टर कामता प्रसाद मौर्य, लालजी प्रसाद वर्मा, अजय गुप्ता, लालबहादुर सिंह सेंगर ने कर्ताओं को धन्यवाद देते हुए चौथे दिन का कार्यक्रम समापन किया गया। ततपश्चत कन्या भोज एवं विशाल भंडारा एवं टोली विदाई का कार्यक्रम का किया गया।



## नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, एक महिला की मौत, दो अन्य घायल

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पीलीभीत बस्ती हाईवे पर स्थित अशोगापुर गांव के निकट अधूरे पड़े डिवाइडर के पास ओवरटेक करते समय अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा में सवार 55 वर्षी महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य सवारियां घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा वहीं मृतका के शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत बिल्हौरा के मजरा बिलहरी निवासी राजेश कुमार अपनी पुत्री सरोजिनी की शादी का रिश्ता करने की रस्म के लिए ई-रिक्शा में बैठकर राजापुर मंदिर जा रहे थे। साथ ही ई रिक्शा में परिवार के कुल 7 सदस्य सवार थे तभी अशोगापुर गांव में पीलीभीत बस्ती हाइवे पर अधूरे पड़े डिवाइडर के पास ओवरटेक करते समय अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा में सवार महिला ओम देवी(55) पत्नी ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 7 वर्षीय एक लड़की व राजेश कुमार घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा भेजा जहां गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मृतका के शव को पुलिस ने पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।



## गौविज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

- समस्त अवध प्रांत में हुआ परीक्षा का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधि गौसेवा के द्वारा गोला गोकर्णनाथ खीरी में स्थित जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में गौविज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया यह परीक्षा नई पीढ़ी के बच्चों को गाय के महत्व के बारे में ज्ञान कराने के लिए तथा ओएमआर शीट के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा में सफलता की प्रेरणा देने के उद्देश्य के लिए की गई विभाग गौ सेवा संयोजक विनीत सिंह भदौरिया ने बताया यह परीक्षा पूरे अवध प्रांत में 23 नवंबर को ही सभी जिलों में एक साथ संपन्न कराई गई है। इस परीक्षा में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी छात्र/ छात्राओं को जिला स्तर पर प्रतिभा सम्मान समारोह करके सम्मानित किया जाएगा तथा छात्र/ छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा तथा प्रांत स्तर पर बनाई गई मेरिट लिस्ट में प्रथम द्वितीय,तृतीय,स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को भी क्रमशः रु. 5100, रु. 3100, रु. 2100, रु. 1100 की नकद राशि से भी पुरस्कृत किया जाएगा।यह परीक्षा गौसेवा के जिला संयोजक डॉ पीयूष शुक्ला के नेतृत्व में की गई जिसमें प्रमुख रूप से सहसंयोजक सौरभ सिंह चौहान जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अनुरोद्ध चित्रा प्रबंधक रचित अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुई सुमित मिश्रा और शिवांशु सिंह उपस्थित रहे। परीक्षा संपन्न होने के उपरांत डॉक्टर पीयूष कुमार शुक्ला सभी छात्रों को गाय के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।



**फुटबाल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला**

## गौरीफंटा और स्टेडियम मऊ की टीमों ने जीता मैच

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

महरानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के सातवें दिन फुटबाल ग्राउड़ पर टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें गौरीफंटा और स्टेडियम मऊ की टीमें फाइनल में कब्ज़ा कर लिया।

101 साल सें सिंगाही की धरती पर लगातार फुटबाल का लुत्फ उठाने वाले दर्शकों से खचाखच भरे खेल मैदान पर पहला सेमीफाइनल मैच बलिया वर्सेज गौरीफंटा के मध्य खेला गया। गौरीफंटा की टीम के खिलाड़ियों ने दबदबा बनाते हुए में पांच गोल दागते हुए मैच को 5-0 से मैच को जीत कर फाइनल में जगह बनाया। अभी तक के खेल में सर्वाधिक गोल मारने वाली गौरीफंटा टीम को सिंगाही के व्यापारी लाभचंद जैन ने 11 रुपये का इनाम दिया। दूसरा मैच मेक्स सपोर्टिंग लखनऊ और स्टेडियम मऊ के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम मऊ ने मैच को 1-0 से जीतकर फाइनल में जगह बना लिया है। महामंत्री सुनील बत्रा ने बताया कल फाइनल मैच गौरीफंटा और स्टेडियम मऊ के बीच 2 बजे खेला जाएगा फाइनल के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अजय मिश्र टेनी द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर आज के मुख्य मेहमान एसडीएम रिजीव निगम, सीओ महक शर्मा, चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य, राजा राजेश्वर सिंह, विनोद लोधी, दीप शाह, राजेश गुप्ता,सतीश श्रीवास्तव, मजीद चौधरी, डॉ खालिद गौरी के साथ हजारों की संख्या में बैठे लोगों ने महारानी सूरथ कुमारी पब्लिक स्टेट टूर्नामेंट का लुत्फ उठाया।



## ग्राम पंचायत को टीबीमुक्त करने के लिए पंचायती राज विभाग के साथ काम करेगा स्वास्थ्य विभाग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करना भी शामिल है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचायती राज विभाग से मिलकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होटल एलिटइन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने की। इस दौरान जिला पंचायती राज अधिकारी विशाल सिंह भी मौजूद रहे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि टीबी मुक्त भारत के उद्देश्य को सार्थक करने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ है। जिसमें जिला पंचायती राज विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम, बीसीपीएम और एनटीईपी कार्यक्रम के सुपरवाइजर, एवीएन कोऑर्डिनेटर को प्रशिक्षण दिया गया है। यह सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपने-अपने ब्लॉकों में और सभी ग्राम प्रधानों से मिलकर सेंसटाइजेशन का कार्य करेंगे और अपनी-अपनी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने में स्वास्थ्य विभाग शासन का सहयोग करेंगे।




## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा आरआरसी सेंटर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के विकासखंड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूड़ा खुर्द में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य करा कर सरकारी बजट को खुलेआम चूना लगाया गया। ग्राम पंचायत में हर काम कमाई के चक्कर में नियम,कायदे,कानून ताक पर रखकर नियमों के पालन से बेपरवाह प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी को न जांच की चिंता रही और ना अधिकारियों का डर।वहीं अधिकारी भी मीडिया के सवालों से बचते हुए गोल मोल बातें करते दिखे। जिससे दाल में काला साफ दिखाई दे रहा है।

विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मूड़ा खुर्द में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने कूड़ा निस्तारण केंद्र (आर आर सी सेंटर) में खुलेआम अव्वल ईट की जगह घटिया ईटों एवं मौरंग के स्थान पर बालू का प्रयोग किया गया। लगभग छह लाख रुपए की लागत से बनाए गए इस केंद्र में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। दीवार बनने के तुरंत बाद आनन-फानन में प्लास्टर कर दिया गया जिससे कि आर आर सी सेंटर में जिम्मेदारों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार दिखाई न दे। सरकार द्वारा भले ही विकास कार्य कराकर ग्राम पंचायतों में गांव की तस्वीर बदलने का दावा किया जा रहा हो। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ग्राम पंचायत में इस कदर लूट-घसूट मची है कि रक्षक ही भक्षक बनकर जेबें भरने में लगे हैं। ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा अनुपयोगी और मानक विहीन कार्य करा कर ऐसी विकास की गंगा बहाई गई जो लोगों के गले नहीं उतर रही है।घटिया व मानक विहीन कार्य करा कर खूब जेबें भरीं।वहीं अधिकारी भी सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे बैठे हैं। लगता है की अधिकारी भी सांठ गांठ किए बैठे हैं। जो जानकारी के बावजूद भी जांच करना उचित नहीं समझते। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के मानक विहीन कार्य से कुछ ही दिनों में बनाई गई बिल्डिंगें धराशाही हो जाएंगी।



> आरआरसी सेंटरों में मानक आप खुद जान रहे हैं। शिवपुरी, मूड़ा खुर्द में केंद्र बन चुके हैं जिनकी फोटो हमारे पास उपलब्ध हैं लिखित में दे दीजिए दिखावाते हैं।
>
> **-महावीर सिंह, खंड विकास अधिकारी बिजुआ**

> आर आर सी सेंटरों में मानक के अनुसार ही ईंट एवं सामग्री लगानी चाहिए जो भी शिकायत है लिखित में दे दीजिए या इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी से बात कीजिए।
>
> **-अभिषेक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी**

# संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें अफसर

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में उत्तर प्रदेश कैडर-2023 बैच के 20 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शनिवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश कैडर-2023 बैच के 20 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से उनका परिचय लिया और उनके कार्यक्षेत्र और अनुभवों की जानकारी प्राप्त की।

राज्यपाल ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों का त्वरित और पूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सत्य और नियमों के अनुरूप कार्य करें, गलत का समर्थन न करें और किसी दबाव में आकर निर्णय न लें। राज्यपाल ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि समाज सेवा का दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रशिक्षु अधिकारियों की पढ़ाई के दौरान अर्जित ज्ञान का उपयोग उनके कार्यक्षेत्रों में किया जाना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि किसी अधिकारी ने आपदा प्रबंधन का अध्ययन किया है, तो उसे उसी क्षेत्र में तैनाती दी जानी चाहिए ताकि उसके ज्ञान का सदुपयोग हो सके। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल, डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय के अधिकारीगण सहित राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूलों में बच्चों के प्रशिक्षण पर दें जोर

राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सुझाव दिया कि वे इस विचारधारा को अपनाएं और स्कूलों में बच्चों के प्रशिक्षण पर जोर दें। इसके माध्यम से बच्चे अपने जीवन में सही दिशा और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे न केवल एक अच्छे नागरिक बनेंगे बल्कि समाज के विकास में भी रचनात्मक योगदान दे सकेंगे। राज्यपाल ने कहा कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें और यह प्रयास करें कि उन्हें कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे समाज के मानसिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास में सहयोग दें। अच्छा कार्य करने से न केवल उनकी छवि बेहतर बनेगी, बल्कि समाज में सकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। राज्यपाल ने अधिकारियों को सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करने का आह्वान किया।

## एक हैं तो सेफ हैं, एक हैं तो जीत है : केशव

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में मतगणना के बीच डिप्टी सीएम सीएम केशव प्रसाद मौर्य का एक बयान सामने आया है। केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पर प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा-एक हैं तो सेफहैं, एक हैं तो जीत है। डिप्टी सीएम का यह तब आया जब रुझानों में भाजपा कई सीटों पर आगे चल रही थी। केशव प्रसाद मौर्य ने एक अन्य एक्स पर कहा-सीमा पर भारत देता है गोली का जवाब गोला से, देश के भीतर विपक्ष की गाली का जवाब जनता देती है लोकतंत्र की ताकत से कमल खिलाकर। बहुमत का जवाब भाजपा देती है सुशासन, जनसेवा, विकास, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण से। क्योंकि मोदी हैं तो मुमकिन है।

# पर्यटन की दृष्टि से विकसित होंगे धार्मिक स्थलों से सटे हुए गांव



**गांवों में पर्यटकों को मिलेगी ठहरने की बेहतरीन सुविधा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/अयोध्या ।** अयोध्या शहर घूम चुके लोग अब यहां के गांवों का भी लुत्फ उठा सकेंगे। इसके लिए गांवों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। पर्यटक चूल्हे की रोटी से लेकर विभिन्न सब्जियों व मटके में बनी दाल का न सिर्फ आंनद ले सकेंगे बल्कि वहां ठहर भी सकेंगे। बाहर से गांव जैसा व अंदर का नजारा वेस्टर्न रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अयोध्या विकास प्राधिकरण जल्द ही इस योजना पर काम शुरू करने जा रहा है।

भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। अकेले शहर में राम मंदिर के अलावा कई ऐसे प्राचीन मठ-मंदिर व पौराणिक स्थल हैं। यहां पहुंचने के बाद चार दिन तो शहर में ही घूमने-टहलने व दर्शन पूजन में निकल जाते हैं। ऐसे में वे जिले के अन्य धार्मिक स्थलों पर नहीं पहुंच पाते हैं। इसे देखते हुए अब एक नई योजना को अयोध्या जिले में उतारी जाएगी।

**होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना का शुरू हो रहा दूसरा फेज**

राम मंदिर निर्माण के साथ ही शासन-प्रशासन ने यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान लगा लिया था। इस दौरान होम स्टे की योजना शुरू की गई थी, जिसके बाद नगर में लगभग 1100 लोग इस योजना से जुड़े और अपने घर को पेइंग गेस्ट हाउस बना लिया। आज सारे होम स्टे फुल रहते हैं। इसमें रहने-खाने का अच्छा इंतजाम रहता है। इससे लोगों को आर्थिक मजबूती भी मिल रही है।

**धार्मिक स्थलों के पास के गांव होंगे चयनित**

अयोध्या विकास प्राधिकरण होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना का दूसरा चरण शुरू करने जा रहा है। इसके तहत अयोध्या जिले के ऐसे धार्मिक स्थल जो मुख्यालय से दूर किसी तहसील में पड़ते हैं। उनके पास के छोटे गांव को डेवलप किया जाएगा। जैसे भरतकुंड, मखौड़ा धाम व स्वामी नारायणमंदिर जैसे धाम के आस-पास के गांव को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।

### बाहर से दिखेगा खपरैला अंदर होंगे जबरदस्त इंतजाम

अयोध्या विकास प्राधिकरण में होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना के नोडल अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गांव के सात से आठ घरों को ऐसा डेवलप किया जाएगा कि बाहर से पूरी गांव वाली फीलिंग आएगी, लेकिन अंदर वेस्टर्न सुविधा रहेगी। वेस्टर्न टॉयलेट, एलईडी, बेड आदि की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि होम स्टे में रुकने वाले को लोग अपने घरों के व्यंजन खिला सकेंगे। इससे हमारे यहां का मोटे आनाज को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीणों की आमदनी भी हो सकेगी।

### योजना के विस्तार से बढ़ेगी आमदनी

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि राम मंदिर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए योजना को विस्तार दिया जा रहा है। इससे न सिर्फ गांवों में पर्यटन बढ़ेगा बल्कि ग्रामीणों की आमदनी में भी इजाफा होगा।

## खबरें एक नजर में

### हेरिटेज सैर पर मिली सिर्फ पांच महिलाएं, 65 सीटर बस रही खाली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में फ्री हेरिटेज सैर कराने की योजना में दूसरे शनिवार को भी महिलाओं ने रुचि नहीं दिखाई। 65 सीटर डबल डेकर बस तय समय पर अंबेडकर पार्क के पास आकर खड़ी हुई, लेकिन उसे सिर्फ5 महिला सवारियां ही मिलीं। बस को सिर्फएक फेरा चलाया गया। सिटी बस के डक् आरके त्रिपाठी ने बस का निरीक्षण किया। रूट पर मिल रही महिला सवारियों का आकलन किया। इसके बाद रूट में जनेश्वर मिश्रा पार्क को जोड़ने का निर्णय लिया गया। लगातार दूसरे शनिवार को महिला सवारियां डबल डेकर एसी बस के लिए नहीं मिली। पहली ट्रिप में अंबेडकर यूनिवर्सिटी के पास 5 सवारी मिलीं। इसके बाद बस को कमता से एयरपोर्ट के रूट पर चला दिया गया। शाम के समय महिलाओं की टिकट भी बस में लगी। सुबह के समय सिर्फ5 महिलाओं ने फ्री में सफर किया। सिटी बस के एतडी आरके त्रिपाठी ने बताया कि छतर मंजिल, पुरानी नक्षत्र शाला, लखनऊ यूनिवर्सिटी सहित पुराने लखनऊ के रूट पर भी बस का संचालन करने का विचार किया जा रहा। इसके लिए पहले रूट का सर्वे कराया जाएगा।

### विश्व धरोहर सप्ताह पर प्रदर्शनी का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में पुरातत्व निदेशालय ने शनिवार को बाराबंकी में डिजिटल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कंपोजिट विद्यालय में 100 छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, आराध्या ने द्वितीय और नाजरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, काजल और अमरेश यादव को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन छात्रों की कला ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचन्द्र को पुरातत्व निदेशालय के अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुरातत्व विभाग के बलिहारी सेठ, मयंक, अभिषेक, निर्भय और विद्यालय के अध्यापक पवन सिंह, आलोक मिश्रा, कुसुम तिवारी, शशि समेत अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। इस आयोजन ने छात्रों में कला और धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाई।

### 26 से 3 दिसंबर तक होगी इसराइल श्रमिकों के चयन के लिए टेस्टिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इसराइल में निर्माण श्रमिकों को भेजने के उद्देश्य से 26 नवंबर से 3 दिसंबर तक लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी दी कि इस प्रक्रिया में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने सेवायोजन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लिया है। यह प्रक्रिया प्रतिदिन निर्धारित समय और तारीख के अनुसार संपन्न होगी, जो एडमिट कार्ड में स्पष्ट रूप से अंकित है। अभ्यर्थियों को अपने एडमिट कार्ड के साथ आधार कार्ड, मूल पासपोर्ट और चार पासपोर्ट आकार के फोटो अनिवार्य रूप से लाने होंगे। एडमिट कार्ड पर दिए गए क्यूआर कोड की स्कैनिंग के बाद ही संस्थान परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। गड़बड़ी या दस्तावेजों की कमी के कारण प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे केवल अपने एडमिट कार्ड में उल्लिखित तिथि पर ही संस्थान पहुंचे। अभ्यर्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों को भी संस्थान परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। बिना एडमिट कार्ड और निर्धारित तिथि पर आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं मिलेगा।

### सपा को मूल्यों पर आधारित राजनीति करनी चाहिए : संजय निषाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ चुके हैं। उपचुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। इस पर योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि जनता ने हमें काम के आधार पर वोट दिया है। उपचुनाव के दौरान मतदान को लेकर समाजवादी पार्टी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी विपक्ष में है। उनके पास बयानबाजी के अलावा कुछ नहीं है। उन्हें अपने किए हुए कामों को गिनाना चाहिए। पार्टी की विचारधारा पर चलना चाहिए। उनकी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह ने मूल्यों पर आधारित राजनीति की। समाजवादी पार्टी को अब मूल्यों पर आधारित राजनीति करनी चाहिए।

### आप ने घोषित की अयोध्या प्रांत कार्यकारिणी, अतुल बने महासचिव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार के क्रम में प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह की स्वीकृति के बाद अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने शनिवार को प्रांत कार्यकारिणी घोषित कर दी. जिसमें अतुल सिंह महासचिव,नूर सिद्दीकी प्रांत उपाध्यक्ष संजीव निगम प्रांत उपाध्यक्ष, दीपक पटेल प्रांत उपाध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव प्रांत उपाध्यक्ष,शदाब रायीन प्रांत उपाध्यक्ष नोमान अहमद प्रांत उपाध्यक्ष राजेंद्र राजश्री प्रांत उपाध्यक्ष रामप्रासाद प्रेमिल कोषाध्यक्ष भारत राज योगी प्रांत सचिव,बेटालाल दिवाकर प्रांत सचिव मनोज मिश्रा प्रांत सचिव प्रदीप वर्मा प्रांत सदस्य और आदर्श श्रीवास्तव प्रांत सदस्य मनोनीत किया गया। प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और आशा व्यक्त की इन सभी पदाधिकारियों का संगठन निर्माण अहम भूमिका होगी ।

### यूपी 112 में व्यापारी संगोष्ठी आयोजित, सहयोग का दिया भरोसा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शहीद पथ स्थित यूपी-112 मुख्यालय में लखनऊ व्यापार मंडल के सहयोग से व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एडीजी मीरा रावत ने किया। एडीजी मीरा रावत ने डायल 112 की कार्यप्रणाली, सेवाओं और व्यापारियों के लिए इसकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। संगोष्ठी में व्यापारियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए डीआईजी शादाब राशिद खान, एसपी सिंह, एसपी विजय ढुल (आईपीएस) और एडिशनल एसपी दिनेश पुरी ने संवाद किया। लखनऊ व्यापार मंडल की ओर से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, स्वेता गोयल, राजीव अरोड़ा, डॉ. गिरीश, युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता सहित अन्य व्यापारियों ने डायल 112 से संबंधित प्रश्न और सुझाव प्रस्तुत किए।

# भयमुक्त, अपराधमुक्त प्रदेश के संकल्प को साकार कर रही उत्तर प्रदेश पुलिस

**पुलिस झंडा दिवस पर डीजीपी ने सीएम योगी को फ्लैग लगाकर किया सम्मानित**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस आज यानी 23 नवंबर को झंडा दिवस मना रही है। इस अवसर पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। इसके साथ डीजीपी ने सीएम योगी को मोमेंटो भेंट किया। वहीं, सीएम योगी ने पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं भी दी।

बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे भारतवर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवंबर, 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। यह ध्वज गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। इस अवसर पर यूपी पुलिस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, उत्तर प्रदेश पुलिस ध्वज, विभाग के गौरवशाली इतिहास और वीर जवानों की कर्तव्यपरायणता का गौरवपूर्ण प्रतीक है। यह ध्वज हमारी शौर्यगाथाओं का अमिट धरोहर है, जो प्रत्येक क्षण हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। झंडा दिवस के विशेष अवसर पर, प्रशांत कुमार ने एडीजी एलओ अमिताभ यश एवं जीएसओ टू डीजीपी एन रविन्दर की उपस्थिति में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को पुलिस कलर प्रदान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने लिखा, भयमुक्त, अपराधमुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार कर रही उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों और उनके परिजनों को पुलिस झंडा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

### डीजीपी मुख्यालय में मनाया गया पुलिस झंडा दिवस, गरिमामयी परेड का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के डीजीपी मुख्यालय में आज पुलिस झंडा दिवस सुबह 10 :30 बजे मनाया गया। पुलिस कर्मियों द्वारा सलामी देते हुए आज झंडा रोहण किया गया। पुलिस ध्वज का झंडा रोहण 112 एडीजी नीरा रावत ने किया। झंडारोहण के दौरान एक दर्जन से अधिक आईपीएस मौजूद रहे। इतिहास गवाह है कि ध्वज पताका की प्रेरणा से धर्म की अधर्म पर विजय अविस्मरणीय रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे भारतवर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवम्बर, 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। यह ध्वज हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। पुलिस झंडा दिवस हर साल 23 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन उत्तर प्रदेश पुलिस को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किए जाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश पुलिस को यह ध्वज 23 नवंबर, 1952 को दिया गया था। यूपी पुलिस को यह ध्वज उनके शौर्य और कर्तव्यपरायणता के लिए दिया गया था। पुलिस झंडा दिवस के दिन, पुलिस मुख्यालय, कार्यालय, थानों, कैंपों, पीएसी वाहिनियों, और क्वार्टर गार्ड पर पुलिस ध्वज फहराया जाता है। प्रभारी अधिकारी सलामी देते हैं और पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपने वर्दी की बाईं जेब पर पुलिस ध्वज का स्टीकर लगाते हैं।

## टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय में निशुल्क विधिक सहायता शिविर आयोजित



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय ने हरौनी, सरोजिनी नगर, लखनऊ के गांव में पहला विधिक सहायता शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना और निशुल्क विधिक परामर्श प्रदान करना था। साथ ही, विधि के छात्रों को ग्राहक परामर्श और वास्तविक विवाद समाधान का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था।

शिविर का शुभारंभ टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) सी.पी. सिंह के उद्घाटन भाषण से हुआ, उन्होंने कहा, टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय न केवल उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी प्रयासरत है, यह विधिक सहायता शिविर हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें न्याय पाने में सहायता प्रदान की जा सके। गांव के प्रधान ने भी शिविर के महत्व पर जोर दिया और ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याओं को बेझिझक साझा करें। उन्होंने टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय की टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एड. आयुष प्रताप सिंह, जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय (लखनऊ पीठ) के अधिवक्ता हैं, ने ग्रामीण विवादों के समाधान के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में प्रचलित विवादों जैसे भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम और वेतन विवाद, तथा सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर बात की।

## डबल इंजन की सरकार के साथ है जनता का जनादेश : नन्दी

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के साथ ही अन्य सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की विजय पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। वहीं महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनने पर मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि जनता का जनादेश डबल इंजन की सरकार के साथ है। केंद्र और राज्य की सरकार जन कल्याण एवं समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता पीडीए के मुखौटे में छिपे अखिलेश यादव के परिवारवादी और जातिवादी चेहरे को पहचानती है। पीडीए का असली मतलब है- पर्सनल डेवलपमेंट एजेण्डा। सपा सरकार के कुशासन, अपराध और भ्रष्टाचार का दौर आज भी लोगों के जेहन में ताजा है! उपचुनावों का परिणाम 2027 की झांकी है, असली पिक्चर अभी बाकी है! कुर्सी की आस में तुष्टीकरण का सजदा करने वाले और माफियाओं की कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले अखिलेश यादव को जनता का सीधा सन्देश है- एक रहेंगे, सेफ रहेंगे।

# पर्यटन मंत्री ने पर्यटन स्थलों के लिए की वोटिंग

**25 नवम्बर तक की जा सकती ऑनलाइन वोटिंग**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने पसंदीदा पर्यटन स्थलों के लिए ऑनलाइन वोट देते हुए जनता एवं जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में अपने पसंद का पर्यटन स्थल चुनकर ऑनलाइन वोट करे।

इस महाभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक वोट पाने वाले स्थलों का पर्यटन विकास करके अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना है। जयवीर सिंह ने बताया कि गुरूवार को महाभियान के तहत कैबिनेट मंत्री सिंचाई एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, असीम अरूण समाज कल्याण मंत्री, रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा वन मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने सोनभद्र जिले में स्थित एशिया के सबसे बड़े जीवाश्म पार्क के लिए अपना वोट दिया। सलखन गॉव में स्थित यह फासिल पार्क अमेरिका के एलो स्टोन पार्क के बाद दूसरे नम्बर पर आता है। प्रदेश के लोग अपने पसंद के पर्यटन स्थलों के लिए वोट कर सकते हैं, इसके लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा देखो



अपना देश-पीपुल्स च्वाइस-2024 अभियान शुरू किया गया है। 25 नवम्बर तक वोट देने का समय निर्धारित किया गया है। पर्यटन स्थलों के लिए लोग ऑनलाइन वोटिंग कर सकते हैं। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार का प्रयास है कि आम जनता की राय लेकर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधायें सृजित की जाए।यूपी में मथुरा, काशी तथा अयोध्या के अलावा यूनेस्को साइट के अंतर्गत आने वाले विश्व प्रसिद्ध धरोहर भी है। प्रति वर्ष करोड़ों की संख्या में देशी-विदेशी सैलानी यहां आते हैं। पर्यटन विभाग दूसरे जनपदों में अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों को भी पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। पर्यटन सेक्टर में रोजगार के साथ आमदनी की बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं।

### मेसर्स खुराना एसोसिएयट को निगम ने काली सूची में डाला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लम्बे अरसे से निगम को चुना लगा रहे और सफाई व्यवस्था के साथ आदेश का खुला उल्लंघन करने वाली संस्था मेसर्स खुराना एसोसिएयट को निगम ने एक वर्ष के लिए काली सूचनी में डालने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि संस्था के खिलाफदस मई को नगर आयुक्त ने सुधार एवं शत प्रतिशत ठेका कार्मिकों की उपस्थित के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद संस्था द्वारा सुधार नही किया गया। इस प्रकार कई बार पार्षदों की शिकायत एवं निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की अनुपस्थिति एवं सफाई व्यवस्था में सुधार नही किया जा रहा था। इस सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जोनल अधिकारी, जोन-3 एवं जोनल सेनेटरी अधिकारी, जोन-3 संयुक्त आख्या के क्रम में वार्ड जानकीपुरम-द्वितीय में सफाई कार्य हेतु आबद्ध कार्यदायी संस्था मे. खुराना एसोसिएट्स द्वारा लगातार अपने सफाई मजदूरों की उपस्थिति में कटौती किये जाने के दृष्टिगत 23अक्टूबर और 13 नवम्बर द्वारा नोटिस निर्गत किये जाने के उपरान्त इसमाह भी संस्था के माध्यम से योजित कुल-85 सफाई मजदूरों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं की गयी है। जो फर्म द्वारा कार्य में अप्रत्याषित रूप से षिथिलता बरतने के कारण जोन के व्यवसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों तथा मुख्य मार्ग के डिवाइडरों में अत्याधिक गन्दगी परिलक्षित होती पायी गयी। जिससे संक्रामक रोगों को फैलने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। संचारी रोग नियंत्रण माह के दौरान भी फर्म द्वारा उदासीनताएवं निष्क्रियता के कारण क्षेत्र में माइक्रोप्लान के अनुसार नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण भी नहीं हो पाया,साथ ही फर्म द्वारा अपने क्षेत्र अकांक्षा परिसर रोड में छुईयापुरवा कूड़ा-अड्डा के आस-पास गन्दगी एवं कूड़ा फैला होने की शिकायतें भी मीडिया में प्रकाशित होती रही हैं।

**पहल** | सीएम योगी के निर्देश पर प्रमुख सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य ने जिला क्षय रोग अधिकारियों को पत्र जारी किया

# टीबी रोगियों के करीबियों की हर तीन माह में होगी जांच

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार ने टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों एवं पूर्व टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग कराने का निर्णय लिया है। यह स्क्रीनिंग हर तीन महीने पर होगी। वहीं साल के खत्म होने में 42 दिन शेष हैं, ऐसे में वर्ष के अंत तक हर जिलों को प्रिजेंम्टिव टीबी परीक्षण दर के कम से कम तीन हजार के लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिये हैं। इसको लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने सभी जिला क्षय रोग अधिकारियों (डीटीओ) को पत्र जारी किया है।



प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में टीबी रोगियों की युद्धस्तर पर स्क्रीनिंग की जा रही है। इसी क्रम में सभी डीटीओ डेटा की नियमित मॉनीटरिंग और कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) का लक्ष्य टीबी मामलों, उससे होने वाली मौतों में कमी लाना और टीबी रोगियों के लिए परिणामों में सुधार करना है। ऐसे में इस दिशा में प्रदेश भर में काफी तेजी से काम हो रहा है। इसी का परिणाम है कि इस साल अब तक प्रदेश में टीबी रोगियों का सर्वाधिक नोटिफिकेशन हुआ है। तय समय पर इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए रणनीति को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि टीबी के संभावित लक्षण वाले रोगियों की कांटेक्ट ट्रेसिंग और स्क्रीनिंग को बढ़ाते हुए फेफड़ों की टीबी (पल्मोनरी टीबी) से संक्रमित सभी लोगों के परिवार के सदस्यों और कार्यस्थल पर लोगों की बलगम की जांच को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। कांटेक्ट ट्रेसिंग और स्क्रीनिंग जितनी ज्यादा होगी, उतने ही अधिक संख्या में टीबी मरीजों की पहचान हो पाएगी और उनका इलाज शुरू हो पाएगा। इसी क्रम में उच्च जोखिम वाले लोगों जैसे 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों, डायबिटीज रोगियों, धूम्रपान एवं नशा करने वाले व्यक्तियों, 18 से कम बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) वाले व्यक्तियों, एचआईवी ग्रसित व्यक्तियों और वर्तमान में टीबी का इलाज करा रहे रोगियों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों की हर तीन माह में टीबी की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिये गये हैं।

### हर माह जिलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश

टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए नैट मशीनों का वितरण सभी ब्लॉकों पर टीबी की जांच को ध्यान में रखते हुए करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही उन टीबी इकाइयों की पहचान करने जो आशा के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं, उनमें सुधार करने के लिए जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया गया है। क्षेत्रीय टीबी कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (आरटीपीएमयू) द्वारा हर माह में जनपदों का भ्रमण करते हुए वहां की स्थिति का जायजा लेने के भी निर्देश दिए हैं।

## बीजेपी की ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का फल

**लखनऊ ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव तथा उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए उपचुनाव व अन्य राज्यों में हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाए एवं बधाई दी है।श्री शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने ऐतिहासिक प्रदर्शन कर शानदार जीत हासिल किया है। झारखंड विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन कर मतदाताओं का बीजेपी की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति विश्वास बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भी 09 सीटों में 07 सीटों पर जीत हासिल की है।

# स्वच्छ शौचालय-हमारी जिम्मेदारी थीम को करें आत्मसात : ऋतु

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** केंद्र सरकार के निर्देशों के क्रम में प्रदेश की सभी निकायों में निर्मित सामुदायिक, सार्वजनिक व पिंक शौचालयों को स्वच्छ, सुन्दर और सुविधाजनक बनाने के लिए विश्व शौचालय दिवस पर जॉइंट सेक्रेटरी, महुआ रूपा मिश्रा ने राजधानी लखनऊ से श्स्वच्छ शौचालयश् नामक विशेष अभियान की शुरुआत की थी।

अपर निदेशक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ऋतु सुहास ने बताया कि स्वच्छ शौचालय अभियान की थीम स्वच्छ शौचालय-हमारी जिम्मेदारी को आत्मसात करने के लिए इस अभियान को 25 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से निकायों में स्थापित शौचालयों को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जायेगा।

25 नवम्बर को पेंट माई टॉयलेट नामक विशेष अभियान चलाकर शौचालय और आसपास की दीवारों पर वॉल पेंटिंग और स्वच्छता संबंधी संदेश और सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। उसके पश्चात् 30 नवम्बर को सभी निकायों में सफाई मित्रों का सम्मान किया जायेगा। स्वच्छ शौचालय-हमारी जिम्मेदारी थीम पर आधारित स्वच्छ शौचालय अभियान के दौरान निकायों में निर्मित सार्वजनिक, सामुदायिक व पिंक शौचालयों की मरम्मत, सफाई और सुंदरीकरण के साथ ही उनके आस-पास खाली जगहों पर पौधरोपण एवं स्वच्छता संबंधी संदेशों को वॉल पर पेंटिंग के माध्यम से दर्शाया जायेगा।

## डीएम नेहा शर्मा की सख्ती से ग्राम समाज की भूमि अवैध कब्जे से मुक्त

# रुपईडीह : निधिनगर में तीन बार कब्जे की कोशिश नाकाम

- भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का काम शुरू

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले की निधिनगर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सख्त कार्रवाई की। इस कदम से लंबे समय से रुके हुए आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

मामला रुपईडीह की निधिनगर ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 081, रकबा 0.073 हेक्टेयर भूमि का है, जो कागजों में नवीन परती के रूप में दर्ज है। ग्राम प्रधान मालती देवी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि झूरीकुइंया गांव के निवासी रवीन्द्र कुमार, पुत्तन, सुनील कुमार और विनोद कुमार सहित कुछ लोगों ने इस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया। प्रशासन ने पहले भी दो बार इन कब्जेदारों को हटाया था, लेकिन वे बार-बार कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। यह भूमि आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए प्रस्तावित थी। निर्माण सामग्री पहले ही मौके पर पहुंच चुकी थी, लेकिन दबंगों के अवैध कब्जे के कारण कार्य रुका हुआ था। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम को कार्रवाई के लिए भेजा। टीम ने सख्ती से कब्जेदारों को हटाया और भूमि को ग्राम समाज के नियंत्रण में दिलाया। ग्राम प्रधान मालती देवी ने बताया कि डीएम की सख्त कार्रवाई से आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है और कार्य तुरंत शुरू हो चुका है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस तरह की गतिविधियों को किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा। साथ ही, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की हर शिकायत पर त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

### गोण्डा में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



डीएम नेहा शर्मा ने विधानसभा मेहनौन में बने बूथ संख्या-215 प्राथमिक विद्यालय देवरिया अलावल पोलिंग बूथ पर पहुंच कर वहां पर बीएलओ द्वारा लिए जा रहे फार्मो एवं लोगों को दिए जा रहे फार्मो का निरीक्षण किया। इस पुनरीक्षण के दौरान, जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में छूट गए हैं या जिनका नाम, पता या अन्य विवरण सही नहीं है, उनका संशोधन किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं के दावे और आपत्तियां 28 नवंबर तक ली जाएंगी। विशेष अभियान तिथियां 9, 10, 23 और 24 नवंबर 2024 को मतदान बूथों पर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) सभी आवश्यक फार्मों के साथ उपस्थित रहकर नागरिकों की मदद करेंगे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान बूथों के कर्मचारियों को उचित निर्देश देते हुए सुनिश्चित किया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से पूरी हो। इस मौके पर बीएलओ और अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ कई स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस पुनरीक्षण अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। निरीक्षण के दौरान बूथ संख्या-215 प्राथमिक विद्यालय देवरिया अलावल के बीएलओ चन्दन लाल यादव नलकूप चालक के अच्छा कार्य किया जा रहा है जिसका जिलाधिकारी ने सराहना की।

## दबंग प्रधान करवा रहे नरेगा में भ्रष्टाचार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के विकासखंड झंझरी के ग्राम पंचायत छाछ पारा कानूनगो में भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है।जिस मनरेगा योजना से मोदी सरकार हिन्दुस्तान की तस्वीर बदलने का दावा किया गया,उसकी जमीनी हकीकत आप देखेंगे तो चौंक जाएंगे।

**बिना बोर्ड और मजदूरों को कैसे हो रहा काम:-** देवी पाटन मंडलायुक्त और जिलाधिकारी नेहा शर्मा की इतनी सख्ती के बाद भी गोण्डा जिले के विकासखंड झंझरी के ग्राम पंचायत छाछ पारा कानूनगो और छाछपारा मुतवल्ली में एक बार फिर मनरेगा योजना में लूट मच गई।जिले में मनरेगा के तहत करीब एक दर्जन गांवों में हो रहे कार्यों में फर्जी मस्टररोल जारी कर लाखों रुपए के गबन को अंजाम दिया जा रहा है।फर्जी कार्य करने में पंचायत अधिकारियों और कर्मचारियों को न तो प्रशासन का कोई भय है और न ही मोदी और योगी सरकार की नजर यहां तक पहुंच रही है।

इतना ही नहीं सरकार का सख्त आदेश है कि मनरेगा योजना के कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड जरूर लगाएं।लेकिन वह बोर्ड भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। जिले के गांव छाछ पारा कानूनगो, छाछपारा मुतवल्ली, तरगाँव, नारायणपुर वैली, दासियापुर और बनघुसरा, सहित अन्य गांवों में सरपंच और पंचायत अधिकारियों द्वारा फर्जी मस्टररोल जारी कर सरकारी खजाने को खाली किया जा रहा है।मनरेगा ऑनलाइन वेबसाइट पर इन गांवों में मनरेगा योजना के तहत कार्य दिखाया हुआ है।जबकि धरातल पर छाछपारा कानून गो में मौके पर दो मस्टर रोल चल रहा है मज दूरों मौके पर काम करते हुए दिखाया गया है।लेकिन धरातल पर कुछ नहीं दिखाई दे रहे हैं।तो वहीं जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों में मस्टररोल वाली जगह पर मनरेगा कार्य का कोई बोर्ड नहीं लगा हुआ है। यह फर्जीवाड़ा पंचायत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है।

### बिना रोक-टोक के चल रहा खेल

मनरेगा वेबसाइट के अनुसार गांव छाछ पारा कानूनगो में मनरेगा योजना के तहत करीब 19 मजदूरों से विभिन्न रास्तों में कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य गांव में पिच रोड से हरीश के खेत तक मिट्टी पटाई का कार्य दर्शाया गया है।जबकि ग्रामीणों के मुताबिक गांव में जिन रास्तों पर मस्टररोल जारी की हुई है उन रास्तों पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। जिन रास्तों पर मस्टररोल जारी की गई है।उसे पर कोई नहीं दिखाई दे रहा है। लेकिन वहां भी इसके तहत का कोई कार्य मजदूरों से नहीं कराया जा रहा है। इसी तरह अन्य गांवों में भी यही खेल बिना किसी रोक-टोक के खेला जा रहा है।

## एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

- समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित को दिए दिशा-निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा थाना कटराबाजार में जनसुनवाई की गई। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कटराबाजार में सुनवाई के दौरान 30 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। जिसमें से 07 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारित किया गया, शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त हुए कुल 203 प्रार्थना पत्रों में से 17 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## क्या निडर शिक्षिका की राजनीतिक पकड़ बनी कार्रवाई में बाधक

- विद्यालय प्रांगण में बालदिवस पर बच्चों से बालश्रम कराने का विडियो हुआ था वायरल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की कार्यवाही नीति पर सवाल उठ रहा है जहां एक तरफ इटियाथोक शिक्षा के कम्पोजिट कम्पोजिट विद्यालय पकड़ी मरूडीह में अव्यावस्था की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संज्ञान तो लिया और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तत्काल निलंबित कर दिया जो लोगों में एक विचारणीय विषय बन गया है,तो क्या गोन्डा जनपद के शिक्षा क्षेत्र पंडरी कृपाल के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर बैरिया द्वितीय में शिक्षिका द्वारा बालश्रम कराने के वायरल विडियो के बाद भी कार्यवाही शून्य है जिससे लगता है कि बालश्रम कराने वाले शिक्षको अधिकारियों द्वारा अभयदान दे दिया गया।

गांव में जन चर्चा है की शिक्षिका के द्वारा 14 नवंबर 2024 बाल दिवस के दिन बालश्रम कराने का विडियो ग्राम वासियों ने वायरल किया था जिस खबरे भी प्रकाशित हुई परन्तु आज तक कार्यवाही शून्य रही।वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी के भी कार्यशैली पर सवाल उठ रहा है की शिक्षिका की राजनीतिक पकड़ के प्रभाव में सभी अधिकारियों द्वारा कार्यवाही से कतरा रहे हैं।बता दे बीते दिनों एक विडियो वायरल हुआ था जिसमें बच्चों से विद्यालय प्रांगण में ईंटों की ढोवाई का कार्य करते देखा जा सकता है।

शिक्षिका ने मुख्यमंत्री का आदेश बताकर बच्चों से स्कूल प्रांगण में उठवाया था ईंटों को।ग्रामीण ने जब विद्यालय में बालश्रम करवाते देखा तो शिक्षिकाओं से जानकारी करने की कोशिश की और मौजूद शिक्षिका से सवाल करने पर शिक्षिका भड़कीं ग्रामीण को कहा की मुख्यमंत्री का आदेश है सफाई अभियान लेकिन शिक्षिका को यह नहीं पता की बच्चों से केवल शैक्षिक कक्ष के अन्दर ही सफाई करवाकर स्वचछता का ज्ञान देना चाहिए।वहीं निडर शिक्षिका की राजनीतिक पकड़ होने के कारण कार्यवाही न होने से कहीं न कहीं शिक्षा और शैक्षिक स्तर कटघरे में खड़ा होता नजर आ रहा है तो वही शिकायत मात्र से अधिकारी संज्ञान में लेकर निलंबित कर दे रहे हैं और यहां पूरा मामला आईने की तरह साफ होते हुए भी राजनीतिक पकड़ हावि है और जिलाधिकारी से लेकर बीएसए तक कार्यवाही से कतरा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### चौकी सालपुर पर कोतवाल देहात ने की बैठक



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के कोतवाली देहात अन्तर्गत चौकी सालपुर पर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह द्वारा ग्राम प्रधान व सम्भ्रांत लोगों के संग बैठक कर कहा कि आपकी सेवा में पुलिस सदैव तत्पर है लेकिन आपका सहयोग भी पुलिस के कार्य करने की क्षमता को और बढ़ा देगी।कोतवाल संजय सिंह ने घटनाओं के बारे मे सूचना देने के साथ ही कहा की शराब की दुकान,जेल से छूटे अपराधी,पेशेवर अपराधी,एन्टीरोमियो टाइप के लोगों पर भी नजर रखे और पुलिस को जानकारी उपलब्ध कराए ताकि समय रहते अपराध को रोका जा सके तथा अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके।जन सहयोग से और आपकी सतर्कता से ही अपराध को कम किया जा सकता है।बैठक में चौकी प्रभारी सालपुर राम प्रकाश चन्द्र सहित कई गांवों के ग्राम प्रधान और बाजार क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

### रोल प्रेक्षक आयुक्त देवीपाटन मण्डल ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण



- पुनरीक्षण कार्य की ज़मीनी हकीकत का लिया जायज़ा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत तृतीय विशेष अभियान तिथि के अवसर पर संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से रोल प्रेक्षक आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर के मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय विशेश्वरगंज स्थित कंछर के बूथ संख्या 75, 76, 77 व 78 का निरीक्षण कर विशेष अभियान तिथि के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बूथों पर बी.एल.ओ. व सम्बन्धित स्टाफ उपस्थित पाये गये। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान रोल प्रेक्षक/आयुक्त देवीपाटन मण्डल श्री सुशील द्वारा बूथ लेविल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बूथ पर प्राप्त होने वाले प्रपत्रों के सापेक्ष सम्बन्धित को प्राप्ति रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाय। आयुक्त ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी बूथों पर इस व्यवस्था का अनुपालन भी सुनिश्चित करायें। आयुक्त ने बूथ लेबिल अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा आवश्यकतानुसार इस कार्य के लिए गॉव का भ्रमण भी किया जाय। मण्डलायुक्त ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बूथ पर आने वालों को मतदाता पंजीकरण के लिए आयोग द्वारा अनुमन्य आनलाइन व ऑफलाइन व्यवस्था के बारे में भी बताया जाय, ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी सुविधानुसार मतदाता सूची में पंजीकरण, डिलीशन तथा संशोधन की कार्यवाही कर सकें। बूथों के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर प्रपत्रों की उपलब्धता का जायज़ा लिया तथा निर्देश दिया कि रिपीटेड मतदाताओं की अलग लिस्ट तैयार कर नियमानुसार इनके नामों को सूची से हटाया जाय। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार को निर्देश दिया कि कंछर की मतदाता सूची में मतदान केन्द्र नेठिया के शामिल मतदाताओं को नेठिया की सूची में जोड़ा जाय। इस अवसर पर सुपरवाईज़र सहायक अध्यापक सुशील कुमार, बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकत्री वंदना मिश्रा व अमिता सोनी, सहायक अध्यापक अरविन्द कुमार व शिक्षा मित्र रेनू मौजूद रहीं।

## उप मुख्य निरीक्षक ने मेडिकल का किया निरीक्षण

- कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच, वार्डों का किया भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग के उप मुख्य निरीक्षक पंकज सक्सेना ने मेडिकल कॉलेज बहराइच के चिकित्सालय का सफलतापूर्वक निरीक्षण कर भ्रमण किया।निरीक्षण के दौरान कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच की। जिसमें आईजीआरएस, आरटीओ से संबंधित दस्तावेज, सेवानिवृत्ति अभिलेख, और पोर्टल का सटीक अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त, अस्पताल के विभिन्न वार्डों और सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, चिल्ड्रन वार्ड, सीटी स्कैन मशीन, पर्चा काउंटर, और दवा वितरण केंद्र का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, डॉ. संजय खत्री ने कहा निरीक्षण के दौरान मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से हमें अपनी सेवाओं में और सुधार करने का प्रोत्साहन मिला है। पंकज सक्सेना द्वारा दी गई सराहना और सुझावों को अपनाते हुए हम यह सुनिश्चित करेंगे कि मरीजों को बेहतर और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संकाय सदस्य, और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो पीढ़ियों को बचाएं, बच्चों को खसरा व रूबेला का टीका लगवाएं

- 25 नवंबर से शुरू होगा अभियान
- जरवल, कैसरगंज, बलहा और मिहींपुरवा ब्लॉकों में लगाए जाएंगे टीके
- 6780 बच्चों को सुरक्षा देने का लक्ष्य

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के चार ब्लॉकों जरवल, कैसरगंज, बलहा और मिहींपुरवा में खसरा और रूबेला टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को पहली और दूसरी डोज लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में सीएमओ ने बताया कि हेड काउंट सर्वे पूरा कर लिया गया है। इस सर्वे के अनुसार, 6780 बच्चों को खसरा और रूबेला का टीका लगाया जाएगा। सीएमओ ने कहा, ÷खसरा और रूबेला टीका बच्चों को इन जानलेवा बीमारियों से बचाने में बेहद प्रभावी है।

खसरा एक खतरनाक बीमारी है, जो बुखार, चकत्ते और निमोनिया जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। वहीं, रूबेला वायरस खासतौर पर बालिकाओं के लिए खतरनाक है। यदि किसी लड़की को बचपन में रूबेला का संक्रमण हो जाता है, तो आगे चलकर गर्भावस्था के दौरान उसके शिशु में जन्मजात रूबेला सिंड्रोम (सीआरएस) का खतरा बढ़ जाता है। सीआरएस के कारण नवजात शिशु को जन्मजात हृदय रोग, सुनने की समस्या, दृष्टिहीनता और मानसिक विकास में बाधा जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। खसरा और रूबेला का टीकाकरण न केवल बच्चों को इन जटिलताओं से बचाता है, बल्कि उनकी माताओं और भविष्य की पीढ़ियों को भी सुरक्षित करता है।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने कहा, ÷इस अभियान के तहत टीकाकरण सत्र बुधवार और शनिवार के नियमित टीकाकरण दिवसों को छोड़कर अन्य कार्य दिवसों में आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए 882 सत्र निर्धारित किए गए हैं। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है, और सभी माता-पिता से अपील है कि वे अपने बच्चों को यह टीका अवश्य लगवाएं। बैठक में डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे, यूनिसेफ से डीएमसी दिलीप मिश्रा और यूएनडीपी से राजकुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराकर ली सलामी

- पुलिस ध्वज हमारी कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और सेवा की भावना का प्रतीक है : वृंदा शुक्ला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को जिले में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली और पुलिस ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराया। उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुलिस झंडा दिवस का महत्व बताया गया। एसपी ने पुलिस बल को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का महत्व बताते हुए पुलिस कर्मियों को पुलिस झंडा दिवस के प्रतीक चिह्न (पुलिस फ्लैग स्टीकर) लगाया गया। एसपी ने अपने संदेश में कहा कि पुलिस ध्वज हमारी कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और सेवा की भावना का प्रतीक है, जिसे हमें सदैव गर्व के साथ धारण करना चाहिए, समस्त पुलिस बल को नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने और पुलिस विभाग की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### जिले के सभी थानों पर मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस

पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर थाना प्रभारियों द्वारा ध्वज फहराकर सलामी दी गयी एवं एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का संदेश पढ़कर सुनाया गया तथा पुलिस कर्मियों को फ्लैग स्टीकर लगाकर पुलिस झण्डा दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी पयागपुर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन हर्षिता तिवारी, प्रशिक्षु उपाधीक्षक राज सिंह यादव, प्रशिक्षु उपाधीक्षक प्रियंका यादव तथा अन्य समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपर निदेशक पशुपालन ने अस्थाई गोआश्रय स्थल कटरा बहादुरगंज का किया निरीक्षण



- गोआश्रय स्थल की मजबूत फेंसिंग कराई जाए ताकि संरक्षित गोवंश गो आश्रय स्थल से बाहर न जा सकें : मेमपाल सिंह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, देवीपाटन मण्डल गोण्डा डॉ. मेमपाल सिंह ने विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत अस्थाई गोआश्रय स्थल कटरा बहादुरगंज का आकस्मिक निरीक्षण कर संरक्षित गोवंशों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान गोआश्रय स्थल में 487 गोवंश संरक्षित पाये गये जिनमें 481 गोवंश में टैग लगा हुआ पाया गया। यहां पर 03 टीन शेड व 01 शेड छप्पर का बना हैं। जिनकी क्षमता 300-350 पशुओं की है।

भण्डार गृह के निरीक्षण के दौरान लगभग 200 कुण्टल भूसा तथा 01 कुण्टल पशु आहार भण्डारित मिला पाया गया। गो आश्रय स्थल के चारो ओर लकड़ी की बैरीकेटिंग की गयी है। अपर निदेशक द्वारा निर्देश दिया गया कि गोआश्रय स्थल की मजबूत फेंसिंग कराई जाय ताकि संरक्षित गोवंश गो आश्रय स्थल से बाहर न जा सके। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि गो आश्रय स्थल की चारागाह में 1.6 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बरसीम व चरी की बोवाई करायी गयी हैं। गो आश्रय स्थल के सभी गोवंश स्वस्थ्य पाये गये।पशुचिकित्सधिकारी कटरा बहादुरगंज को निर्देशित किया गया कि गो आश्रय स्थल का नियमित भ्रमण कर गोवंशों के स्वास्थ्य का नियमित परीक्षण करते रहें। आसन्न शरद ऋतु हेतु गोवंशों की सुरक्षा के लिए बिछावन हेतु लगभग 300 कुण्टल पराली एकत्र की गयी हैं।निरीक्षण के समय अपर निदेशक डॉ. सिंह ने मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान को निर्देश दिया कि खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर गोआश्रय स्थल में अतिरिक्त शेड निर्माण कराएं। ग्राम प्रधान को निर्देश दिया गया कि संरक्षित गोवंशों को प्रतिदिन न्यूनतम 01 कि.ग्रा. पशु आहार प्रति पशु उपलब्ध कराएं तथा सर्दी के मौसम को देखते हुए पशु शेडों के चारों ओर तिरपाल लगवाने की व्यवस्था की जाय। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि 01 वर्ष से एस.एफ.सी. पूलिंग की धनराशि प्राप्त नहीं हुई हैं। इस सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर एस.एफ.सी. पूलिंग के माध्यम गो आश्रय स्थल को धनराशि उपलब्ध कराई जाय।

## बारूद से झुलसा मासूम, चेहरा और हाथ बुरी तरह झुलसा

- घर के बाहर पटाखा जलाते समय चपेट में आया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के पयागपुर इलाके में स्थित एक गांव में पटाखा जलाते समय एक मासूम उसकी चपेट में आ गया जिससे वो बुरी तरह जुलूस गया। परिजन उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र में स्थित हरदा त्रिकोलिया ग्राम के राम भुवन सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं उनका 9 साल का बेटा घर में रखें पटाखे को जला रहा था तभी वह उसकी चपेट में आ गया। हादसे में मासूम का चेहरा और हाथ बुरी तरह जुलूस गया चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। मासूम को झुलसा देख परिजनों में हड़कंप मच गया आनन-फानन में सभी उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर मासूम का इलाज किया जा रहा है। चिकित्सक ने बताया कि बारूद की चपेट में आने से मासूम जुलूस गया है हालत खतरे से बाहर है उसका इलाज किया जा रहा है।

## अयोध्या से पहुंचे समाजसेवी, रामगोपाल के परिजनों को दी 2 लाख की मदद

- महाराजगंज हिंसा में गई थी रामगोपाल की जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



महसी तहसील के महाराजगंज बाजार में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच हुए विवाद में मारे गए राम गोपाल मिश्रा के परिवार को लगातार सहायता मिल रही है। इसी कड़ी में अयोध्या जिले के समाजसेवी हरिओम तिवारी ने अपने प्रतिनिधि लाल तिवारी के माध्यम से मृतक के परिवार को 2 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की।

हरिओम तिवारी की ओर से मृतक के वृद्ध पिता कैलाश नाथ मिश्रा उर्फ पुतई को एक लाख रुपए का चेक और मृतक की पत्नी रोली मिश्रा को एक लाख रुपए का चेक सौपा गया। यह आर्थिक सहायता मृतक के परिवार को संकट की घड़ी में राहत प्रदान करने के उद्देश्य दी गई है। घटना के बाद सरकार और अन्य संगठन द्वारा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जा रही है समाजसेवी संगठनों और स्थानीय लोगों की ओर से मदद का सिलसिला जारी है। इस मौके पर चंदन त्रिपाठी, विशाल शुक्ला, श्री प्रकाश शुक्ला, पारस पांडे, शिवकुमार पांडे, पूर्व प्रधान माधवदीन मिश्रा समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में रामगोपाल मिश्रा को गोली मार दी गई थी जिसके बाद इलाके में हिंसा भड़क उठी थी। घटना के बाद से प्रशासन और समाजसेवी परिवार की मदद के लिए सक्रिय है स्थानीय लोगों और संगठनों ने परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मृतक परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

# यमराज के घर तक पहुंचाने का काम करता है फिनिक्स हॉस्पिटल

- ब्रेन हेमरेज का इलाज करते हैं बीयूएमएस डॉक्टर इरशाद
- विवाद और फिनिक्स चोली-दामन का है साथ
- जांच करवाइए सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं इस अस्पताल में








**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के दामन में ऐसे अस्पताल दाग लगाने का काम कर रहे हैं एक तरफ स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर हो उसके लिए स्वास्थ्य मंत्री धरातल पर मेहनत करते हैं और जिले की बागडोर संभालने वाले जिम्मेदार उनके इस मेहनत पर पानी फेरने का काम करवाते हैं धन की लक्ष्मी के आगे जिले के जिम्मेदार सरकार और उसके द्वारा कराई जा रहे अच्छे कार्यों की निंदा करवाने का काम करते हैं क्योंकि अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाहन न करना सरकार की छवि को बर्बाद करने जैसा काम है। रायबरेली के कुछ प्राइवेट हॉस्पिटल पर जिले में बैठे स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी इस कदर मेहरबान हो चुके हैं कि इंसान की जान की कीमत जरा सा भी नहीं समझी जा रही है ताजा मामला रायबरेली के इंदिरा नगर चौकी क्षेत्र के फिनिक्स हॉस्पिटल का प्रकाश में आया है महाराजगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले मृतक के बड़े भाई रामकिशोर साहू ने तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल में एडमिट कराया था जहां मरीज को एम्स के लिए रेफर कर दिया गया था।

**मौत के मुंह तक धकेलने का काम करते हैं प्राइवेट एंबुलेंस चालक:** जिले में प्राइवेट एंबुलेंस चालकों और अस्पतालों की सेटिंग गेटिंग के खेल के तहत उसको फिनिक्स हॉस्पिटल पहुंचाया जाता है और फिर शुरू हुआ मरीज के परिजनों से खून चूसने का खेल मृतक के परिजनों की बात की जाए तो उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अस्पताल संचालक पर आरोप लगाते हुए साफ तौर पर बताया कि पहले तो हम लोगों को बाहर कर दिया गया और उसके बाद मृतक को ऑक्सीजन लगा दिया गया जबकि उसकी मृत्यु सुबह 8:00 बजे ही हो चुकी थी लेकिन पैसा जमा करने के चक्कर में मृतक को ऑक्सीजन लगाए रहे विरोध करने पर मरीज को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक मरीज दम तोड़ चुका था।

**अक्सर सवालों के घेरे में रहता है फिनिक्स हॉस्पिटल:** सवालों के घेरे में घिरने के बाद फिनिक्स हॉस्पिटल की सेटिंग गेटिंग इतनी जोरदार है कि इस पर आज तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने संज्ञान में आने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई मामले को दबाने में मोटी रकम लेकर मामले को जरूर दबा दिया गया फिनिक्स हॉस्पिटल के डॉक्टर का कहना है कि परिजनों के द्वारा लगाए गए आरोप बे बुनियाद हैं हालांकि पूरा मामला स्वास्थ्य विभाग के लिए जांच का विषय है अब देखना यह होगा की खबर प्रकाशित होने के बाद जिले में बैठे आला अधिकारी इस पर क्या कार्यवाही करते हैं।

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है मामले को पता करवाता हूं उसके बाद अगर मामला सही पाया जाता है तो कठोरतम कार्रवाई की जाएगी, सरकार की छवि को कोई भी धूमिल नहीं कर सकता है।
>
> -नवीन चंद्रा (सीएमओ रायबरेली)

## डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की फरियादें



- समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण: डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ हरचन्दपुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिश तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए।

## खबरें एक नजर में

### मधुमक्खियां के हमले से किशोर सहित तीन घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कन्नावा गांव में खेतों में काम कर रहा किसान मधुमक्खियों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि अपने जानवरों के हरे चारे के खेत में काम कर रहे किसान गणेश कुमार पुत्र माता प्रसाद उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कन्नावा के ऊपर मधुमक्खियां तब हमलावर हो गई जब वह खेत कि सिंचाई कर रहे थे, अपने आप को मधुमक्खियों से बचाने के चक्कर में वह गांव की तरफ भागे तभी उनको बचाने के चक्कर में एक किशोर अजीत कुमार पुत्र सतीश कुमार उम्र 8 वर्ष निवासी ग्राम कन्नावा एवं सतीश कुमार पुत्र शिव शंकर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कन्नावा के ऊपर भी मधुमक्खियां हमलावर हो गई, तीनों को इलाज के लिए निजी वाहन से सीएचसी बछरावां पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सक डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने तीनों की हालत को ठीक-ठाक देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात उन्हें घर भेज दिया है।

### सूरत साईं की याद में वस्त्र वितरण एवं भंडारा आयोजित

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के समरहदा ग्राम सभा निवासी रामसूरत सिंह एक समर्पित साईं भक्त हुए और गाँव में ही एक कूटी का निर्माण कर तपस्या में लीन हो गए बताते हैं कि इस तिथि पर उन्होंने ही भंडारा प्रारंभ किया था जो जीवन परयंत्र चलता रहा उन्होंने क्षेत्र कई शिष्य बनाये तथा योग्यता पर खरा देख कर जागेश्वर साईं को गद्दी सौंपकर देवलोक चले गए उस समय बच्चे छोटे थे किन्तु भंडारे का कार्य अनवरत चलता रहा बाद में राम सूरत साईं के पुत्र विजय कुमार सिंह ने एक संस्था बनाई और सहयोगी के तौर पर राज बख्श सिंह को चुना तथा सूरत साईं बाबा सेवा समिति के बैनर तले क्षेत्र की गरीब एवं विधवा महिलाओं को तथा निशक्त जनों एवं वृद्धों को इस अवसर पर साड़ी, सूट, लोई, और अंगौछों का वितरण सुनिश्चित किया विशेष बात यह है कि जहां एक ओर राजनेता अपने लाभ यानी वोट लोगों को कंबल आदि बांटने दिखावा करते नजर आते हैं वहीं विजय कुमार सिंह सोनू इस उपक्रम को बगैर किसी के सहयोग के समाज सेवा की मंसा को मूर्तरूप देने का प्रयास करते नजर आते हैं आज के इस वस्त्र वितरण कार्यक्रम में जहाँ हजारों की संख्या में ग्रामीण जुटे बुजुर्ग देवनारायण तिवारी को प्राथमिकता के तौर पर विजय कुमार सिंह सोनू व राज बख्श सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं समाज के प्रबुद्ध वर्ग में रामलखन मिश्रा को भी साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद ग्राम प्रधान घुराडीह दिनेश सिंह और ग्राम प्रधान दुसौंती राजेन्द्र सिंह छोटे के कर कमलों द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को वस्त्र वितरण किया गया इस संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन कविराज -शिवकुमार सिंह शिव ने किया।

### एसजेएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने की सैर



**महराजगंज, रायबरेली।** एसजेएस पब्लिक स्कूल महाराजगंज में सैर सपाटा (पिकनिक) का आयोजन बच्चों ने भरपूर उठाया आनंद एसजेएस महराजगंज में नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए सैर सपाटे का आयोजन किया गया जिसके लिए विद्यार्थियों को विद्यालय परिवहन से लखनऊ स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क ले जाया गया पार्क के सुरम्य वातावरण पेड़ पौधों उडी शो जुरासिक पार्क व विभिन्न प्रकार के झूलों में झूल कर सभी विद्यार्थी प्रमुदित उल्लासित व प्रफुल्लित नजर आए। विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह ने बताया कि पिकनिक वह समय होता है जो बच्चों की स्मृतियों में हमेशा ताजा रहता है वही विद्यालय की सह प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने पिकनिक का उद्देश्य शैक्षणिक दिनचर्या से ब्रेक प्रदान करना और बच्चों के बीच सामाजिक संपर्क को बढ़ाना भी बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मृदुला श्रीवास्तव ने बताया कि पिकनिक हमारी जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक होता है।

### विद्यालय में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



**महराजगंज, रायबरेली।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन। महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महराजगंज में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का उद्घाटन महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर प्रजेश कुमार श्रीवास्तव कालेज प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने फीता काटकर दीप प्रज्वलन के साथ किया। उपस्थित कुशल डॉक्टर अनुज सिंह फिजिशियन डॉ सुरेश कुमार सिंह डॉ समीन खान डॉ मधु अवस्थी डॉक्टर एकता सिंह कॉलेज के कुशल दांत के डॉक्टर राजकुमार आंख रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जाहिद ने बच्चों का बृहद स्वास्थ्य परीक्षण किया कॉलेज के फिजिकल टीचर दिलीप एवं अध्यापकों ने बच्चों की लंबाई तथा वजन की माप की फार्मासिस्ट अबरार अहमद स्टाफ नर्स महिमा श्रीवास्तव ने बच्चों को आवश्यक दवाइयां दी प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बच्चों की पढ़ाई के साथ स्वस्थ भी ठीक रहे इसलिए स्वास्थ्य कैंप को बहुत उपयोगी बताया । प्रधानाचार्य ने सभी डॉक्टरों को बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपयोगी जानकारी देने हेतु धन्यवाद दिया सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया सभी अध्यापकों ने अपना योगदान दिया पीआरओ राजीव मिश्रा द्वारा तथा सौरभ श्रीवास्तव ने डॉक्टर की टीम तथा बच्चों के साथ उपस्थित रहकर मेडिकल कैंप को सुचारू रूप से संपन्न कराने में अपना अमूल्य योगदान दिया।

### दस वर्षों से नहीं हुई सड़क की मरम्मत



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** सादुल्लानगर क्षेत्र के रहमतपुर चौराहे से तिन्नहवा घाट जाने वाली सड़क धंस एवं उजड़ कर जर्जर हो गई है। उजड़ी गिट्टियों पर चलना राहगीरों के लिए खतरे से खाली नहीं है। बाइक एवं साइकिल सवार के साथ पैदल राहगीर आए दिन गिट्टियों में धंस कर चोटिल होते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों से कई बार सड़क मरम्मत करने की गुहार लगाई। बावजूद कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिस कारण क्षेत्र वासियों को इस मार्ग पर आवागमन करने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत रहमतपुर चौराहा से बिसुही नदी पर स्थित तिन्नहवा घाट जाने वाली सड़क धंस उजड़ कर जर्जर अवस्था में पहुंच गई है।ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।राम अवध शर्मा, अरविंद तिवारी, बजरंगी गुप्ता, राम मूरत प्रजापति,पुरुषोत्तम निषाद, राम अवध शर्मा, कृष्णा यादव, लाल जी बाबा आदि ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक दशक पूर्व विसुही नदी के तिन्नहवा घाट गोंडा -बलरामपुर सरहद पर पुल निर्माण हुआ था। पुल तक पहुंचने के लिए रहमतपुर चौराहे से तिन्नहवाघाट तक सड़क का निर्माण कराया गया था। एक दशक से सड़क की मरम्मत न होने के कारण जर्जर होकर छतिग्रस्त हो गई है। जिससे इस मार्ग से अवागन करने वाले ग्रामीण व राहगीरों को हर दिन चोटिल होते रहते हैं।ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सड़क मरम्मत करने की मांग की है।उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार बताया कि जाँच कर समबंधित विभाग को रिपेयरिंग के लिए पत्र लिखा जाएगा।

# खड़ी ट्रॉली से बोलेरो की भिड़ंत में तीन की मौत, नौ गंभीर रूप से घायल

**भीषण सड़क हादसा**

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**








बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई ग्राम सभा के समीप सुल्तानपुर गांव के पास एक अनियंत्रित बोलेरो सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टकराने के बाद अनियंत्रित बोलेरो सड़क के किनारे तालाब में जा गिरी। इस भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है वही इसके साथ ही साथ नौ लोग गंभीर रूप से घायल लोग हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस में घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल घायलों को जिला अस्पताल किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम लगभग छह बजे सुल्तानपुर गांव के पास एक अनियंत्रित बोलेरो सड़क पर खड़ी धान से लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इस हादसे में घायलों की चीख पुकार से क्षेत्र के सैकड़ो लोग इकठ्ठा हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया । हादसे में घायल अशोक कुमार पुत्र गुरु प्रसाद उम्र लगभग 37 वर्ष निवासी बल्दी खेड़ा, अखंड प्रताप पुत्र रमेश कुमार उम्र लगभग 11 वर्ष निवासी डीह, रिंसू पुत्र राजेंद्र उम्र लगभग 15 वर्ष वर्ष निवासी हरिवंश खेड़ा थाना हरचंदपुर, आनंद कुमार पुत्र रमेश कुमार उम्र लगभग 15 निवासी महराजगंज, प्रिंश पुत्र अशोक उम्र लगभग 8 वर्ष निवासी बल्दीखेड़ा, उर्मिला पत्नी अशोक उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी बल्दीखेड़ा, रामलली पत्नी धुन्नीलाल लाल उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी शीतलखेड़ा, अवधेश पुत्र रामसेवक उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ठकुराइन खेड़ा, रिंशु पुत्र राजाराम उम्र 15 वर्ष निवासी डीह गंभीर रूप से घायल हो गए। वही हादसे में धुन्नी सिंह पुत्र हरवादीन उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी शीतल खेड़ा, निर्मला पत्नी रामसेवक उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी ऊसर का पुरवा , रमेश पुत्र राम प्रसाद उम्र 48 वर्ष डीह निवासी थाना महाराजगंज में घटना स्थल पर दम तोड़ दिया है। मृतकों के अलावा अन्य घायलों को उच्च इलाज के लिए जिला अस्पताल व ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

- जूनियर विंग व सीनियर विंग के विद्यार्थियों को बाटें गए पुरस्कार

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित प्रतिष्ठित संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज में जूनियर विंग व सीनियर विंग के बच्चों को खेल कूद प्रतियोगिताओं के समापन पर बाटे गए पुरस्कार। कार्यक्रम में छात्र -छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कबड्ड्डी ब्वॉयज जूनियर विंग विनर राधाकृष्णन हाउस रनर सुभाष हाउस, कबड्डी गर्ल्स विनर आजाद हाउस रनर राधाकृष्णन हाउस, खो-खो ब्वॉयज जूनियर विनर आजाद हाउस रनर राधाकृष्णन हाउस, खो खो जूनियर गर्ल्स विनर सुभाष हाउस रनर राधाकृष्णन हाउस, खो-खो सीनियर ब्वॉयज विनर आजाद हाउस रनर राधाकृष्णन हाउस, खोखो गर्ल्स सीनियर विनर विवेकानन्द हाउस रनर सुभाष हाउस, टग ऑफ वार सीनियर ब्वॉयज विनर सुभाष हाउस रनर विवेकानन्द हाउस, कबड्डी ब्वॉयज सीनियर विनर विवेकानन्द हाउस रनर आजाद हाउस, कबड्डी गर्ल्स सीनियर विनर आजाद हाउस रनर विवेकानन्द हाउस। 100 मीटर जूनियर ब्वॉयज राधाकृष्णन हाउस, रनर विवेकानन्द हाउस, 100 मीटर गर्ल्स जूनियर विनर विवेकानंद हाउस रनर राधाकृष्णन हाउस, सीनियर ब्वॉयज विनर विवेकानंद हाउस रनर सुभाष हाउस, शॉटपुट जूनियर ब्वॉयज विनर आजाद हाउस रनर विवेकानन्द हाउस, शॉटपुट सीनियर विनर विवेकानन्द हाउस रनर सुभाष हाउस। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. शशिकांत शर्मा, एनएसपीएस सलेथू के प्रधानाचार्य राजीव सिंह, आरकेडी एनएसपीएस तेजगांव प्रधानाचार्य आई वी सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेल का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है । खेल से न सिर्फ मानसिक विकास होता है बल्कि अनुशासन के साथ शारीरिक विकास भी होता है । कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि बच्चों में उत्साह और यूनिटी देख कर प्रतीक होता है कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य को संवारने और देश को आगे ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाते है।

## जिलाधिकारी ने एनएचएआई के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

- कुंभ से पहले निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश



**रायबरेली।** महाकुंभ मेले की तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मेले से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करा ली जाएं। महाकुम्भ से पहले राजमार्ग निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने के दृष्टिगत जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ एनएचएआई के निर्माणाधीन कार्यों को देखा। इस दौरान उन्होंने दरियापुर तिराहा, मुंशीगंज, कुचरिया, बाबूगंज बाईपास सहित ऊंचाहार रेलवे ओवरब्रिज में निर्माण कार्यों को भी देखा। उन्होंने पीडी एनएचएआई को अंडरपास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यों के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन कराया जाए जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान एडीएम (न्यायिक) विशाल यादव ,एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आपस में एकजुटता होने पर बदलाव होता है: कर्नल अरविंद

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जब हम एकजुट होते हैं, तो हम बदलाव ला सकते हैं। इसलिए एकता न केवल आशा, साहस और उम्मीद देती है, बल्कि बदलाव भी लाती है। एकता प्रेरणा देती है- जब हम एक टीम के रूप में काम करते हैं, तो हम एक-दूसरे से प्रेरित होते हैं और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं।

यह बातें शनिवार को 51 वीं यू पी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल ने सिरसिया श्रावस्ती के बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में 22 नवंबर से 29 नवंबर तक चलने वाले आल इंडिया यू पी ट्रैकिंग कैम्प द्वितीय के ओपनिंग एड्रेस में कही। उन्होंने उत्तर प्रदेश, बिहार एंड झारखंड, जम्मू कश्मीर, दिल्ली आदि प्रदेशों से आये कैडेटों का स्वागत करते हुए कहा कि ट्रैकिंग कैंप का मकसद, छात्रों में आउटडोर कौशल, शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क, और प्रकृति के प्रति प्रशंसा बढ़ाना होता है. ट्रैकिंग का मतलब है, ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी और घाटी के मार्गों से पैदल यात्रा करना। साथ ही इस ट्रैकिंग कैंप के माध्यम से एनसीसी के कैडेट्स को विशेष प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल एपीएस पटवाल ने बताया कि इस कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स को महात्मा बुद्ध की कर्मभूमि और उनसे संबंधित पुरातात्विक स्थलों को देखने और समझने का अवसर मिलेगा। इसके पूर्व कैडेटों ने ट्रैकिंग का भी आनंद लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेशों से आये एन सी सी ऑफिसर, पीआई स्टाफ व कैडेट्स मौजूद रहे।

## सादुल्लानगर क्षेत्र में उर्वरक की कमी से जूझ रहे हैं किसान



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सादुल्लानगर क्षेत्र में उर्वरक की कमी से जूझ रहे हैं। किसान रबी की फसल की बुवाई प्रभावित होने से राज्य सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। विभाग के कर्मचारी। विकासखंड रेहरा बाजार की साधन सहकारी समितियां पर डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। पांच साधन सहकारी समितियां बंद पड़ी है। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उदासीन सादुल्लानगर बाजार क्षेत्र में खाद्य व्यापारियों द्वारा मनमाफिक डीएपी व यूरिया के दाम वसूले जाते हैं और किसानों का खुला शोषण किया जा रहा है। विकासखंड रेहरा बाजार में 10 साधन सहकारी समितियां हैं। परासिया, रामपुर अरना, बैरिया सुरजनपुर, अधीनपुर, मुबारकपुर पांच समितियां संचालित है। संचालित समितियां पर यूरिया उपलब्ध है। लेकिन डीएपी उपलब्ध नहीं है। अलाउद्दीनपुर, सलेमपुर, नयानगर, मनुवागढ़, कुशमौरा पांच समितियां बंद पड़ी है। बंद पड़ी समितियां को संचालित करने के लिए विभाग द्वारा लगभग एक दशक से कोई प्रयास नहीं किया गया। सुमित, पंकज, विशाल, किशन लाल, उदयभान , विष्णु, दीपचंद आदि किसानों ने बताया कि साधन सहकारी समितियां बंद पड़ी हैं। सरकार को चालू करना चाहिए। संचालित समितियो पर डीएपी उपलब्ध नहीं है। सादुल्लानगर बाजार, रामपुर अरना, रेहरा बाजार, नये नगर, मौयॉगंज, मुंडा, मददोघाट, सरायखास, नचनवा आदि बाजारों में यूरिया रु.320 में व डीएपी खाद रु.1500 में बेची जा रही है। किसान बढ़े दामों पर उर्वरक खरीदने को मजबूर हैं। कुछ किसानों ने बताया कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त उर्वरक विक्रेताओं मनमाना दाम वसूल किया जाता है। जब इस संबंध में उप जिलाधिकारी उतरौला से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।

## एसपी ने ट्रक-कार दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाकर बचाई सभी की जान



**बलरामपुर।** 22/23 नवम्बर की रात्रि पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा थानों की गश्त व्यवस्था व यातायात व्यवस्था के चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्रान्तर्गत उतरौला रोड पर राजाभरिया जंगल के पास गुजरते समय देखा गया कि ट्रक एवं कार में भीषण एक्सीडेंट में घायल सभी छह लोग वाहन में फंसे हैं और कराह रहें हैं, पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल दुर्घटना ग्रस्त कार में घायल कुल 6 लोग (जिनमें 2 महिला, 2 पुरुष व 2 बच्चे) को निकालकर मौके पर पीआरबी व एम्बुलेंस को बुलाकर उपचार हेतु अस्पताल भेजकर सभी की जान बचाई गई। परिजनों के आने तक घायलों के उचित उपचार हेतु पुलिस बल को इस निर्देश के साथ नियुक्त किया गया कि स्वास्थ्य टीम से बेहतर समन्वय स्थापित कर घायलों के उचित उपचार का पूर्ण प्रबन्ध कराएं एवं कोहरा के दृष्टिगत दोनों दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु रुप से संचालित कराया गया। ताकि कहीं रात्रि में घने कोहरे के कारण इन वाहनों से टकराकर अन्य वाहन दुर्घटना ग्रस्त न हो जाएं।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

- विधायक रामप्रताप वर्मा ने दी सभी को जीत की बधाई

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



महाराष्ट्र में भाजपा को मिली शानदार और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्सव मनाया। पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने विधायक रामप्रताप वर्मा को लड्डू खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और इस ऐतिहासिक जीत को साझा किया।

विधायक रामप्रताप वर्मा ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों का परिणाम है। भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है, और उनकी मेहनत ने यह सफलता दिलाई है। यह जीत जनता के विश्वास का प्रमाण है, और हम आगामी चुनावों में भी उसी विश्वास को कायम रखेंगे। भजपा के नगर अध्यक्ष सी बी माथुर ने कहा, यह जीत भाजपा की नीतियों और जनता के अपार समर्थन का नतीजा है। हम आगे भी जनता की सेवा के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगे। इस जीत से साबित हुआ है कि जनता का भरोसा पार्टी पर बना हुआ है। कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत को उत्सव के रूप में मनाया। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला की अध्यक्ष सविता गुप्ता के आवास पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। इस कार्यक्रम की अगुवाई चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने की, जहां कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस मौके पर अनूप चंद्र गुप्ता ने कहा, यह जीत भाजपा की नीति, नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल, नगर अध्यक्ष सी बी माथुर, फणींद्र गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, अंकुर गुप्ता, विकास गुप्ता, अपूर्व राज चौहान, रोहित गुप्ता सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पार्टी की मजबूत रणनीति को इस जीत का श्रेय दिया। यह जीत भाजपा के लिए उत्साहजनक है और आगामी चुनावों के लिए पार्टी की मजबूती का संकेत देती है।

## दिल्ली में जहरीली होती प्राणवायु

राजधानी दिल्ली व एनसीआर में अनियंत्रित वायु प्रदूषण को लेकर देश की शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार व पुलिस को फिर फटकार लगायी है। कोर्ट ने नाराजगी जतायी कि वायु गुणवत्ता की बेहद गंभीर स्थिति होने पर सुधार हेतु ग्रैप-4 लागू करने में कोताही बरती जा रही है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार व पुलिस को आड़े हाथों लिया कि क्यों रोक के बावजूद दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश जारी है। कोर्ट ने दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश की निगरानी को तेरह वकीलों को नियुक्त किया, जो सोमवार को अपनी रिपोर्ट देंगे। कोर्ट ने दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हरियाणा व उत्तर प्रदेश सरकारों को सख्ती से ग्रैप-4 की व्यवस्था लागू करने को कहा। अदालत का कहना था कि सभी राज्यों का दायित्व है कि नागरिकों को प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए। दरअसल, न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ग्रैप-4 व्यवस्था लागू करने की खामियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बात पर विश्वास नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। अदालत ने केंद्र सरकार से दिल्ली में प्रवेश के 113 रास्तों पर निगरानी के लिये पुलिस कर्मियों की तैनाती को कहा, इनमें प्रवेश के तेरह मार्ग ट्रकों के लिये हैं। दरअसल, अदालत ने दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले राज्य हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश सरकारों को 18 नवंबर को निर्देश दिया था कि ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधों के क्रियान्वयन के लिये तुरंत टीम गठित की जाए। लेकिन कोर्ट ने सख्ती से पाबंदियां लागू न किये जाने पर नाराजगी जतायी। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के गंभीर से अधिक के स्तर पर पहुंचने पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-4 लागू किया गया था। जिसके अंतर्गत ट्रकों व भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश व सार्वजनिक निर्माण पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी। प्रश्न है कि क्यों हमारी सरकार जन-स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में तब तक सोयी रहती है, जब तक कि पानी सिर के ऊपर से न गुजरने लगे। क्यों हर साल शीर्ष अदालत को सरकार, पुलिस व पर्यावरण संरक्षण हेतु बनी संस्थाओं को नींद से जगाना पड़ता है? क्यों अदालत पहले आदेश दे और फिर उसके क्रियान्वयन की निगरानी करे? क्यों सरकारें आग लगने पर कुंआ खोदने की फितरत से बाज नहीं आती। अदालत ने कहा कि हर नागरिक को स्वच्छ हवा देना सरकारों का दायित्व है तो क्या सरकारें जिम्मेदारी निभा रही हैं? सर्दी की दस्तक देते ही हर साल अक्तूबर-नवंबर में प्रदूषण संकट पैदा होता है, फिर भी सारे साल प्रदूषण को काबू करने के उपाय क्यों नहीं किए जाते? क्यों प्रदूषण संकट गंभीर स्थिति में पहुंचने के बाद सरकारें हाथ-पैर मारना शुरू करती हैं? कल्पना कीजिए श्वसनतंत्र व दमा जैसे रोगों से ग्रस्त लोग इस भयावह प्रदूषण संकट से कैसे जूझ रहे होंगे? विडंबना ही कि हम अपनी भावी पीढ़ियों के लिए कैसे परिवेश-पर्यावरण छोड़ेंगे। सवाल हवा का ही नहीं, पानी पर भी बड़ा संकट है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने नासा व जर्मनी के उपग्रहों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर चिंता बढ़ाने वाला खुलासा किया कि वर्ष 2014 के बाद से स्वच्छ जल के स्तर पर अप्रत्याशित गिरावट देखी गई है। निश्चित रूप से इस स्थिति के लिये हम सब सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। पानी के अंधाधुंध उपयोग, वन क्षेत्रफल का संकुचन और इंसान की अंतहीन लिप्साओं व वाहनों के दबाव ने धरती का जैसे तापमान बढ़ाया है, उसने पानी की वाष्पन की गति तेज कर दी है। साथ ही ग्लोबल वार्मिंग के चलते बारिश के पैटर्न में भी तीव्र बदलाव आया है।

# लोकतंत्र पर बढ़ता तकनीकी साम्राज्यवाद का खतरा

**जगदीश रत्ननानी**




**ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने आदेश दिया था कि अगर प्लेटफॉर्म ब्राजील में कंपनी का कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त नहीं करता है तो दुष्प्रचार में शामिल खातों को ब्लॉक कर दिया जाएगा और 24 घंटे के भीतर बकाया दैनिक जुर्माने का निपटान नहीं करता है तो एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। एक्स और मस्क ने आदेशों पर ध्यान नहीं दिया और न्यायालय के साथ सीधे टकराव का विकल्प चुना जिसके बाद एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया। बाद में अदालती आदेश के सामने झुकने हुए 50 लाख अमरीकी डालर से अधिक के जुर्माने का भुगतान किया गया। इन घटनाओं को देखते हुए भारत को बड़ी तकनीक की शक्ति और पहुंच के प्रति सचेत होना चाहिए जो उन तरीकों को अपना सकते हैं, संप्रभु राष्ट्रों को चुनौती देते हैं।**

एक्स के मालिक एलन मस्क और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा एवं उनकी पत्नी के बीच कटु विवाद छिड़ गया है। मस्क ने अदालत के आदेशों का पालन करने से इनकार कर दिया था जिस पर ब्राजीली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने श्एक्सश् पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद मस्क ने उस न्यायाधीश को दुष्ट तानाशाह कहा। इस विवाद में नवीनतम मोड़ सासाहांत में आया जब विश्व भर के नेता जी-20 के 2024 शिखर सम्मेलन के लिए रियो डी जेनेरो में मिलने की तैयारी कर रहे थे।

पिछले सासाहांत जी-20 के एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की पत्नी ने गलत व झूठी सूचना को नियंत्रित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को विनियमित करने की आवश्यकता बताई थी। बाद में उसने मस्क को चुनौती देते हुए कहा-एलन मस्क, मैं तुमसे डरती नहीं हूं। एक्स के मालिक ने राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा और उनकी वर्कर्स पार्टी के स्पष्ट संदर्भ में लिखते हुए तुरंत जवाब दिया (डा सिल्वा) अगला चुनाव हारने जा रहे हैं। इस तरह इस विवाद में मस्क और एक्स ने लोकप्रिय नेता जायर बोल्सोनारो का समर्थन कर दिया जो 2022 का चुनाव हार गए थे। हार के बाद बोल्सोनारो ने चार साल पहले अमेरिकी चुनावों के परिणामों को पलटने के ट्रम्प के प्रयासों की नकल करते हुए चुनाव इनकार का अभियान चलाया। विदेशी भूमि में केंद्र की सत्तारुढ़ वामपंथी सरकार के खिलाफ एक धुर दक्षिणपंथी राजनेता के समर्थन में मस्क एक सीधी और खुली लड़ाई लड़ रहे हैं। यह एक ऐसा मामला है जिस पर भारत में करीब से ध्यान देना चाहिए जो एक्स के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं और संभवतरू आधुनिक समय के बड़े तकनीकी साम्राज्यवाद के तौर-तरीकों को नजदीक से देख सकेंगे। ईस्ट इंडिया कंपनी को जटिल और कुटिल हथकंडों का इस्तेमाल कर उपमहाद्वीप पर कब्जा करने और उसे लूटने में 100 साल लग गए, तो आज के तकनीकी साम्राज्यवादियों के पास उस कहानी को दोहराने की ताकत है जिसमें लोगों में फूट डालकर विभाजित करने, संस्थानों को तोड़ने और हिंसा भड़काने वाले कोड, क्लिक और क्लिप के अलावा कुछ नहीं है। ब्राजील में की जा रही दखलदांजी इस साम्राज्यवाद का एक क्लासिक उदाहरण है जो तकनीकी जार के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प की गोद में बैठे एलन मस्क द्वारा संचालित किया जा रहा है जो हमेशा की तरह लापरवाह तथा अमेरिकी चुनावों में ट्रम्प की जीत से सुर्खियों में है और अब अमेरिका में शक्तिशाली औद्योगिक-सैन्य परिसर का प्रभारी बनाया गया है। ब्राजील में इस नाटक का एक बड़ा भाग अमेरिकी चुनावों से पहले भी खेला गया था जिसमें दुष्प्रचार फैलाने के आरोपी खातों को ब्लॉक करने के बारे में ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करने से एक्स और मस्क ने इनकार कर दिया था।

ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने आदेश दिया था कि अगर प्लेटफॉर्म ब्राजील में कंपनी का कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त नहीं करता है तो दुष्प्रचार में शामिल खातों को ब्लॉक कर दिया जाएगा और 24 घंटे के भीतर बकाया दैनिक जुर्माने का निपटान नहीं करता है तो एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। एक्स और मस्क ने आदेशों पर ध्यान नहीं दिया और न्यायालय के साथ सीधे टकराव का विकल्प चुना जिसके बाद एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया। बाद में अदालती आदेश के सामने झुकने हुए 50 लाख अमरीकी डालर से अधिक के जुर्माने का भुगतान किया गया। इन घटनाओं को देखते हुए भारत को बड़ी तकनीक की शक्ति और पहुंच के प्रति सचेत होना चाहिए जो उन तरीकों को अपना सकते हैं, संप्रभु राष्ट्रों को चुनौती देते हैं और डिजिटल उपनिवेशवाद के उपकरणों के रूप में काम करते हैं। इससे लड़ना मुश्किल होगा। तकनीकी कंपनियों पर कई उदाहरणों के साथ आरोप लगाये गये हैं कि वे उपभोक्ताओं के दिमाग पर कब्जा करने, कपोल कल्पित किस्से फैलाने और असुरक्षा की भावना फैलाने जैसे काम कर रही हैं जो औपनिवेशिक नियंत्रण के किसी भी अन्य साधन की तुलना में एक त्वरित, गुप्त और पूरी तरह से नियंत्रित करने लायक माहौल बनाता है।

मस्क मुंहजोर है लेकिन उनका यह काम केवल उस मुखौटे को फाड़ने का काम करता है जो सभी तरह के उल्लंघनों के संबंध में उन कंपनियों की बदसूरत वास्तविकता को छुपाता है। प्रौद्योगिकी नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दिलाने के दावे के पीछे की हकीकत यह है कि प्रोद्योगिकी का उपयोग अल्गोस (ऐल्गरिदम) के माध्यम से लालच, भय और झूठ को बढ़ावा देते हैं, पहुंच बढ़ाने और फर्जी समाचार फैलाने के लिये समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं। यह निश्चित रूप से उत्तरार्द्ध में ऐसा करता है लेकिन पूर्वार्ध में खींचता भी है और अंत में जितना देता है उससे अधिक ले जाता है। सामान्य तौर पर, प्रौद्योगिकी कंपनियों की दुनिया में पारदर्शिता को आदर्श स्थान प्राप्त नहीं है। राइड ऐप उबेर के बारे में विचार करें जिसने पहले अपने आकर्षक प्रस्तावों के साथ बाजार पर कब्जा कर लिया और बाद में अपनी शोषणकारी नीतियों के लिए जाना जाने लगा। इस महीने की शुरुआत में हैदराबाद में कैब चालकों ने पारदर्शिता की कमी का हवाला देते हुए उबेर ऐप का बहिष्कार किया था।

उबेर उपभोक्ताओं ने कीमतों में अनुचित बढ़ोतरी की शिकायत की है। भारत के किसी भी शहर में अधिकांश उबेर सवारी नियमित टैक्सी सेवा से अधिक शुल्क लेती हैं। एक्स ने घोषणा की कि इसके प्लेटफॉर्म पर सभी सामग्री का उपयोग इसके आर्टिफिशियल इंटलिजेंस (एआई) मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा सकता है। यह घोषणा 15 नवंबर से प्रभावी हो गयी है।

पूर्व में एक्स के एआई मॉडल पर फर्जी खबरें फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट सहित अधिकांश अन्य बड़ी टेक कंपनियों को इस बात की बढ़ती जांच का सामना करना पड़ा है कि उनके एआई मॉडल उपयोगकर्ताओं के लिए पहले से न सोचा गया समाधान कैसे प्रस्तुत करते हैं। अमेजॅन अपने एकाधिकारवादी व्यवहार के कारण जांच के दायरे में आ गया है। अमेजन के संस्थापक और वाशिंगटन पोस्ट अखबार के मालिक जेफबेजोस ने अपने अखबार से इस बार अमेरिकी चुनावों में किसी भी उम्मीदवार का समर्थन नहीं करने को कहा जिसके बाद विरोध प्रदर्शन हुए और 250,000 से अधिक पाठकों ने सब्सक्रिप्शन रद्द कर दिए। अमेजॅन, वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) न केवल ई-स्टार्ट में अग्रणी है, बल्कि एक ताकत है, लेकिन एडब्लूएस पर भारत और अन्य जगहों पर स्थानीय प्रतिस्पर्धा को खत्म करने और श्रमिकों का शोषण करने का आरोप लगाया गया है। एडब्लूएस क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान करता है।

## प्रदेश में सडक़ों का सुधार व विस्तार

हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जहां सडक़ें ही परिवहन का प्रमुख माध्यम हैं। सडक़ें न केवल यातायात के लिए आवश्यक हैं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति में भी अहम भूमिका निभाती हैं। जलमार्ग और रेलवे जैसी सुविधाओं के अभाव में, सडक़ें हिमाचल के सामाजिक और आर्थिक ढांचे की रीढ़ के समान हैं। इन सडक़ों पर भारी वाहनों के साथ-साथ निजी वाहन भी चलते हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।

इस बढ़ते यातायात के कारण, विशेषकर शहरों और कस्बों के पास, ट्रैफिक जाम और यातायात बाधित होने की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्माण कार्यों के चलते संपर्क सडक़ों की स्थिति खराब हो रही है। अत- इन सडक़ों की समय पर मरम्मत और उचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। इन कार्यों को प्रभावी रूप से अंजाम देने के लिए मजदूरों और तकनीकी कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करनी चाहिए। सडक़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सडक़ पर चिह्न (सडक़ चिन्ह) और सुरक्षा उपायों को लागू करना आवश्यक है। दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटनाग्रस्त स्थानों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नई सडक़ों के निर्माण में भारी वाहनों की आवाजाही, जलवायु परिवर्तन और भौगोलिक परिस्थितियों का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान, भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश के सडक़ नेटवर्क के सुधार के लिए लगभग तीन हजार किलोमीटर सडक़ों के उन्नयन हेतु पर्याप्त धनराशि स्वीकृत की है।

इससे राज्य को कई लाभ होंगे। इसके कार्यान्वयन में ठेकेदारों को उच्च गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पालन करना चाहिए। इसके अलावा कुछ स्थानीय मजदूरों और तकनीकी विशेषज्ञों को भी इन कार्यों में शामिल करना आवश्यक है ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो सके। अभी हाल ही में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना (पीएमजीएसवाई) के चौथे चरण के तहत हिमाचल प्रदेश में 3500 किलोमीटर नई सडक़ें बनाने की मंजूरी दी है। इन नई सडक़ों के निर्माण से प्रदेश के लगभग 300 गांव सडक़ सुविधा से जुड़ सकेंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 100 से 300 की आबादी वाले गांवों को इस योजना के तहत सडक़ों की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही, केंद्र सरकार ने पीएमजीएसवाई के पहले चरण में बनीं 800 किलोमीटर सडक़ों को पक्का करने की भी मंजूरी दी है।

पीएमजीएसवाई के चौथे चरण को लेकर ग्रामीण विकास मंत्रालय की बैठक में प्रदेश को यह सौगात मिली है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि विभाग के अधिकारी ग्रामीण विकास मंत्रालय के संपर्क में थे। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों जैसे पांगी, भरमौर, लाहुल-स्पीति और किन्नौर में उन कच्ची सडक़ों को पक्का करने का काम भी बड़े पैमाने पर शुरू किया जाएगा, जोकि प्रदेश के विकास में एक नई गाथा लिखने का काम करेगा। हिमाचल प्रदेश में लगभग 2000 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क है, जिस पर भारी यातायात है। इसलिए संबंधित संस्थाओं को इन सडक़ों के रखरखाव और मरम्मत के लिए अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। प्रदेश में हर साल लगभग 15000 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। यदि इस कचरे को सडक़ों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले तारकोल में मिश्रित किया जाए, तो इससे सडक़ों की गुणवत्ता में सुधार होगा, खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। इसके अलावा, सडक़ों के निर्माण या मरम्मत के लिए बजट में उचित राशि आवंटित करनी चाहिए।

हर साल कुछ सडक़ों का भूमि पूजन होता है, लेकिन लंबे समय तक काम शुरू नहीं होता, जिससे जनता में असंतोष उत्पन्न होता है। अनुमान के अनुसार, सरकार को एकमुश्त बजट आवंटन करना चाहिए जिससे समय पर कार्य पूरा हो सके। शिमला-मटौर फोरलेन का उन्नयन कार्य एनएचएआई द्वारा किया जा रहा है। हालांकि इस परियोजना का कुछ हिस्सा पहले ही खोदा जा चुका है और निर्माण कार्य अभी कुछ हिस्सों में चल रहा है, जिससे लोगों को धूल-मिट्टी और अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

**विचार**

# परमाणु सिद्धांत को सख्त बनाना यूरोपीय सहयोगियों को लक्षित

**अंजन रॉय**

**बिना किसी सीमा के दोस्त होने के बावजूद, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस के परमाणु हथियारों के इस्तेमाल या यहां तक कि इस्तेमाल की धमकी का कोई समर्थन देने से इनकार कर दिया है। समर्थकों का गठबंधन बनाने के लिए, रूस अपने जाल को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहा है। रूसियों ने आज एकतरफा रूप से रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा की योजना की घोषणा की है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की कोई पुष्टि नहीं की गयी है। यह उल्लेख किया जा सकता है कि व्लादिमीर पुतिन किसी भी अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले सके या यहां तक कि चीन की कुछ यात्राओं को छोड़कर कोई भी विदेश यात्रा नहीं कर सके क्योंकि उनके खिलाफअंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट है।**

मानो हमला करने के लिए उन्हें किसी सिद्धांत की आवश्यकता थी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तथाकथित रूसी परमाणु सिद्धांत में संशोधन किया है। इस बदलाव के तहत रूस को परमाणु हथियारों से लैस किसी गैर-परमाणु देश पर भी हमला करने का अधिकार है, बशर्ते कि उसे परमाणु हथियारों वाले किसी देश का समर्थन प्राप्त हो। यह देखना शिक्षाप्रद है कि दो आपस में नहीं लड़ने वाले रॉक्स योद्धा - रूस और अमेरिका - इस चरम बिंदु पर कैसे पहुंचे। रूस ने तब से ही अपनी परमाणु धमकी जारी रखी थी, जब पुतिन ने यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया था।



शुरुआती दिनों में राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अधिक सतर्क भूमिका निभाई थी, लेकिन अपने अंतिम दिनों में उन्होंने यूक्रेन को अमेरिकी लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग कर गहरे हमले करने की अनुमति देकर एक बड़ा जोखिम उठाया है। जो बाइडेन को अमेरिकी अग्नि शक्ति के निर्णायक उपयोग की अनुमति देने के लिए प्रेरित किया गया था, जब यह बताया गया था कि रूस अब युद्ध के मैदान में उत्तर कोरियाई लड़ाकों को भी तैनात कर रहा है। बाइडेन द्वारा रूस में गहरे हमलों के लिए अमेरिकी हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने के तुरंत बाद, पुतिन अपने नये परमाणु सिद्धांत के साथ आगे आये। इससे यूरोप में परमाणु युद्ध और बड़ी आबादी के विनाश की आशंका बढ़ गयी है, चाहे वह वास्तविक हो या काल्पनिक। कहा जा सकता है कि यूक्रेन युद्ध अब एक नयी ऊंचाई पर पहुंच गया है क्योंकि दोनों पक्ष शत्रुता में एक गंभीर कदम के करीब हैं।

जमीन पर, यूक्रेन ने पहले ही रूस के कुछ आंतरिक क्षेत्रों तक पहुंचने वाली अमेरिकी लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग किया है। यूक्रेन नेतृत्व रूसी सैन्य प्रतिष्ठानों और गोला-बारूद डिपो पर सफल हमलों का दावा कर रहे हैं। रूस ने अपनी ओर से घोषणा की है कि यूक्रेन द्वारा दागी गयी छह लंबी दूरी की मिसाइलों में से पांच को रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने रोक लिया है और उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया है। कुछ रूसी प्रवक्ताओं ने जानकारी दी है कि रूसी सेना ने मिसाइलों की गतिविधियों का विश्लेषण किया है और निष्कर्ष निकाला है कि ये हथियार अन्य सैन्य शक्तियों द्वारा सक्रिय रूप से मदद और मार्गदर्शन के बिना रूसी अंदरूनी इलाकों तक नहीं पहुंच सकते थे। इन मिसाइलों का इस्तेमाल केवल सटीक खुफिया जानकारी और मार्गदर्शन प्रणालियों के आधार पर ही किया जा सकता है। रूस को अपने संशोधित परमाणु सिद्धांत के लिए कोई बड़ा समर्थन मिलना मुश्किल है, इसके वास्तविक उपयोग की तो बात ही छोड़िए। चीन ने बार-बार रूस के किसी गैर-परमाणु देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के खिलाफ कड़ी आलोचना की है।

बिना किसी सीमा के दोस्त होने के बावजूद, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस के परमाणु हथियारों के इस्तेमाल या यहां तक कि इस्तेमाल की धमकी का कोई समर्थन देने से इनकार कर दिया है। समर्थकों का गठबंधन बनाने के लिए, रूस अपने जाल को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहा है। रूसियों ने आज एकतरफा रूप से रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा की योजना की घोषणा की है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की कोई पुष्टि नहीं की गयी है। यह उल्लेख किया जा सकता है कि व्लादिमीर पुतिन किसी भी अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले सके या यहां तक कि चीन की कुछ यात्राओं को छोड़कर कोई भी विदेश यात्रा नहीं कर सके क्योंकि उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट है।

वे दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भी यात्रा नहीं कर सके क्योंकि जैसे ही वे भारतीय धरती पर कदम रखते, अधिकारियों का कर्तव्य बनता कि वे उन्हें गिरफ्तार कर लें क्योंकि भारत आईसीसी का हस्ताक्षरकर्ता है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पुतिन भारत की यात्रा कैसे कर सकते हैं और गिरफ्तारी से भी कैसे बच सकते हैं, यदि भारत अंतरराष्ट्रीय दायित्व का उल्लंघन नहीं करता। रूसी आक्रामकता में अचानक वृद्धि निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के अचानक निर्णय से हुई, जिसमें उन्होंने यूक्रेन को रूसी धरती पर हमला करने के लिए अमेरिकी आपूर्ति किये गये हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दी।

वास्तव में, बाइडेन के इस कदम ने आने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भी एक फ्लैश पॉइंट बनाया हो सकता है। रूस द्वारा नया सिद्धांत जारी किया गया है जो विशेष रूप से यूक्रेन के अमेरिकी और यूरोपीय सहयोगियों के लिए लक्षित है। परमाणु खतरा कोई नई बात नहीं है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से ही वह यह संदेश भेज रहे हैं। उस समय पुतिन को उम्मीद थी कि वह कुछ ही हफ्तों में यूक्रेन पर अपने आक्रमण को सफलतापूर्वक समाप्त कर लेंगे। पुतिन को निराशा हुई कि वह कोई प्रगति नहीं कर पाये और बख्तरबंद वाहनों और सैनिकों के लंबे रूसी काफिले यूक्रेनी सेना के सटीक हमलों से नष्ट हो गये।



## राशिफल

**मेष:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**सिंह :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# राष्ट्रीय अस्मिता, सभ्यता, संस्कृति का संवर्द्धन आवश्यक

**हृदयनारायण दीक्षित**



संविधान भारत का राजधर्म है। भारतीय संविधान सभा की आखिरी बैठक (26 नवंबर, 1949) में डॉक्टर आम्बेडकर के प्रस्ताव पर मतदान हुआ और संविधान पारित हो गया। संविधान ही राष्ट्र का धारक और राज्य व्यवस्था का धर्म बना। भारत में संविधान ही सर्वोत्तम सत्ता है। हम भारत के लोगों को वाक्स्वातंत्र्य और विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार संविधान से मिले। जन गण मन ने स्वाभाविक ही समता, समरसता और संपन्नता के रंगीन सपने देखे। जन गण मन का भाग्य विधाता संविधान है। नागरिक संविधान के प्रति श्रद्धालु हैं। संविधान 26 नवम्बर 1949 के दिन बनकर तैयार हुआ। कृतज्ञ राष्ट्र 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाता है। दो दिन बाद संविधान दिवस है।

संविधान ही राष्ट्र जीवन का मुख्य धारक होता है। भूमि, जन और संप्रभु शासन से ही राष्ट्र नहीं बनते। इनसे नेशन बनते हैं और नेशन व राष्ट्र में बड़ा अंतर है। राष्ट्र का आधार संस्कृति है। संविधान निर्माता सांस्कृतिक क्षमता से परिचित थे। इसलिए संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र हैं। मुख पृष्ठ पर राम और कृष्ण हैं। भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र और भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम का दिव्य चित्र। भाग तीन मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय व भाग चार में राज्य के नीति निदेशक तत्वों वाले पन्नों पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र थे। भाग 5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महावीर और भाग 7 में सम्राट अशोक। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भागीरथ द्वारा गंगा अवतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरु गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमशः गांधी जी की दांडी यात्रा व नोआखली दंगों में शांति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्द महासागर की चित्रावली आनंदित करती है।

संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ÷अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिंदी की।÷ (संविधान सभा कार्यवाही खण्ड 12, पृष्ठ 4261) चित्रमय प्रति दर्शनीय है। संस्कृति और इतिहास के छात्र संविधान की चित्रमय प्रति से प्रेरित होते हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के आखिरी भाषण (26.11.1949) में कहा, ÷संविधान किसी बात के लिए उपबंध करे या न करे, देश का कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा, जो देश पर शासन करेंगे।÷ आखिरी भाषण में डॉक्टर आम्बेडकर ने प्राचीन परंपरा की याद दिलाते हुए कहा, ÷एक समय भारत गणराज्यों से सुसज्जित था। यह बात नहीं है कि भारत पहले संसदीय प्रक्रिया से अपरिचित था।÷ डॉ0 आम्बेडकर ने राष्ट्र शब्द पर काफी जोर दिया। अमेरिकी कथा सुनाई, ÷अमेरिकी प्रोटेस्टेंट गिरिजाघर ने पूरे देश के लिए प्रार्थना प्रस्तावित की कि 'हे ईश्वर हमारे राष्ट्र को आशीर्वाद दो'। अमेरिकी जनता ने आपत्तियां दर्ज की।

अमेरिका राष्ट्र नहीं था। प्रार्थना संशोधित हुई, ÷हे ईश्वर इन संयुक्त राज्यों को आशीर्वाद दो।÷ यहाँ (भारत) जातियां हैं। राष्ट्र के रूप में होने के लिए हमें इन पर विजय प्राप्त करना है। उन्होंने कहा, ÷मेरा मस्तिष्क भविष्य चिन्ता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने में कामयाब होगा? जाति और मत मतान्तर राजनैतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत मतान्तरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र को मत मतान्तरों से ऊपर? उन्होंने आर्य आक्रमण की कथा को झूठ बताया। दुनिया के अन्य विद्वानों की तरह उन्होंने भी ऋग्वेद को आधार बनाया। उपनिषद जांचे, ब्राह्मण ग्रन्थ पढ़े, महाभारत पढ़ा। कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र' जांचा। आर्य-अनार्य और ब्राह्मण-शूद्र जैसे विभाजक शब्दों को जांचते हुए उन्होंने 'हू वर शूद्राज' (शूद्र कौन थे) लिखी। यूरोपीय विद्वान आर्यों को बाहर से आई नस्ल मानते थे। डॉ0 आम्बेडकर ने ऋग्वेद के हवाले बताया, ÷ये शब्द नस्ल के अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुए। (डॉ0 आम्बेडकर राइटिंग्स एन्ड स्पीचेज, खण्ड 7, पृष्ठ 70) फिर आर्यों के मूल स्थान के बारे में कहा, ÷भारत से बाहर आर्यों के मूल स्थान का सिद्धांत वैदिक साहित्य से मेल नहीं खाता। वेदों में गंगा, यमुना, सरस्वती के प्रति आत्मीय भाव है। कोई विदेशी इस तरह नदियों के प्रति आत्मस्नेह संबोधन नहीं कर सकता। (वही) उन्होंने दासों और आर्यों को एक ही राष्ट्र परिवार का अंग बताते हुए ऋग्वेद के एक मंत्र का हवाला दिया, इन्द्र ने अपनी शक्ति से दासों को आर्य बनाया। यहां वैदिक काल से ही एक परिपूर्ण गणव्यवस्था थी। गणेश गणपति थे। ऋग्वेद में गणानां त्वां गणपतिं आया है। मार्क्सवादी चिन्तक डॉक्टर रामविलास शर्मा ने लिखा, गण पुराना शब्द है, यह पुरानी समाज व्यवस्था का द्योतक है। गण और जन ऋग्वेद में पारिभाषिक हो गए हैं। महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र पूछा। भीष्म ने (शांति पर्व 107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान

# मंडलायुक्त ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

▸ सूरजपुर गौशाला का निरीक्षण कर देखी गौशाला की व्यवस्था





**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आज आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दृष्टिगत जनपद के प्राथमिक विद्यालय सूरजपुर, राजकीय हाई स्कूल कछेछा, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुछेछा पहुँच कर वहाँ स्थित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस मौके पर मंडलायुक्त ने प्राथमिक विद्यालय सूरजपुर, राजकीय हाईस्कूल/उच्च प्राथमिक विद्यालय कुछेछा पहुंचकर वहां बीएलओ से आज के आवेदन तथा विगत दिनों के आवेदन की संख्या के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा डोर टू डोर जाकर भी पात्र लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किया जाए। कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी बीएलओ अपने पास पर्याप्त मात्रा में आवेदन फार्म रखें तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु सही प्रक्रिया का पालन करें। इस मौके पर उन्होंने बूथों/ कक्षों में स्वयं जाकर वहां की आवश्यक न्यूनतम सुविधाओ का अवलोकन किया तथा कहा कि छोटी-मोटी कमियों को दूर कर लिया जाए। तत्पश्चात मंडलायुक्त ने सूरजपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण कर गौ पूजन किया तथा गायों को गुड़ आदि खिलाया । इस मौके पर मण्डलायुक्त ने कहा कि गौशालाओं में चारा पानी भूसा आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रखी जाए तथा गौशालाओं में ठंड से बचाव के समुचित प्रबंध रखे जाए । इस मौके पर अपर आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल, जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव , एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे ।

## सरकारी संस्थाओं में खाद न मिलने किसान महंगी खाद खरीदने को मजबूर

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र की सरकारी संस्थाओं में डी ए पी खाद न आने से किसान महंगी दर पर खाद लेकर फसल बुवाई के लिए मजबूर हो रहे है। क्षेत्र की सरकारी संस्थाओं में डी ए पी खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानो को निजी खाद विक्रेताओं से महंगी दर पर खाद खरीद कर फसल बोने को मजबूर हो रहे है। क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी किसान नतीश , डामर गांव निवासी किसान विकास यादव आदि किसानों ने बताया कि सरकारी संस्थाओं में खाद न मिलने से डी ए पी की बोरी 18 सौ रुपए प्रति बोरी बिक्री की जा रही है। जिससे किसान परेशान घूम रहे है। कुछ किसानो ने बताया की 19 सौ रुपए में डी ए पी खाद विक्रेताओं द्वारा बिक्री की जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियो द्वारा औचक निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। जिससे निजी खाद विक्रेता मनमानी दाम पर किसानो को खाद की बिक्री कर रहे है। साधन सहकारी समिति कुरारा देहात, व पतारा खाद उपलब्ध है।

# सामूहिक विवाह: 27 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

▸ दो मुस्लिम जोड़ें ने कुबूल कुकूल के साथ थामा एक-दूजे का हाथ




**पनवाड़ी/ महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड पनवाड़ी के ब्लॉक सभागार में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 29 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ था ।जिसमें 27 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने दूल्हा और दुल्हन को आशीर्वाद देते हुए उनकी सुखमय जीवन की कामनाएं की ,शादी का प्रमाण पत्र भी सौंपा इस सामूहिक विवाह में पनवाड़ी विकासखंड के 25 जोड़ों का हिंदू रीति के अनुसार पंडित दीपक ब्यास सोनू पाठक व काज़ी अब्दुल हकीम ने 2मुस्लिम जोड़े का निकाह पड़ा कर विवाह संपन्न कराकर उनकी विदाई की गई। पनवाड़ी विकासखंड के ब्लॉक सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी , डॉ मुरली मनोहर श्री प्रकाश मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा, अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि बबलू रावत, नीरज द्विवेदी,बुडेरा प्रधान प्रतिनिधि मुरलीधर श्रीवास, राजू राजपूत भरवारा प्रधान प्रतिनिधि,। श्री प्रकाश अनुरागी खंड विकास अधिकारी संतराम ,एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी ,सचिव , रामआसरे यादव,सैफ खान धर्मवीर अभिषेक चौरसिया, सचिव गणेश शंकर गुप्ता आदि ब्लॉक कार्यालय के स्टाफ सहित मौजूद रहा, कार्यक्रम का संचालन विनोद बाबू ने किया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी देते हुए ,बताया कि इस योजना से शासन द्वारा गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की पुत्री की शादी में 35000 रुपए , दस हजार रुपए समान 6000 अन्य खर्चा में किए जाते हैं।

## खबरें एक नजर में

### सड़ा-गला शव मिलने दहशत फैली

**राठ।** कस्बे के गोहानी गांव की विरमा नदी में एक महिला का सड़ा गला शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया है। शव की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। शनिवार को गोहानी गांव से निकली विरमा नदी किनारे करीब 35 वर्षीय एक महिला का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने जब महिला का शव पानी में उतराता देखा तो हड़कंप मच गया। तुरंत पुलिस को सूचना दी। क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश पांडेय ने बताया कि किसी ने महिला को जल प्रवाह किया है। उसके शरीर में एक बड़ा सा पत्थर बंधा था। शव पांच माह पुराना लग रहा है। महिला के पैर भी गल चुके हैं।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत

**राठ।** शुक्रवार की रात बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर दो ट्रकों की आमने सामने भीषण भिड़ंत होने पर एक ट्रक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरे ट्रक के चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया है। घायलों को इलाज के लिए भेज दिया है। शुक्रवार की करीब साढ़े दस बजे बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे पर सिंहरावन मोड़ ओवरब्रिज जरिया के पास दो ट्रकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रक चालक मो. शाकिब निवासी मुबारकपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज व खलासी मोहम्मद उमर पुत्र असलम निवासी बमरोली शेखपुर थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरे ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि शव को सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया है। अभी उसके स्वजन नहीं आए हैं।

### विद्यालय के बाथरूम में छात्रा मिली बेहोश, हड़कंप

**राठ।** कस्बे के एक विद्यालय में कक्षा छठवीं की छात्रा बाथरूम के पास बेहोशी हालत में मिलने से हड़कंप मच गया है। स्वजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। कोतवाली के रौरौ गांव निवासी पुष्पेन्द्र राजपूत ने बताया कि वह खेती किसानी करता है। उसकी एक पुत्री 11 श्रद्धा व सात वर्षीय पुत्र आदर्श है। बताया कि उसकी पुत्री श्रद्धा बचपन से ही अपने नाना नानी के यहां राठ कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में रहती हैं। वह राठ में ही एक विद्यालय में कक्षा छठवीं की छात्रा है। बताया कि शनिवार को उसकी पुत्री विद्यालय गई थी। शनिवार को उसकी नानी घर की चाबी देने स्कूल गई तो श्रद्धा क्लास में न होने पर उसकी खोजबीन की। देखा की छात्रा बाथरूम के पास बेहोशी हालत में पड़ी थी। स्वजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छात्रा के बयान दर्ज किए। छात्रा ने बताया कि वह बाथरूम के लिए जा रही थी। तभी वह बेहोश होकर गिर गई।

### थाना दिवस का हुआ आयोजन

**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय थाना परिसर में थाना दिवस काआयोजन किया गया। जिसमे दो शिकायती पत्र दर्ज किए गए। राजस्व लेखपाल को मौके पर जाकर निस्तारण करने को कहा गया। थाना दिवस में जमीन विवाद से संबंधित दो शिकायती पत्र दर्ज किए गए। जनपद जालौन के कदौरा कस्बा निवासी परवीन बेगम पत्नी जफर खां ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि खेत में खरीफ फसल काटने के विवाद चल रहा है ।टोडरपुर गांव में खेत है। पड़ुई गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र स्वामी दीन ने प्लाट में कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### ज्वार खरीद को खाद्य एवं रसद विभाग ने दो केंद्र स्थापित किए

**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समित के ज्वार खरीद के खाद्य एवम रसद विभाग द्वारा दो केंद्र स्थापित किए गए है। जिनमे ज्वार की तौल की जा रही है। बोरी रखने की जगह न होने के कारण व ज्वार की उठान न होने के कारण आज तौल बंद रही। जिससे किसान परेशान घूम रहा है। कृषि उत्पादन मंडी समिति में संचालित ज्वार खरीद केंद्र में बोरी रखने की जगह न होने के कारण व खरीद किया गया ज्वार की बोरी की उठान न होने के कारण आज ज्वार की तौल नही हो सकी केंद्र प्रभारी मोबीन अहमद ने बताया कि अभी तक तेईस सौ कुंतल ज्वार की खरीद की है। आज बोरियो को सेट किया जा रहा था जिससे तौल नहींहुई। कल से ट्रक आने पर उठान होगी। दूसरे केंद्र के प्रभारी सुनील कुमार अवकाश पर थे ।उन्होंने बताया कि दो हजार कुंतल ज्वार खरीद हो चुकी है।

### दो दिन में किशोर का सुराग नहीं



**मौदहा हमीरपुर।** मोहल्ले के निकट से किशोर रहस्यमय तरीक़े से गायब हो गया, पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला सूफी नगर इलाहीतालाब निवासी शहाबुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पुत्र सम्शुददीन बीते 22नवम्बर को घर से निकला था जिसे लोगों ने मोहल्ले के निकट जीओ कार्यालय के आसपास देखा था उसके बाद से उसका कहीं सुराग नहीं लगा है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** शादी के एक साल के भीतर ही ससुरालियों पर सोने की जंजीर और फोर व्हीलर गाड़ी मांगने को लेकर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है जिसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला रागौल निवासी नौरीन बानो पुत्री अब्दुल जाहिद ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी बीते साल नवंबर में लखनऊ निवासी आसिफ इकबाल पुत्र इकबाल अहमद के साथ हुई थी जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज़ और जेवरात देकर विदा किया था लेकिन शादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा फोर व्हीलर और सोने की जंजीर सहित अन्य मांग कर उसका उत्पीड़ित करने लगे।

# आंगनबाड़ी एवं सहायकों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका संगठन की जिला अध्यक्ष आसमीन खातून प्रदेश प्रवक्ता सहित तीन दर्जन आंगनवाड़ी व सहायिकाओं ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर डॉ बृजभूषण राजपूत विधायक चरखारी को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा ज्ञापन में उल्लेख किया कि एजुकेटर भर्ती को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए क्योंकि एजुकेटर का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वयं पूर्व से ही किया जा रहा है तथा एजुकेटर भर्ती रद्द कराने एवं लंबित मांगों को पूरा करने के लिए संबंध में अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए जब तक संभव नहीं है एजुकेटर के मानदेय से अधिक रुपया 18000 एवं सहायिकाओं को रु. 9000 प्रति माह मानदेय देने की साथ पी एफ एवं ईएस आई की सुविधा प्रदान की जाए। भारत सरकार के पोषण दो में मिनी कार्यकत्रियों बराबर पद अपग्रेड करके सामान कर दिया जाए। इसलिए सामान्य कार्यकत्रियों के बराबर मानदेय एवं अन्य सुविधाएं दी जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के 62 वर्ष आयु सेवा उपरांत सेवा निवृत्त पर एक मुश्त फंड 10 लाख रुपए की धनराशि देने के साथ आजीवन पेंशन देने की व्यवस्था की जाए । आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को योग्यता एवं वरीता के आधार पर सतत् प्रतिशत मुख्य सेविका के पद पर प्रमोशन किया जाए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष जैतपुर चंद्रप्रभा राजपूत रुमा यादव शिवकली मनोरमा, सुमन रेखा चांदी सुख देवी, रामश्री कोषाध्यक्ष जैतपुर पांन कुंवर राजकुमारी आदि बहने उपस्थित रहीं।

# असेंट पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के जहानाबाद रोड पर स्थित असेंट पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी तथा विज्ञान प्रदर्शनी (टेक्नोलॉजी सिम्पोजियम) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करने के साथ ही उनकी वैज्ञानिक रुचि को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के चेयरमैन श्री रमेश वर्मा, सचिव श्री संदीप वर्मा तथा प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती आरती वर्मा के द्वारा ज्ञान की आराध्य देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान, शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति के बारे में अवगत कराया और छात्रों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विज्ञान प्रदर्शनी रही, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अद्भुत प्रदर्शन किया। छात्रों ने अपने मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार को उजागर किया। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और रोबोटिक्स जैसे विषयों पर आधारित मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से, छात्रों द्वारा तैयार किये गए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट व ऋतिम हीमो डायलिसिस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने छात्रों की मेहनत और रचनात्मकता की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, बल्कि उनके करियर निर्माण में भी सहायक सिद्ध होती हैं। अभिभावकों ने छात्रों के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह की गतिविधियां भविष्य में भी छात्रों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव श्री संदीप वर्मा ने बताया की असेंट पब्लिक स्कूल हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों की रचनात्मकता, नेतृत्व कौशल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में मददगार होते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या दिव्या बाजपेयी के धन्यवाद संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और अभिभावकों का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय एडमिन शिवम श्रीवास्तव तथा विज्ञान शिक्षक मनीष बघेल, जीतेन्द्र सचान, संचित शुक्ला, सूरज चौरसिया व आर्ट/क्राफ्ट शिक्षक अनिल शर्मा की देखरेख में सम्पन्न कराया गया।

## पंचायती राज विभाग की अनदेखी के कारण सालट गांव में लगा गंदगी का अंबार

**महोबा।** चरखारी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालट में गांव की सड़कों पर कीचड़ तथा गंदगी का अंबार देखने को मिला है जिससे लोगों के आने-जाने में बड़ी ही दिक्कत पैदा हो रही है, तथा कीचड़ युक्त सड़कों पर तमाम प्रकार की वायरस दिन में मच्छर कॉकरोच आदि अपना डेरा जमाए हुए हैं, गांव वालों का कहना है कि गांव में जो सफाई कर्मी है वह महीनों गांव आता ही नहीं, यदि लोग जनसुनवाई आदि पोर्टलों पर शिकायत दर्ज कराते भी हैं तो संबंधित विभागीय अधिकारी पैसे लेकर अपनी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव बना देता है जिसकी कोई सुनवाई भी नहीं होती है, जिसके कारण सफाई कर्मी के दिमाग आसमान छू रहे हैं, गांव में सड़कें इतनी कीचड़ युक्त हो चुकी हैं, की कीचड़ ही कीचड़ दिखाई देता है तथा आरसीसी रोड का पता ही नहीं चलता। तथा सफाई कर्मी महीनो लापता रहता है। रजिस्टर अपने घर ले जाकर साइन कर लेता है।

# परिणय सूत्र में बंधे 180 जोड़ें

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन के तहत 180 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जनपद के चारों ब्लॉकों में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता कर नवविवाहित जोड़ों को दांपत्य जीवन में प्रवेश करने पर सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया है। तो वहीं नवविवाहित दुल्हन ने सीएम योगी की महत्वाकांक्षी योजना की जमकर सराहना की है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत महोबा जनपद के चारों विकास खण्डों में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके तहत 180 नवविवाहित जोड़े दांपत्य जीवन में प्रवेश कर गए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता कर नवविवाहित जोड़ों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया है तो वहीं नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नवविवाहित जोड़ों को शासन द्वारा उपहार स्वरूप 51 हजार रुपये की सामग्री दी गई है। जिसमें एक जोड़ी चांदी की पायल,बिछिया,ट्रॉली बैग,प्रेशर कुकर,51 पीस स्टील डिनर सेट,दो साड़ी ब्लाउज सहित दो पेटिकोट, एक पैंट शर्टज़ पगड़ी,चुनरी,एक दीवाल घड़ी,एक किलो मिठाई आदि दिया गया है। तो वहीं नवविवाहित वधू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस महत्वाकांक्षी योजना की जमकर सराहना की है। मुख्यालय के कम्युनिटी हॉल में आयोजित विवाह सम्मेलन में एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर,जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी,पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने सहभागिता कर नव विवाहित जोड़ों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया है।

# महोबा में खाद के संकट से किसानों को राहत देने ग्राउंड जीरो पर पहुंचे अधिकारी

▸ साधन सहकारी समितियों के वितरण केंद्र पर अपर जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

▸ टोकन सिस्टम निर्धारित कर किसानों को वितरित किया जा रहा खाद

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



अपर जिलाधिकारी के साथ तमाम प्रशासनिक

बुंदेलखंड के महोबा में किसानों को खेतों की बुवाई के लिए हो रहे खाद के संकट का संज्ञान लेते हुए महोबा जिला प्रशासन अब ग्राउंड जीरो पर उतरकर किसानों के साथ खड़ा होता दिखाई दे रहा है । हालत यह है कि साधन सहकारी समितियां के वितरण केदो पर अपर जिलाधिकारी के साथ तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों के बीच पहुंचकर समिति सचिव को खाद का वितरण करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की पहल के बाद साधन सहकारी समिति में डीएपी खाद मिलते ही किसानों ने लंबी लंबी लाइनों में खड़े होने की समस्या से निजात पाने की उम्मीद जताई है । महोबा अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने बताया कि किसने की खाद की समस्या को लेकर लगातार जिला प्रशासन द्वारा उन्हें समय पर खाद उपलब्ध कराए जाने के लिए पहल की जा रही है खाद की कई रेट शासन स्तर से महोबा भेजी गई है । यही वजह है कि अब जिले की तीनों तहसीलों में बनाई गई साधन सहकारी समितियां में खाद वितरण की पारदर्शिता को लेकर एसडीएम,नायाब तहसीलदार सहित पुलिस टीमों की निगरानी में किसानों को डीएपी खाद का वितरण कराया जाना सुनिश्चित किया है। जिससे किसानों को क्रमबध्य ढंग से सही समय पर खाद की उपलब्ध कराया जा सके। तो वहीं दूसरी ओर किसानों ने बताया कि प्रशासन ने अब खाद वितरण करने को लेकर बेहतर इंतजाम किए हैं ।।लाइन लंबी होने के चलते ने कई ही घँटे बाद हम सभी को खाद मिल रही है।

# डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**महोबा।** जिलाधिकारी महोबा, मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना कबरई व थाना खन्ना में मौजूद रहकर क्षेत्र से आये हुए फरियादियों से सम्बन्धित समस्याओं की जनसुनवाई की गई।, जिसके क्रम में फरियादियों को आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किये जाने हेतु मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं । इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कुलपहाड़ में अपरजिलाधिकारी (वि/रा) राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ की मौजूदगी में जनसमस्यों की सुनवाई की गयी।थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गोंड द्वारा थाना चरखारी में मौजूद रहकर जनसुनवाई की गयी। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रुप से अपने-अपने थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया/कराया जा रहा है।

# एसपी ने पुलिस लाइन में पुलिस झण्डा फहराया, पुलिसकर्मियों के साथ ली सलामी

▸ जनपदीय पुलिस के सभी थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित क्वार्टर गार्द में सलामी ली गयी और पुलिस ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक उ.प्र.पुलिस महोदय के संदेश को पढ़कर सुनाया गया एवं पुलिस झंडा दिवस के महत्व को बताया गया। साथ ही पुलिस बल को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का महत्व बताते हुए पुलिस कर्मियों को पुलिस झंडा दिवस के प्रतीक चिह्न (पुलिस फ्लैग स्टीकर) लगाया गया। अपने संदेश में कहा कि पुलिस ध्वज हमारी कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और सेवा की भावना का प्रतीक है, जिसे हमें सदैव गर्व के साथ धारण करना चाहिए, समस्त पुलिस बल को नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने और पुलिस विभाग की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### क्यों मनाया जाता है पुलिस झण्डा दिवस

'रंग(कलर) और झण्डा' किसी संस्थान की पहचान को व्यक्त करने के साथ-साथ उनके गौरवमयी इतिहास के बारे में भी जानकारी देता है । उप्र पुलिस को देश के सबसे बड़े पुलिस बल होने का गौरव प्राप्त है । 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंप्र जवाहर लाल नेहरु द्वारा पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है जो कि पूरे उप्र पुलिस बल के लिए गर्व का विषय है । इसी परिप्रेक्ष्य में उप्र पुलिस अपने गौरवमयी इतिहास को याद करने के साथ-साथ संवेदनशीलता व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने जिससे नये आयाम स्थापित हो सकेंगे को आधार बनाते हुए प्रत्येक वर्ष 23 नवम्बर को पुलिस झण्डा दिवस के रुप में मनाती है।

# महिला सशक्तीकरण को महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरूक

▸ मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05

▸ समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया गया निस्तारण

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा,पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर - वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्फलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

# जयघोष के बीच डॉ. अम्बेडकर पार्क व प्रतिमा का लोकार्पण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

बाबा साहब डॉ0भीमराव अंबेडकर के जयकारों के बीच सांसद निधि से कराए गए डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क के निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं जनसहयोग से स्थापित अद्वितीय प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री एवं बाराबंकी के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने किया।

गौरतलब है कि नाका सतरिख स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क का उच्चीकृत निर्माण वर्ष 2023-24 में तत्कालीन सांसद उपेंद्र सिंह रावत की निधि से कराया गया है, वहीं जनसहयोग से बाउंड्रीवाल का निर्माण तथा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की अद्वितीय प्रतिमा स्थापित की गई है। लोकार्पण एवं प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि सुरेश राही, निवर्तमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य संयुक्त रूप किया गया।

इस मौके पर एमएलसी अंगद



- प्रभारी मंत्री सुरेश राही एवं निवर्तमान सांसद ने किया लोकार्पण
- नाका सतरिख की जगह अब होगा अम्बेडकर चौराहा, प्रस्ताव पारित

कुमार सिंह, पूर्व विधायक, शरद अवस्थी, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत मौजूद रहे। भन्ते सुमन रत्न द्वारा बुद्ध वन्दना कराया गया, जिन्हें मंत्री एवं निवर्तमान सांसद द्वारा चीवर दान किया गया। पार्क लोकार्पण के पश्चात गांधी भवन में आयोजित लोकार्पण सभा में प्रभारी मंत्री का गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रभारी मंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए घोषणा किया कि डॉ अम्बेडकर पार्क के नाका चौराहा अब डॉ अम्बेडकर चौराहा के नाम से जाना जाएगा।

नाका सतरिख के स्थान पर इसका नामकरण अम्बेडकर चौराहा किया जाएगा। इस अवसर पर निर्वतमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया और कहा कि हम लोग इतिहास बनाते हैं, इतिहास मिटाते नही हैं। डॉ अम्बेडकर के पार्क का जो इतिहास आज बना है, वह सदियों तक जाना जाएगा। डॉ0 अम्बेडकर पार्क की स्थापना आज से 34 वर्ष पहले जिन लोगों ने की थी, उनके योगदान को बुलाया नही जा सकता है, प्राचीन प्रतिमा और उसके स्थापना के पत्थर सम्मान जनक तरीके से स्थापित है। हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने भी सम्बोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने मुख्य अतिथि सहित सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार सहित सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर समिति द्वारा विशाल भंडारा आयोजित किया गया। ओज कवि डॉ अम्बरीश अम्बर, हास्य कवि अनिल श्रीवास्तव लल्लू, सनत कुमार अनाड़ी ने अपनी रचनाएं पेश की, जिन्हें मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। पार्क समिति के महासचिव राम औतार, उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, देव कुमार गुप्ता, राजेन्द्र कनौजिया, मंशाराम, विनोद कुमार, जेएल भास्कर, राम प्रगट कनौजिया, दिनेश रावत, डॉ सतीश गौतम, राम दयाल, एनके गौतम, सियाराम वर्मा, राहुल, अमित कुमार, केशनलाल, सहदेव प्रसाद, रमेश चौधरी,आनंद चौधरी, ज्ञान प्रकाश गौतम सहित भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप रावत, डीसीबी के चेयरमैन गुरुशरण सिंह लोधी, महामंत्री संदीप गुप्ता, शील रत्न मिहिर, नवीन सिंह राठौर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष आसुतोष अवस्थी सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चहुंओर हो रही सराहना, लोग उपेन्द्र को दे रहे धन्यवाद



डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार एवं सभी पदाधिकारियों की ढाई साल की मेहनत रंग लाई। 34 वर्ष पुराने अम्बेडकर पार्क की बदहाली अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने एवं साफ सफाई के अभियान से शुरू हुआ कारवां भव्य एवं अद्वितीय पार्क व प्रतिमा की स्थापना के अंजाम तक पहुंचा। इस कार्य की बाराबंकी जिले में चहुंओर प्रशंसा हो रही है। लोग निवर्तमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत को धन्यवाद दे रहे हैं तो वही समिति के प्रयासों की सराहना हो रही है। समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# थाने में मनाया गया झंडा दिवस



- डीजीपी का संदेश पढ़कर सुनाया

**सिरौलीगौसपुर, समृद्धि न्यूज बाराबंकी।**

बदोसराय थाना परिसर में शनिवार को झंडा दिवस मनाया गया। थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। इस दौरान थानाध्यक्ष ने डीजीपी के संदेश को भी पढ़कर सुनाया। साथ पुलिसकर्मियों को कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने को शपथ दिलाई। थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार ने कहा कि यूपी पुलिस के इतिहास में 23 नवंबर का दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन को पुलिस झंडा दिवस के रूप में मनाते है। इस दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर और ध्वज प्रदान किया था। पुलिस ध्वज का प्रतीक (स्टीकर) वर्दी की बाईं जेब के ऊपर लगाया जाता है। कहा कि ध्वज हमारे चरित्र को दर्शाता है और गौरवशाली इतिहास का भी प्रतीक है। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक विष्णु शर्मा, सालिक राय ,रवि सरोज रोहित शर्मा आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### तहसीलदार के बहिष्कार को लेकर अधिवक्ता अडिग

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** तहसीलदार हैदरगढ़ सीमा भारती की कार्यशैली के चलते अधिवक्ताओं द्वारा किए जा रहे बहिष्कार के बीच तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री कुंवर बहादुर यादव ने तहसीलदार से संपर्क करने पर अधिवक्ता संगठन से 2 साल के लिए निष्कासित करने की चेतावनी जारी की गई है। इससे पूर्व तहसीलदार न्यायालय के बहिष्कार को लेकर कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तहसीलदार हैदरगढ़ के विरुद्ध जारी कार्य बहिष्कार आगे भी जारी रहेगा। कार्यकारिणी द्वारा अधिवक्ताओं से यह अपील भी की गई कि संगठन को मजबूती देने के लिए कोई भी अधिवक्ता साथी तहसीलदार से मुलाकात ना करें यदि इस निर्णय की अवहेलना की जाएगी तो उस अधिवक्ता को संगठन की सदस्यता से 2 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया जाएगा।

### तेज रफ्तार पिकप ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार में जा रही पिकप ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी इस हादसे के दौरान युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हे डायल 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज हेतु सी एच सी हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पिकप को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जनपद रायबरेली थाना भवानीगढ़ गांव आधार खेड़ा निवासी सुदीप पुत्र नन्दू प्रसाद उम्र 17 वर्ष ग्राम आधार खेड़ा सुबह अपने घर से लाही बॉर्डर किसी कार्य वश आया हुआ था कार्य समाप्त होने के बाद वापस घर जा रहा था कि तभी मदर डेयरी के पास पहुंचा था कि तेज स्पीड में जा रही पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से डायल 108 एंबुलेंस से इलाज हेतु घायल युवक को हैदरगढ़ सीएचसी लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

### महिलाओं की समस्याओं की जनसुनवाई 27 को

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ के निर्देशानुसार ने जनपद जालौन में राज्य महिला आयोग की सदस्य सदस्य श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी 27 नवंबर 2024 को विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में महिला की समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु जनसुनवाई करेंगीं। महिला जनसुनवाई तथा भिन्न भिन्न आवासीय संस्थानों का निरीक्षण करेंगी अत: आम जनों को सूचित किया जाता है की महिला आयोग की जनसुनवाई में महिलाएं प्रतिभाग कर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### ओडीए माह के प्रथम व तृतीय गुरुवार को सुनेगा समस्याएं

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सचिव उरई विकास प्राधिकरण संजय कुमार ने विकास प्राधिकरण उरई मे मानचित्र स्वीकृत कराने में जनसामान्य की कठिनाइयों एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु उरई विकास प्राधिकरण उरई में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय बृहस्पतिवार को प्रात: 11 से 1 बजे तक मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। अत: जनसामान्य से अनुरोध है कि मानचित्र स्वीकृत कराने में आ रही कठिनाइयों एवं समस्याओ के समाधान हेतु मानचित्र समाधान दिवस में उपस्थित होकर प्रकरण का समाधान कराये।

### ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिरा, एक की मौत



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** गल्ला मंडी में धान बेचकर घर लौट रहे किसान का ट्रैक्टर पलटा। ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़गुवां निवासी कल्याण सिंह सेंगर (24) पुत्र रामबहादुर सिंह शुक्रवार को गांव के ही राजेन्द्र दोहरे (36) पुत्र सियाचरण के साथ ट्रैक्टर की ट्रॉली में धान लादकर उसे जालौन मंडी में बेचने के लिए लाए थे। देर शाम तक उनका धान मंडी में बिक पाया। शाम करीब सात बजे वह दोनों मंडी में धान बेचकर ट्रैक्टर से गांव लौटने लगे। जब वह बिरहरा बंबा के पास पहुंचे तो वहां बंबा के आगे किसानों ने खेत में पानी लगाने के लिए सड़क से होकर पाइप लाइन डाली थी। जिसे सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने मिट्टी का ब्रेकर बना दिया था। रात में तेज गति से जाते हुए ट्रैक्टर चालक कल्याण सिंह ने अचानक से जब ब्रेकर को सामने देखा तो स्पीड पर काबू पाने के लिए तेजी से ब्रेक लगा दिया। लेकिन वह ट्रैक्टर को संतुलित नहीं रख सका और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गया। ट्रैक्टर पर सवार कल्याण सिंह और राजेंद्र दोनों ही उसके नीचे दब गए। वहां से निलक रहे लोगों ने परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को निकाला और उन्हीं सीएचसी लेकर आने लगे। लेकिन सीएचसी पहुंचने से पहले ही राजेंद्र ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं, कल्याण सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई। जहां मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की पत्नी ऊषा भी बीमार है। मृतक के एक बेटी अंजना (10) व दो बेटे राघव (8) व प्रिंस (6) हैं।

# बीएलओ ने मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में शनिवार को सभी बूथों पर आज बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची दिखाई गई साथ ही बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची के नाम पढ़कर सुनाया गया ।फार्म 6,7,8 के बारे में बताया गया।विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवबर 2024 तक होगी। विशेष अभियान के तहत शनिवार को बूथों पर बीएलओ ने मतदाताओं से संपर्क कर मतदाता सूची पढ़ कर सुनाई, यह कैम्प 24 नवंबर को भी लगेगा। इसके बाद प्राप्त दावे व आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर और किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों को अंतिम प्रकाशन छह जनवरी 2025 को किया जाएगा।प्राथमिक विद्यालय लोधपुरवा में पंचायत सहायक बीएलओ सीमा ने बूथ पर बैठकर को नए मतदाताओं को नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्राप्त किया। वहीं मतदाता सूची को पढ़कर मतदाताओं को सुनाई इस अवसर पर पदाभिहित प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे। इसी तरह बरदरी, कटका, बदोसराय में रितेश कुमार, किंतूर, सोंधवा, थानाडीह, मरकामऊ दरिगापुर सहित सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

- समस्याएं लंबित रखने वाले लेखपालों, कानूनगो पर होगी कार्रवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

शासन के मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली उरई में आयोजित थाना



समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि भूमि संबंधित विवाद, नाली, चकरोड, सरकारी भूमि, तालाब, अवैध अतिक्रमण को संज्ञान में लेकर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से समीक्षा व फीडबैक भी लिया जाता है शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए नहीं तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निस्तारण रजिस्टर का भी अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला संबंधित समस्या मौके पर जाकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, क्षेत्राधिकारी उमेश पाण्डेय, थानाध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति : छात्रा साक्षी बनीं कोतवाल

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज पांच के तहत आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा साक्षी अवस्थी को एक दिन का कोतवाल बनने का मौका मिला।

इस समय मिशन शक्ति फेज पांच के तहत महिला और बालिका सशक्तिकरण के प्रयास चल रहे हैं। छात्राओं को अधिकारियों से मिलने और उनकी कार्यप्रणाली को समझने का मौका दिया जा रहा है। इसी क्रम में आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा साक्षी अवस्थी को एक दिन का कोतवाल बनने का मौका मिला। जिसमें कोतवाली पहुंची। साक्षी अवस्थी ने सबसे पहले कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया। विभिन्न पटलों पर होने वाले कार्यो को समझा। कोई शिकायतकर्ता कहां पहुंचकर अपनी शिकायत दे सकता



है। शिकायत पर क्या कार्रवाई होनी है और उसका क्या निस्तारण हो सकता है। इसके बारे में भी जानकारी ली। महिला संबंधी अपराधों के लिए बनाई गई महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया। आरोपी को कहां और कैसे बैठाना है इसकी भी जानकारी ली। यदि दोनों पक्ष आपसी सहमति से समझौते के लिए तैयार हैं तो क्या करना है और यदि उनके बीच विवाद समाप्त नहीं हो रहा है तो किस प्रकार रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इन सभी प्रक्रियाओं को उन्होंने बारीकी से जाना। कोतवाल वीरेंद्र पटेल व सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने छात्रा को विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया। वहीं, साक्षी ने बताया कि उसे पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को समझकर अच्छा लगा। आगे वह आईएएस बनकर महिला उत्थान के संबंध में कार्य करना चाहेंगी।

### थाना समाधान दिवस में आईं छह शिकायतें

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उप जिलाधिकारी की अगुआई में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें महज 4 शिकायतें सामने आई है। जमीन संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को कोतवाली सभागार में एसडीएम सुशील कुमार सिंह की अगुआई में समाधान दिवस का आयोजन हुआ इस दौरान 6 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमें 4 शिकायतें जमीन से संबंधित रही। जमीन संबंधी शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उप जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार चन्द्रमोहन शुक्ला तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक को सभी शिकायतों को अतिशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर लेखपाल जितेन्द्र यादव, सुमित यादव, राघवेंद्र निरंजन, आकाश, प्रियंका सहित सभी क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

# किसानों के एमएसपी पर जिंसों की बिक्री करने के अरमान हुये धुआं-धुआं

- सप्ताह भर से ज्वार, बाजरा खरीद केंद्रों से जिंसों की खरीद बंद

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ज्वार और बाजरा की सरकारी खरीद विगत कुछ दिनों से बन्द है जिससे किसानों की एमएसपी पर यह जिंसें बेंचने की हसरत पूरी नही हो पा रही है और वह मजबूरी में अपनी उपज को कम कीमत पर मण्डी में बेंच रहे हैं।

विदित हो कि शासन ने किसानों की आय में बृद्धि करने के लिए कुछ फसलों की एमएसपी घोषित की है जिसमें ज्वार की कीमत 3371 रुपये निर्धारित की है तो बाजरा की 2526 रुपये निर्धारित की है और इसी के चलते गत 1 अक्टूबर से खाद्य निगम द्वारा मण्डी परिसर में खरीद केन्द्र खोला गया था जो दिसम्बर तक चलेगा। केन्द्र खुलते ही वहां किसानों की आमद शुरू की गई थी लेकिन इस सप्ताह की शुरूआत से बन्द है। खरीद केन्द्र के प्रभारी ब्रजेश कनौजिया के अनुसार अब तक 75 किसानों से तीन हजार से अधिक कुंतल ज्वार की खरीद हो चुकी है जिसमें 65 किसानों का भुगतान भी हो चुका है लेकिन खरीदी हुई ज्वार अभी तक गोदामों में नहीं गई है जिसके लिए जगह नहीं बची है और उसकी कमी से खरीद बंद करनी पड़ी है जिसका फायदा अब व्यापारी उठाने लगे हैं आलम यह है कि खरीद बंद होने से ज्वार की कीमत घट गयी है। मण्डी निरीक्षक मनोज कुमार के अनुसार इस समय मण्डी में ज्वार की कीमत 2200 रुपये पर आ गई है जो एमएसपी से कम है लेकिन सरकारी खरीद केन्द्र बंद है जिससे किसान मजबूरी में मण्डी में बेंच रहा है। एसएमआई के अनुसार खरीद की हुई ज्वार का उठान होते ही खरीद शुरू कर दी जाएगी।

# आईजी कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण व संदेश वाचन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा 23 नवंबर 1952 को शक्ति और निष्ठा के प्रतीक लाल और नीले रंग का ध्वज उत्तर प्रदेश पुलिस को प्रदान किया गया।यह गौरवपूर्ण ध्वज उत्तर प्रदेश पुलिस के वीर जवानों के शौर्य,अडिग कर्तव्यनिष्ठा और गौरवशाली इतिहास का अमिट प्रतीक है। पुलिस ध्वज के सम्मान में इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक दिन पर परिक्षेत्रीय कार्यालय प्रांगण में पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार द्वारा पुलिस ध्वज का ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस महानिदेशक के संदेश को पढ़कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को



सुनाया गया। इस अवसर पर निरीक्षक अक्षय कुमार, निरीक्षक अरविन्द सिंह, गोपनीय सहायक नवीन सिंह, उपनिरीक्षक लिपिक सुरेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक रणजीत यादव, उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश पाण्डेय, उपनिरीक्षक रामआसरे सरोज, उपनिरीक्षक विजय पाण्डेय, उपनिरीक्षक राकेश मिश्रा तथा सहायक उपनिरीक्षक शुभम चन्द्रवंशी सहित परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सपा के पीडीए को जनता ने नकारा : विजय



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने शनिवार को जारी किए गए अपने बयान मे कहा कि राष्ट्रीय लोक दल द्वारा विधानसभा मीरापुर मुजफर नगर जनपद के रालोद प्रत्याशी मिथिलेश पाल की जीत किसानों, मजदूरों, नौजवानो, गरीब गुरगा, शोषित, वंचित एवं भाई चारा की जीत है। मीरापुर से मिथिलेश पाल की जीत से सिद्ध हो गया की उत्तर प्रदेश मे सिर्फ राष्ट्रीय लोकदल पार्टी है जो समाजिक न्याय और भाईचारा मे विस्वास करती है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पीडीए को जनता ने नकार दिया है। समाजवादी पार्टी का पीडीए बसपा से निकाले गये लोगो का एक जातिवादी समूह है।

# यातायात माह के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने छात्रों को किया संबोधित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह के अंतर्गत इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजय वर्मा ने आज पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने यातायात के नियमों का महत्व समझाया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को श्री संजय वर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। अपने



संबोधन में श्री वर्मा ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और परिवार व समाज में इसे प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना हमारे भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। सही आदतें बचपन से ही विकसित होनी चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव और पूरे विद्यालय परिवार का धन्यवाद किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा छात्रों को शिक्षित और जागरूक करने के लिए ऐसे आयोजन करने की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में यातायात नियमों के पालन की आदत डालना और समाज को सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित करना था। यह आयोजन पूरे उत्साह और जागरूकता के माहौल में संपन्न हुआ।

# खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने मारी बाजी

- नगर क्षेत्र से आये 72 दिव्यांग बच्चों ने किया प्रतिभाग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा के अन्तर्गत समस्त विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों के सामाजिक एवं मानसिक विकास के लिए विकास खण्ड स्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) श्रीमती अर्चना सिन्हा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र जयपाल सिंह के द्वारा प्राथमिक विद्यालय कटरा शमशेर का नगर क्षेत्र पर किया गया। दिव्यांग बच्चों के खेलकूद का शुभारम्भ मुख्य अतिथि



श्रुति श्रीवास्तव पत्नी अभिनव रंजन श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा तथा विशिष्ट अतिथि नमिता तिवारी अर्चना सिन्हा जिला समन्वयक समे0शि0, पुष्पा बाथम प्रधानाध्यापिका के द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा खेलकूद को हरी झण्डी दिखा कर की गयी ।तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मूकबधिर बच्चों के लिए चित्रकला, नीबू चम्मच, कबड्डी, 100 मी0 दौड़, मानसिक मन्द बच्चों के लिए 50 मी0 दौड़, गुब्बारा फोड, म्यूजिक चेयर रेस, शारीरिक दिव्यांग बच्चों के लिए 50 मी0 दौड,बहुदिव्यांग बच्चों के लिए गुब्बारा फोड आदि विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र से आयें कुल 72 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। संकुल शिक्षिका अरूणा अग्निहोत्री, कम्पो0वि0 पंसारी टोला, कंपोजिट विद्यालय छिपेटी से राबिया सुल्तान, प्राइमरी विद्यालय सराय दयानंद से रविंद्र सिंह भदौरिया, कंपोजिट विद्यालय नौरंगाबाद से राधा अवस्थी अध्यापकगण ।मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को देखा एवं सराहा और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मूक बधिर बच्चों के लिए नींबू चम्मच दौड़ में प्रथम अंकित द्वितीय समीर तृतीय ऋषि सॉफ्टबॉल थ्रो में मानसिक बच्चों के लिए प्रथम वसरुद्दीन द्वितीय राधिका तृतीय अल्तमश, मेंढक दौड़ बालक वर्ग प्रथम बाबू सिंह द्वितीय हैदर तृतीया बॉल थ्रो में प्रथम अभिषेक द्वितीय आदर्श तृतीय आहिल अनाज छूकर पहचान दृष्टिहीन प्रथम स्थान दिव्यांश, 50 मीटर दौड़ बालिका मूकबधिर में प्रथम जुल्फी द्वितीय कविता तृतीय सृष्टि बोलिंग में प्रथम हर्षित द्वितीय अभिनव तृतीय कार्तिक म्यूजिक चेयर प्रथम स्थान प्रथम कुमार, गौरव द्वितीय अभिनव तृतीय गुब्बारा फोड में प्रथम आकाश द्वितीय शिखा तृतीय अयान ने स्थान पर रहें ।कार्यक्रम में सत्यनारायण प्रसाद,अनिमेश कुमार,दिलीप कुमार पटेल,अवधेश कुमार,अवधेश कुमार,ओम प्रकाश,अशोक कुमार,अवधेश सिंह उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत किल्हौवा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.11.2024 से 30.11.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी। निविदा शुल्क-100 रुपए

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किल्हौवा | बकरी शेड निर्माण कार्य अहिल्या पत्नी नारायन पाल के बाड़े में | 1.42 लाख | 2% | ईंट, गिट्टी, सीमेन्ट, बालू, पाइप चददर आदि | 34.20 | 6 माह |
| 2. | किल्हौवा | बकरी शेड निर्माण कार्य प्यारेलाल पुत्र बुदइया के बाड़े में | 1.42 लाख | 2% | ईंट, गिट्टी, सीमेन्ट, बालू, पाइप चददर आदि | 34.20 | 6 माह |
| 3. | किल्हौवा | बकरी शेड निर्माण कार्य किशोरीलाल पुत्र पूरन के बाड़े में | 1.42 लाख | 2% | ईंट, गिट्टी, सीमेन्ट, बालू, पाइप चददर आदि | 34.20 | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं को धरोहर धनराशि के एवज में एनएससी/एफडीआर सलग्न करना होगा
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान — सचिव

# शिक्षा विद्यालय में नहीं, शिक्षा शिक्षकों से आती है : असीम

**मंत्री ने नवनिर्मित सत्यवती सभागार एवं विज्ञान प्रयोगशाला का फीता काटकर किया लोकार्पण**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

छिबरामऊ क्षेत्र के अन्तर्गत जेडी जनता इंटर कालेज में पंडित राज किशोर दुबे के 101वां जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने नवनिर्मित सत्यवती सभागार एवं विज्ञान प्रयोगशाला का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने पुरातन छात्र सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान 2024 का आयोजन हुआ।

मंत्री असीम अरुण एवं विधायिका अर्चना पाण्डेय ने संयुक्त रुप से पुरातन छात्र मोहित दुबे, शैलेन्द्र दुबे, सुमित दुबे, पवन दुबे, अजय सनातनी, अजय चतुर्वेदी, अंकित दुबे आदि तथा प्रतिभा सम्मान अरुण कुमार कक्षा 12 में प्रथम व आस्था को कक्षा 10 में प्रथम स्थान व हितेन्द्र कुमार अग्निहोत्री, राजेन्द्र प्रसाद स्काउट मास्टर आदि को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि शिक्षा विद्यालय में नहीं, शिक्षा शिक्षको से आती हैं। शिक्षा के साथ संस्कारिक बने। ऐसा जनता इण्टर कालेज के बच्चों में देखने में आता हैं। कहा कि इस सभागार में अच्छे, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें। बच्चों के स्वप्न में उड़ान भरने का कार्य हम सबका है। बच्चों को अनुशासन में रहकर आगे कैसें बढ़ाना हैं। यह ध्यान देने का विषय हैं। प्रबंधक इंद्रा दुबे, प्रधानाचार्य ज्ञानेन्द्र चन्द्र दुबे, अध्यक्ष प्रबंधक समिति डॉ प्रकाश चन्द्र तिवारी द्वारा मंत्री व विधायिका सहित आएं हुये अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



फीता काटकर लोकार्पण करते मंत्री असीम अरुण व विधायिका अर्चना पाण्डेय

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई



भाजपा की जीत पर खुशी का इजहार करते भाजपाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने के पर शहर में भाजपा कार्यालय पर पूर्व सांसद सुब्रत पाठक एवं जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी साथ ही साथ पटाखे छुड़ाकर ढोल नगाड़ों के साथ खुशी मनाई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य, भाजपा साइबर सेल जिला अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, शैलेंद्र द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, रामू कठेरिया, बादाम पाल, संदीप चतुर्वेदी, सौरभ कटियार, जिमी वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनी जन समस्याएं

**गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** थाना समाधान दिवस के दौरान थाना छिबरामऊ में जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं। प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश।

शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने थाना छिबरामऊ में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा जो भी शिकायतें हैं। उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए। थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी

## समाधान दिवस में सात फरियादियों ने लगाई गुहार

**भूमि पर कब्जा व निर्माण न करने देने का आरोप**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नायब तहसीलदार व कोतवाली निरीक्षक ने समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याएं सुनी और निस्तारण का भरोसा दिलाया। समाधान दिवस में कुल सात शिकायतें आई। जिसमें पुलिस संबंधी एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष को निस्तारण के लिए कर्मियों को देकर निर्देश दिए गए। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार भरत मौर्य व कोतवाली निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में राजस्व संबंधी 03 व पुलिस संबंधी 04 शिकायतें आई। फरियादियों ने मारपीट, भूमि पर कब्जा, रास्ता का विवाद, किशोरी को भगा ले जाने सहित अलग-अलग मामलों को लेकर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर संबंधित कर्मियों को जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का निस्तारण करें। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी देवी शरण साहू, नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहनलाल, मझपुर्वा चौकी प्रभारी श्याम पाल सिंह, इन्द्रा नगर चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह, रामआश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, नीलम सिंह सहित पुलिस व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में समस्या सुनते अधिकारी

# पुलिस झंडा दिवस : एसपी ने ध्वजारोहण कर सुनाया डीजीपी का संदेश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स क्वार्टर गार्द पर पुलिस ध्वज फहराकर समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया गया। साथ ही पुलिस महानिदेशक लखनऊ के संदेश को पढ़कर सुनाया। सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के वीर जवानों के शौर्य, कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा के फलस्वरुप ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु द्वारा 23 नवम्बर 1952 में सर्वप्रथम उ.प्र. पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। उ.प्र. पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है। जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

इसीक्रम में जनपद के समस्त थाना, चौकियों में अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा पुलिस ध्वज फहराकर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया।



पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद

# सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण के साथ नगर पालिका के दूसरे स्थापना उत्सव का धूमधाम से समापन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

एक हफ्ते से चल रही शारीरिक खेल, इनडोर गेम्स और मंच की टैलेंट प्रतियोगताओं के सफल आयोजन से उत्साहित पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि नगर क्षेत्र की प्रतिभाओं को पालिका आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास करेगी, प्रतिभाओं के निखार में आर्थिक कमी आड़े नहीं आने दी जायेगी।।

कार्यक्रम की शुरुआत दिशा अग्रवाल के भारत माता की व्यथा एक्ट से हुई। कन्या भ्रूण हत्या और मां से जुदाई विषय में उड़ान संस्कारशाला के बच्चों ने भाव विभोर कर दिया। डी डांस एकेडमी के बच्चों हनुमान चालीसा पर विशेष प्रस्तुति दी।इससे पहले 31 तरह के आयोजित हुये कॉम्पिटिशन इवेंट्स के पुरस्कार वितरण किये गये। चल वैजयंती ट्रॉफी के लिये जूनियर वर्ग में सर्वाधिक अंक पाकर सेंट पॉल सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रथम स्थान रहा जबकि सीनियर वर्ग में सिटी चिल्ड्रेन अकादमी चैंपियन बना।

तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी और अरुणेश चतुर्वेदी के संयुक्त संचालन में हुये कार्यक्रम में एक तरफ विद्यालय प्रभारियों और निर्णायक मंडल के सदस्यों को माल्यार्पण करके सम्मानित किया तो दूसरी तरफ वार्ड स्तरीय प्रतियोगिताओं के संयोजन के लिए सभासदों सभासदों को अंग वस्त्र देकर और पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर गत् वर्ष वैजयंती ट्रॉफी विजेता विद्यालय सीसीए प्रबंधक प्रदीप प्रधान, सभासद सुशील पांडे, अनूप दुबे, निशा, अनुज वर्मा इत्यादि कार्यक्रम को संबोधित किया आयोजन प्रभारी जलकल लिपिक संजय वर्मा और वरिष्ठ लिपिक नीरज मिश्रा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया कि वार्ड स्तर में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओ के परिणाम सहित क्रमशः तीन सर्वेश्रेष्ठ वार्ड का नाम घोषित करके वार्ड के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।।



### ऑनलाइन रेटिंग में कैलाश चन्द्र प्रथम व सुभाष को मिला दूसरा स्थान

नगर पालिका स्थापना उत्सव के आयोजन में सक्रिय सहयोग करने वाले लिपिक और कर्मचारियों को संकल्प मंच से सम्मान किया गया इसके अलावा नागरिकों के द्वारा की गई रेटिंग आधार पर सफाई विभाग और मार्ग प्रकाश विभाग को प्रथम स्थान मिला। अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पब्लिक रेटिंग में सफाई नायक कैलाश चन्द्र को 4.95, सुभाष को 4.80, सूरज को 4.75 रेटिंग मिली इसके अलावा कर्मचारियों में अमरजीत, पुनीत कुमार पांडे, प्रेमदास को नागरिकों द्वारा संतुष्टि के साथ सर्वश्रेष्ठ चुना गया।

# एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी बदमाश को दबोचा

**अभियुक्त से एक अदद माथे का सोने का टीका और 18000 रुपये नगदी बरामद की**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

थाना ठठिया व एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम फतुआपुर व बस्ता में डकैती की घटना में वांछित 50,000 के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी / प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कुलवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में एसटीएफ लखनऊ के सहयोग से वांछित अभियुक्त रवि उर्फ प्रदीप पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम मनवा थाना अटरिया जिला सीतापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम फतुआपुर व बस्ता में अभियुक्त ने लूट की घटना का अंजाम दिया था। 4 सिंतबर को पंजीकृत मुकदमा में रवि पुत्र प्रदीप निवासी मनवा थाना अटरिया जिला सीतापुर वांछित चल रहा था। उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र द्वारा 50,000 का पुरुस्कार घोषित किया गया था। थाना ठठिया पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त रवि उर्फ प्रदीप को ठठिया मण्डी अण्डर पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से एक अदद माथे का टीका सोने का व 18,000 रूपये नगद बरामद हुए। पूर्व में उक्त अभियोग से सम्बन्धित 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त रवि को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक व नगदी न मिलने पर विवाहिता को किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विवाह के कुछ समय बाद ही ससुरालीजनों ने विवाहिता से दहेज में बाइक व नगदी की मांग शुरू कर दी और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बछ्ज्जापुर निवासिनी आसमा पुत्री बदरुद्दीन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है की उसकी शादी दो वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चित्तरपुरवा निवासी अयाज पुत्र जमील के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति अय्याज़, नंदोई इकबाल व हसरत, सस तमीजा बेगम व ननद शबनम ने दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व तीन लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। जब पीड़िता ने गरीबी का हवाला दिया तो 22 अक्टूबर को पति सहित ससुरालीजनों ने उसे शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर अभद्रता की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और घर से निकाल कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शादी में गए युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह में शामिल होने गए युवक से गांव के लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पछायेपुरवा निवासी शिवम पुत्र मानसिंह ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 20 नवंबर की रात करीब 10 बजे जब वह सियरमऊ गांव में शादी समारोह में शामिल होने गया था। जहां पहले से मौजूद लोगों ने उसके अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** घर पर अपने बाबा के साथ रह रही पोती को गांव का ही युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोरी का पता नहीं लगा। तो पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि उसका पुत्र केरल में पत्नी के साथ रहकर मजदूरी करता है। जबकि उसके बच्चे उसके साथ रहते है। 17 नवंबर की रात उसकी पोती को गांव का गौरव कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोरी व युवक का कहीं पता नहीं लगा तो पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### पैसा मांगने पर युवक से मारपीट की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पैसा मांगने को लेकर दरवाजे के सामने ही गांव के लोगों ने युवक से अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम धीरपुर निवासी जयवीर पुत्र सूरज प्रसाद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 नवंबर की शाम करीब 07 बजे गांव के सुखदेव व राजीव ने पैसा मांगने के पीछे अपने दरवाजे के सामने युवक से गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शादी के बाद मन मुताबिक दहेज न मिलने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता से गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित ससुरालयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के गांव चन्दरपुर निवासिनी अलका देवी पुत्री नरेश चंद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी 13 मार्च 2024 को नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी दीपू के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति दीपू, ससुर राजू, देवर अमन व सुंदरम, सास सुनीता ने दहेज में एक सोने की जंजीर व 01 लाख रूपये की मांग की। असमर्थता जताने पर 18 नवंबर की सुबह 07 बजे आरोपित ससुरालियों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाई की हत्या करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने 24 घण्टे में किया गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।**

सगे भाई की ÷हत्या÷ करने वाले अभियुक्त को थाना इन्दरगढ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

शुक्रवार को थाना इन्दरगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मढ़पुरा मे दो सगे भाई विनोद मिश्रा उर्फ लोकबन्धु मिश्रा पुत्र दुर्गा नरायण मिश्रा व विमलेश मिश्रा उर्फ विवेक मिश्रा पुत्र दुर्गा नरायण मिश्रा निवासी ग्राम मढ़पुरा थाना इन्दरगढ़ के मध्य हुई लड़ाई झगड़ा के दौरान बड़े भाई विनोद मिश्रा द्वारा छोटे भाई विमलेश मिश्रा उर्फ विवेक मिश्रा की चाकू मार कर हत्या करने के सम्बन्ध में मृतक के भाई विनय कुमार मिश्रा पुत्र दुर्गानरायण मिश्रा निवासी ग्राम मढ़पुरा थाना इन्दरगढ पर विनोद मिश्रा उर्फ लोकबन्धु मिश्रा पुत्र दुर्गानरायण मिश्रा के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर अभियुक्त विनोद मिश्रा उर्फ लोकबन्धु मिश्रा पुत्र दुर्गानरायण मिश्रा को मढपुरा स्कूल के आगे बनी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त लोकबंधु को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।



### नगर पंचायत समधन कार्यालय में बोर्ड की बैठक संपन्न, प्रस्ताव पास

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को नगर पंचायत समधन कार्यालय मीटिंग हॉल में बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष आसमा बेगम ने की जिसमें अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह व नगर के समस्त सभासदगण मौजूद रहे बैठक में मैलाथियांन लिक्विड क्रय लिए जाने पर विचार, डेड बॉडी फ्रीज़र क्रय जाने विचार, शीतकालीन के लिए अलाव जलवाए जाने हेतु लकड़ी क्रय किए जाने पर विचार एवं कंबल वितरित किए जाने पर विचार प्रकाश व्यवस्था हेतु 10 केबी ए जनरेटर किए जाने पर विचार निर्माण कार्य हेतु सड़कों का निर्माण एवं नालों का पठान किए जाने पर विचार, नगर पंचायत समधन की सीमा के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर क्रॉस जाल डलवाए जाने पर विचार, नाला निर्माण कराया जाने पर विचार, विकास कार्य करवाए जाने पर विचार, स्वागत द्वार के मरम्मत कराए जाने पर विचार, सहित आदि प्रस्ताव पास किए गए इस मौके पर टाउन कार्यालय के विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, बकार, हनीफ आदि लोग मौजूद रहे।

# नेट परीक्षा के दिवस में कोई अवकाश स्वीकृत नहीं होगा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत होनी चाहिये। शिक्षक अभी से करें प्रयास।- BEO

ब्लॉक संसाधन केंद्र सभागार में प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक की बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने कहा 25 और 26 नवंबर को नेट की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति हो दोनों दिवस में शिक्षक को कोई भी अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा शिक्षक आज से ही विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने हेतु अभिभावकों से फोन से या भ्रमण करके संपर्क करें। जिससे परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थित रह सके।



प्रधानाध्यापक SMC खातों में धनराशि का उपभोग साफ सफाई, शौचालय, हैंडवाश यूनिट में प्रयोग करलें।डाइट प्रवक्ता अनुज दुबे ने परख पर विस्तृत चर्चा कर पर्यवेक्षक के सामने प्रश्नपत्र को खोला जाएगा। ARP कुलदीप यादव ने कहाकि परीक्षा को पूरी सुचिता,पवित्रता के साथ संम्पन्न कराई जय। ARP अनुपम अवस्थी ने कक्षा 1 से 8 तक होने बाली दोदिवसीय परीक्षा पर विस्तृत चर्चा की तथा OMR सीट को कैसे भरा जाए उसके बात साबधानी से स्केन करके पोर्टल पर भेजा जाए।

सभी विद्यालय किसी भी समस्य के समाधान हेतु नोडल ARP से संपर्क करेंगे।

बैठक में ARP शैलेश मिश्रा, प्रभकान्त आदि मिश्रा, DR. अविनाश यादव,विनोद मिश्रा, असित दुबे, पुरषोत्तम सिंह,योगेश यादव, अर्चना यादव, दलवीर सिंह,राजेश पाठक, प्रदीप, रावेंद्र सिंह, मुनीश गुप्ता, आकांक्षा शुक्ला, निधि सेंगर, जया दुबे, शोहेल खान, अकील खान, आदि उपस्थित रहे।

# अति निर्धन परिवारों को शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलाएं

**गांधी सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन, जीरो पावर्टी अभियान के संबंध में हुई बैठक**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन, जीरो पावर्टी अभियान के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के विजन को सफल बनाने के लिए जीरो पावर्टी अभियान चलाया गया। जिसमें गांव के ऐसे अति निर्धन परिवारों के पास कमाने खाने की व्यवस्था, मकान, शौचालय, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, ईधन आदि की व्यवस्था नही है। ऐसे परिवारों का चयन कर शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर आच्छादित किया जा सकें।

उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्लाकवार सभी इनुमेरटर को अच्छी से ट्रेनिंग दी जाये। ग्रुप इनुमेरटर को एक साथ रखें। पहले सिफ्टवाइज क्लास रुम सेसन करके ट्रेनिंग दे। फिर ग्राम पंचायतवार गांव सेलेक्ट करके घर- घर सर्वे करायें। जिससे ट्रेनिंग के साथ- साथ सर्वे क्वालिटी भी अच्छी होगी। सभी इनुमेरटर की अटेन्डेंस और फोटोग्राफी भी करायी जाये। दर्पण पोर्टल के अन्तर्गत आने वाले सभी बिन्दुओ की प्रतिदिन समीक्षा करें और कार्य में तेजी लायें। अधिक से अधिक गावों को ओडीएफ प्लस बनाये जाने पर जोर दें।

बैठक में जिला विकास अधिकारी एनडी द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा जितेन्द्र यादव सहित संबंधित अधिकारी रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

### डिवाइडर से टकराई कार दंपति व पुत्र घायल



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फगुहा कट के निकट शनिवार की दोपहर चालक को झपकी आ जाने से एक कार अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां सभी का उपचार चल रहा है। दिल्ली के महारौली पर्यावरण काम्पलैक्स निवासी सत्यजीत (55) पुत्र राजकुमार अपनी पत्नी विभा सिंह (49) व पुत्र हर्ष सिंह (21) के साथ कार पर सवार होकर लखनऊ से वापस दिल्ली जा रहे थे। जब उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के फगुहा कट के निकट दोपहर तीन बजे के करीब पहुंची, तो चालक को झपकी आ गई। जिससे कार अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा कर्मियों ने हादसे को देख तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। इमरजेंसी वार्ड में उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सड़क से हटवाकर टोल प्लाजा पर खड़ा करा दिया।

# 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने निर्वाचक नामावलियां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अन्तर्गत छिबरामऊ विधान सभा स्थित हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में स्थित मतदेय स्थलों का भ्रमण किया। उन्होने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 में 28 नवम्बर 2024 तक फार्म-6, 7, 8 प्राप्त किए जाएगे। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चार विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी है। जिसमें आज ससमय उपस्थित होकर ऐसे अर्ह मतदाता जो 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 (आयु प्रमाण पत्र सहित) तथा नाम में इंगित त्रुटि को शुद्ध कराने हेतु फार्म- 8 एवं अपमार्जन हेतु फार्म-7 भराकर सही करायें। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह एवं प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा ने सेठ बैजनाथ इंटर कॉलेज तिर्वा तथा कम्पोजिट विद्यालय मकरन्दापुर तिर्वा मतदेय स्थलों का निरीक्षण का संबंधित बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिये।



मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# समीक्षा बैठक : प्रभारी मंत्री की विद्युत विभाग पर नजरें टेढ़ी

- गलत रीडिंग निकालने वाले मीटर रीडरों पर कार्रवाई के दिये निर्देश
- कृषक दुर्घटना योजना के 6 लाभार्थियों को 5-5 लाख की दी सहायता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग/प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि उन्होंने अपने विभाग से संकिसा से मोहम्मदाबाद तक की रोड के चौड़ीकरण के लिये 65 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। समीक्षा में मंत्री द्वारा विगत समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया। सी0एम0ओ0 को निर्देशित किया कि राम मनोहर लोहिया पुरुष व महिला अस्पताल से अल्ट्रासाउंड मशीन की मांग का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें व एम्बुलेन्स की उपलब्धता की टाइमिंग में सुधार करें। मंत्री द्वारा जनपद की सी0एम0 डेशबोर्ड की रैंकिंग की समीक्षा की। जनप्रनिधिगण द्वारा विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट के कार्य को दिये गये समय के अंदर पूर्ण न किये जाने का मुद्दा उठाया गया। मंत्री द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व ट्रांसफार्मर को ससमय बदलने के लिये विद्युत विभाग को निर्देशित किया व मीटर रीडिंग में किसी भी तरीके की शिकायत न होने देने के लिये निर्देशित किया व गलत मीटर रीडिंग करने वाले रीडरों पर कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

मंत्री द्वारा कृषि विभाग को किसानों को अत्यधिक उर्वरक से होने वाले नुकसान से अवगत कराने के लिये जनजागरूकता अभियान चलाने व मोबाइल मृदा परीक्षण वैन चलाने के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा मंत्री से नीब करोरी धाम में इंट्रीग्रेटेड काम्प्लेक्स बनवाने का अनुरोध किया गया। जिस पर मंत्री द्वारा उपनिदेशक पर्यटन को निर्देशित किया कि एक सर्वे टीम को नियुक्त करते हुये स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराएं। मंत्री द्वारा इस अवसर पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के 06 लाभार्थियों को 05-05 लाख की आर्थिक सहायता, 10 छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना के 02 लाभार्थियों को चाबी प्रदान की गई व उद्यान विभाग के पंजीकृत किसानों को लहसुन, प्याज व टमाटर का बीज प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक कायमगंज, सुरभि, विधान परिषद सदस्य प्रांशुदत्त द्विवेी, जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



छात्रा को टेबलेट देते मंत्री जयवीर सिंह

# एचटी लाइन की चिंगारी से झोपड़ी व भूसा जलकर राख



जल रही झोपड़ी व भूसा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

एचटी लाइन से निकली चिंगारी से झोपड़ी व भूसा जलकर राख हो गया। ग्रामीणों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव ढुड़ियापुर निवासी ओमपाल के खेत में रखी झोपड़ी के ऊपर से एचटी लाइन के तार निकले हैं। शनिवार दोपहर तार से निकली चिंगारी के ऊपर जा गिरी। जिससे झोपड़ी में आग लग गयी। पड़ोस में पड़ोस में रखे उपेंद्र के खेत में भूसे में भी आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो गया था। ग्रामीणों का कहना है कि तार जर्जर हैं। जो आपस में टकराते हैं, जिससे चिंगारी निकलती है। जिससे किसानों की गेहूं आदि की फसलें जलकर राख हो जाती है।

# डीएम ने चीनी मिल के पेराई सत्र का हवन पूजने के साथ किया शुभारंभ

- पहले गन्ना लेकर आने वाले बैलगाड़ी व ट्रैक्टर चालक को किया सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय विधायक व जिलाधिकारी ने फीता काटकर व हवन पूजन कर दि किसान सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर चीनी मिल जी0एम0 मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार शनिवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के सिंह ने फीता काटकर चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर हवन पूजन भी किया गया।

हवन पूजन में क्षेत्रीय विधायक सुरभि, चीनी मिल उपाध्यक्ष सावन कुमार उर्फ जय, उप जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, ब्लाक अनुराधा दुबे, नामित डायरेक्टर अमरदीप दीक्षित, मनोज गंगवार आदि ने भाग लिया। इस दौरान एक वैलगाड़ी व एक ट्रैक्टर से गन्ना लेकर आये किसानों को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। साथ ही उनसे कहा कि कोई भी समस्या हो, तो वह मुझसे कह सकते हैं। साथ ही जिलाधिकारी ने चीनी मिल के जी0एम0 कुलदीप सिंह को निर्देश दिये कि दलालों का हस्तक्षेप कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जो दलाल मिलेगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जब तक क्षेत्र में गन्ना रहे तब तक मिल को चलायें। पूरा गन्ना समाप्त होने पर ही मिल को बंद किया जाये। इस बार चीनी मिल का लक्ष्य 16 लाख टन रखा गया है। जी0एम0 ने बताया कि चीनी मिल के जनपद में छः सेंटर संचालित हैं। जिन पर गन्ना खरीद की जायेगी।



हवन पूजन करते जिलाधिकारी व विधायक व जीएम आदि



फीता काटकर शुभारंभ करते जिलाधिकारी व मौजूद विधायक, जीएम आदि

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला कारागार में सेमिनार आयोजित

- दो अभियुक्त को जमानत पर कराया गया रिहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला कारागार फतेहगढ़ में सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार एवं अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार राणा, डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल व असिस्टेंट प्रशांत गुप्ता द्वारा अदालत में प्रभावी पैरवी किए जाने के कारण दो अभियुक्त जो गंभीर अपराध में वर्षों से जिला कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध थे को जमानत पर रिहा कराया गया। इसके अलावा अन्य बंदियों के अपराधिक विचारण के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई तथा विधिक जानकारी देकर उनकी उचित पैरवी किए जाने के सचिव द्वारा डिप्टी चीफ सुरेंद्र कुमार राणा को अदालत में पैरवी किए जाने का निर्देश दिया गया। जिला कारागार फतेहगढ़ अधीक्षक भीमसेन मुकुंद, डिप्टी जेलर वैभव कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।



सेमिनार के दौरान मौजूद न्यायिक अधिकारीगण

# ग्रामीण को बाइक सवारों से लिफ्ट लेना पड़ा महंगा, 49 हजार किये पार

- पीड़ित ने अज्ञात बाइक चालकों के विरुद्ध थाने में दी तहरीर
- पुत्री की शादी की खरीदारी करने के लिए नवाबगंज जा रहा था पीड़ित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्रामीण को बाइक सवार से लिफ्ट लेना महंगा पड़ गया। बाइक सवारों ने वृद्ध की जेब काटकर 49 हजार रुपये पार कर दिये। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाना पुलिस को सूचना दी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दुर्गा निवासी वृद्ध प्रताप सिंह पुत्र लाखन सिंह ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह अपनी पुत्री की शादी की खरीदारी करने के लिए कस्बा नवाबगंज जा रहा था। उसके पास 49000 रुपये की नकदी थी। वह अपने गांव वाले रोड के सामने मंझना जाने वाले रोड पर खड़ा हुआ था, तभी एक बाइक सवार आया। जिस पर प्रताप सिंह ने उससे लिफ्ट मांगी, तो बाइक सवार ने प्रताप सिंह को बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद मंझना रोड पर ही बाइक सवार का साथी मिल गया। जिस पर उसको भी पीछे बाइक पर बैठा लिया, जबकि प्रताप सिंह बीच में बैठ गया। इसी बीच अज्ञात बाइक सवारों ने पीड़ित की जेब काटकर 49 हजार की नकदी पार कर दी। पीड़ित प्रताप सिंह नवाबगंज चौराहे पर उतर गया और बाइक सवार चले गये। जब पीड़ित की निगाह अपनी जेब की तरफ गयी, तो उसकी जेब कटी थी और रुपये गायब थे। जिससे उसके होश उड़ गये। इसकी जानकारी पीड़ित ने आसपास खड़े लोगों को दी तथा अपने परिचितों को भी दी। वहीं पीड़ित के भाई जो कि मंझना रोड पर पूर्व प्रधानाध्यापक होंडा एजेंसी के मालिक नरेश चंद्र है, को सूचना दी। सूचना पाकर नरेशचंद्र भी मौके पर पहुंचे और थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज गिरीश चंद्र खोजबीन में लग गये, लेकिन बाइक सवारों का कुछ पता नहीं चला। पीड़ित ने अज्ञात बाइक चालकों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



जानकारी देता पीड़ित

# थाना समाधान दिवस : नवाबगंज में दो व शमशाबाद में तीन समस्यायें हुई निस्तारित

**नवाबगंज/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस में थाना अध्यक्ष ने राजस्व कर्मियों के साथ जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पांच समस्यायें आयीं। जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि तीन समस्यायें राजस्व से संबंधित थीं। जिनके लिए राजस्व टीम व पुलिस को लगाया गया है।

कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने राजस्व कर्मियों के साथ थाना समाधान दिवस के मौके पर दूरदराज से आए ग्रामीण जनता की समस्याएं सुनीं। थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने बताया की थाना समाधान दिवस में जनता की पांच समस्याएं आयीं। वह भी राजस्व से संबंधित थीं। जिनमें दो समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। सिर्फ तीन समस्याओं के लिए राजस्व टीम तथा पुलिस टीम को लगाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, दरोगा इंद्रजीत सिंह, बबना चौकी इंचार्ज दरोगा योगेंद्र श्रीवास्तव, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा कस्बा इंचार्ज गिरीश चंद्र, संतोष कुमार, हेड कांस्टेबिल वीरेंद्र सिंह, नीरज कुमार, सौरभ शर्मा तथा राजस्व निरीक्षक लेखपाल नरेश चंद्र यादव, अवनी राजपूत, सौरभ कुमार सहित सभी राजस्व निरीक्षक, राजस्व कर्मी तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

**शमशाबाद प्रतिनिधि के अनुसार** शनिवार को शमशाबाद थाने में आयोजित थाना दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार अनवर हुसैन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। थाना दिवस में लगभग सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। थाना दिवस में आधा दर्जन राजस्व संबंधी शिकायती पत्र आये। जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष तीन शिकायती पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को टीम का गठन कर मौके पर निस्तारण करने के आदेश दिए गए। समाधान दिवस में पुलिस विभाग के अलावा संबंधित विभागीय अधिकारियों/ कर्मचारियों व कानूनगो लेखपाल एवं नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।



नवाबगंज में समस्यायें सुनते थानाध्यक्ष



शमशाबाद में समस्यायें सुनते नायब तहसीलदार

## राज्य महिला आयोग की सदस्य 27 को आयेंगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी दिनांक 27.11.2024 को आयेंगी। वह पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु जन सुनवाई करेंगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्रा ने दी है।

## हारजीत की बाजी लगाते सात जुआड़ी पकड़े

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नहर कोठी परिसर में हार जीत की बाजी लगा रहे सात लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से लगभग साढ़े 12 हजार रुपये नकद व ताश की गड्डी बरामद की। कोतवाली प्रभारी वीरेंद पटेल को सूचना मिली कि नहर कोठी परिसर में स्थित कुंए पर कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई ओंकार सिंह को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही वहां जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से शिवाजी खंडेराव, सनी धर्मशाला, रमेश, श्याबाबू व अमित भवानीराम, अनू व रविंद चुर्खीबाल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से 12390 रुपये बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफजुआ अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पुलिस ने तीन तमंचा व 63 कारतूस सहित अभियुक्त को दबोचा



तमंचों व कारतूस के साथ गिरफ्तार अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपरधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कादरीगेट पुलिस ने अभियुक्त को एक तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट पुलिस ने अभियुक्त मोहम्मद अंजू पुत्र स्व0 बन्नू निवासी साहबजादगान चौकी बजरिया थाना मऊदरवाजा को 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 310/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर उसके घर से 02 तमंचे 12 बोर व 61 कारतूस अलग-अलग बोर के बरामद हुए। इस दौरान उप निरीक्षक कृष्ण कुमार कश्यप, आरक्षी रिंकू चाहर, आरक्षी सुमित कुमार, आरक्षी गौरव, आरक्षी अंकुश देशवाल आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो की मौत, मचा कोहराम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना जहानगंज चौराहे पर सुबह लगभग 4 बजे 30 वर्षीय जितेन्द्र दिवाकर निवासी जहानगंज को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे जितेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। वहीं दूसरी घटना थाना जहानगंज के ग्राम रूनी चुरसाई के निकट छिबरामऊ फर्रुखाबाद मार्ग पर घटी। जहां एक कम्पाइन मशीन सड़क किनारे खराब हालत में खड़ी थी। उसी दौरान एक अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर कम्पाइन में मार दी। जिससे नीरज व गोविन्द पुत्र वेदप्रकाश के साथ ही रामप्रताप पुत्र जयचंद निवासीगण कनकापुर नगरिया पाली हरदोई गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें जिला लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ रामप्रताप को परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।



घटनास्थल पर शव को उठाती पुलिस

# आमने-सामने मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में तीन घायल

- एक की हालत गंभीर, लोहिया अस्पताल रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुरसहायगंज से फतेहगढ़ जा रहे फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। तीनों घायल कर्मचारियों को एंबुलेंस द्वारा कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर मान सिंह वर्मा ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद के आवास विकास निवासी रवि अपने साथी योगेंद्र सिंह के साथ कन्नौज जनपद के गुरसहायगंज में फाइनेंस कलेक्शन के लिए गया था। रास्ते में कमालगंज कस्बे में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास अमानाबाद निवासी वेटर मतलू तेज रफ्तार से आ रहा था। जोरदार भिड़ंत में तीनों लोग घायल हो गए। एंबुलेंस द्वारा घायलों को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर मानसिंह वर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद रवि को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।



सीएचसी में भर्ती घायल रवी

# लोकसभा चुनाव में जिस तरह 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रही, वैसे ही विधानसभा में भी होगी : जयवीर सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रानी अहिल्या बाई होल्क जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री ठा0 जयवीर सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी प्रतियोगिताओं में बच्चियां हमेशा आगे रही है।

विभिन्न पदों में बालिकाओं ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया है, चाहें हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा रही हो। भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को सम्मान देते हुए पूर्व में हुए लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिलाओं को प्रत्याशी बनाकर आगे बढ़ाने का काम किया है, उसी तरह आने वाले विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत राजनैतिक आरक्षण दिया जायेगा।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते मंत्री जयवीर सिंह

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में नया आयाम स्थापित हुए है। राष्ट्रपति, राज्यपाल आदि पदों पर महिलाओं का सम्मान है और महिलाओं के लिए कानून भी बनाया है। महिलायें भी 33 प्रतिशत राजनैतिक आरक्षण के साथ विधायक बनेगी। खेल को खेल भावना से खेले। जिस बच्चे के जीवन में खेल भावना जाग्रत हो जाये वह सफल जरुर होता है।

खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। 2047 तक देश को विश्व गुरु बनाना चाहते है। आने वाले समय में यही बच्चे देश को विकसित बनाने व विश्व गुरु बनाने में सहायक होंगे। इस मौके पर ताइक्वांडो एसोसिएशन की अध्यक्ष डा0 रजनी सरीन, एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी, गुंजा जैन, विनोद दुबे, डीएस राठौर व मोनिका यादव के अलावा बड़ी संख्या में प्रशिक्षक, रेफरी एवं छात्र-छात्रायें व खिलाड़ी मौजूद रहे।

## रानी अहिल्या बाई होल्कर जन्म शताब्दी वर्ष पर जिला ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का हुआ आयोजन

▸ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विजेताओं को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रानी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म शताब्दी वर्ष को समर्पित इंटर कालेज व जिला ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में 22 स्कूलों व अकादमियों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बद्री डिग्री कालेज में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह ने किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल की भूमिका रही। विशिष्ठ अतिथि मोनिका यादव व एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी रहे। कार्यक्रम के आयोजक एवं अध्यक्ष डा0 रजनी सरीन व ताईक्वांडो सचिव अजय प्रताप सिंह की देखरेख में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विभिन्न श्रेणियों के भार वर्ग में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें श्रेयांशी, मयंक पाल, विक्रांत सिंह, वैभव शाक्य, कृष्णा परिहार ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ईशान राठौर व ईशा राठौर, वरुण व उदयभान ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीता। इस अवसर पर बद्री विशाल महाविद्यालय के प्रबंधक विनोद दुबे, डीएस राठौर, वीरेन्द्र सिंह राठौर आदि लोग मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में विजयी हुए खिलाड़ियों के साथ मंत्री जयवीर सिंह आदि

# दिल्ली से फर्रुखाबाद एक और ट्रेन चलाये जाने की मांग

▸ पूर्वोत्तर रेलवे की बैठक में सांसद के प्रतिनिधि के रूप में अनूप मिश्रा ने लिया भाग
▸ फर्रुखाबाद से शमशाबाद के बीच की गति बढ़ाये जाने का रखा सुझाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सांसद मुकेश राजपूत के प्रतिनिधि अनूप मिश्रा ने बरेली पूर्वोत्तर रेलवे की बैठक में भाग लिया। रेलवे के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। प्रतिनिधि अनूप मिश्रा ने फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी रेलवे की समस्याओं को बैठक में उठाया।


बैठक में भाग लेते सांसद प्रतिनिधि अनूप मिश्रा

फर्रुखाबाद को विकास की ओर ले जाने के लिए सुझाव रखे। फर्रुखाबाद-शमशाबाद रेल खण्ड पर धीमी गति बताते हुए वर्तमान में शमशाबाद के बीच ट्रेन की गति औसतन 40 से 50 किलो मीटर प्रति घंटा है। इसकी गति बढ़ाते हुए 80 किलो मीटर प्रति घंटा करने का सुझाव दिया। साथ ही ट्रैक पर सिंगनल प्रणाली में सुधार की मांग की।

फर्रुखाबाद से दिल्ली के लिए एक नई ट्रेन की सेवा शुरु करने की मांग की गई। जिससे स्थानीय व्यापारियों एवं आमजन को दिल्ली जाने के लिए सुविधा मिल सकें और विभिन्न गतिविधियों के तहत लोगों को दिल्ली आना-जाना लगा रहता है जिससे उन्हे सुविधा हो सके। फर्रुखाबाद जंक्शन पर सुविधाओं का विस्तार और बढ़ाया जाये। बेटिंग रुम में बैठने के साथ स्वच्छ पानी आदि की व्यवस्था हो। प्लेटफार्म-2 व 3 पर यात्रियों के लिए छतें और अंडर पास ओवरब्रिज बनाने की अपील की गई। ट्रैफिक डाटा बताते हुए फर्रुखाबाद जंक्शन पर प्रतिदिन 25 ट्रेनों का संचालन होता है। जिसमें 10 एक्सप्रेस व 15 पैसेंजर ट्रेन शामिल है। प्रतिदिन 15 हजार से 20 हजार लोग सफर करते है। जिससे सालाना आय 12 करोड़ के लगभग राजस्व प्राप्त होता है। महाप्रबंधक ने सांसद प्रतिनिधि अनूप मिश्रा की सभी बातों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता दी और विचार करने के लिए कहा। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इन सुझावों पर ध्यान रखा जायेगा। जिससे फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन का और सुधार होगा, क्षेत्र के आर्थिक विकासों में गति मिलेगी।

## जानलेवा हमले में दंपति पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** खेत की मेड़ जोतने को लेकर मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव विछौली निवासी सुनील कुमार पुत्र राजाराम ने अपने बड़े भाई अनिल कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी पर धारदार हथियार से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 14 नबम्बर को आरोपी भाई ने ट्रैक्टर से खेत की मेड़ जोतकर अपने खेत में मिला लिया। जब मैं मौके पर पहुंचा और इसका विरोध किया तो भाई अनिल कुमार ने मेरे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान उसकी पत्नी ने भी लाठी से हमला कर दिया। जिससे मैं घायल हो गया। शोर शराबा की आवाज सुनकर पिता राजाराम आये और उन्होंने बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# महाराष्ट्र की जीत पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी छुड़ाकर बांटी मिठाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को महाराष्ट्र के विधानसभा एवं उत्तर प्रदेश की 9 सीटों के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत एवं उत्तर प्रदेश में 7 सीटों पर जीत दर्ज करने के उपलक्ष में भाजपा नगर पश्चिम मंडल के अध्यक्ष विकास पांडे के नेतृत्व में चौक पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत पर आतिशबाजी चलाकर मिठाई वितरित की और नारे लगाये।

महाराष्ट्र के विधानसभा और उत्तर प्रदेश के नौ सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत एवं उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में 7 सीटों पर जीत हासिल करके यह संदेश दे दिया कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी नीतियों को पसंद करती है। भाजपा ने केंद्र व प्रदेश में गरीब कल्याण के लिए कार्य किया। भूदेव सिंह राजपूत ने कहा महाराष्ट्र विधानसभा और उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव चुनाव में भाजपा की जीत ने विरोधियों के सारे षड्यंत्र पर पानी फेर दिया। डीएस राठौर ने कहा समाजवादी पार्टी का पीडीएफ फार्मूला फ्लॉप फार्मूला साबित हुआ। इस अवसर पर नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक, पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी, शिवांग रस्तोगी, पियूष त्रिपाठी, ममता सक्सेना, अभिषेक बाथम, अभिषेक बाजपेई, प्रमोद मिश्रा, रामनरेश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।


महाराष्ट्र की जीत पर आतिशबाजी छुड़ाते भाजपाई


भजन प्रस्तुत करते गायक मौजूद अजीत वर्मा आदि

## बाबा नीम करोरी का सातवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

▸ बढ़पुर देवी मंदिर में हुआ भजन संध्या का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राचीन सिद्ध पीठ बढ़पुर शीतला माता देवी मंदिर में स्थापित बाबा नीम करोरी बाबा की मूर्ति का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। हवन पूजन के बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसके बाद मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जय माता दी जागरण मंडल के संचालक धीरज दुबे ने गायिका बेटू शर्मा, आलिया शर्मा कानपुर, प्रमोद पांडे, सौरभ मिश्रा टी सीरीज व कश्यप ब्रदर की धुन पर आए हुए सभी भक्त भक्ति मय हो गए। कार्यक्रम के आयोजक चंद्रा चश्मा वाले के संचालक अजीत वर्मा ने आए हुए सभी भक्तों का सम्मान किया। भजन गायक शर्मा ने जब माता रानी के भजन गए तो मंदिर परिसर में मौजूद सभी भक्त झूमते-गाते नजर आये। रविवार को भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

# भाकियू श्रमिक जन शक्ति ने नये पदाधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र

▸ नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति ने विभिन्न पदाधिकारियों को मनोयन पत्र बाटे और फूल मालाओं से स्वागत किया। जनपद के सभी क्षेत्रों के किसान, मजदूर की समस्याओं का समाधान करने के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रेरित किया गया।

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए नवीन पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा। साथ ही 26 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन को लेकर विचार विमर्श हुआ। जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में किसानों की समस्यायें बताये। जिसे हम प्रशासन से मिलकर समाधान कराने का प्रयास करूंगा। बैठक के दौरान सुशील को कमालगंज ब्लाक उपाध्यक्ष सतीश को ब्लाक कोषाध्यक्ष, कमलेश को संगठन मंत्री, जायद खान को ब्लाक महामंत्री, विमलेश कुमार को ब्लाक महासचिव, रवीश कुमार को कमालगंज का नगर सचिव, शैलेन्द्र कुमार को जिला उपाध्यक्ष, आशीष कुमार को नगर महामंत्री, आकाश कुमार को जिला महासचिव, विकास कटियार को नगर उपाध्यक्ष, शुभम को नगर महामंत्री, अवनीश को भोजपुर विधानसभा का मीडिया प्रभारी, शिवम शुक्ला को ब्लाक मीडिया प्रभारी, अनिरुद्ध को जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, बादल कुमार को जिला महामंत्री युवा मोर्चा, उज्ज्वल गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, आनंद कुमार को नगर महामंत्री कमालगंज का बनाया गया है। सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निर्वाह्न करें। भाकियू के नये पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।


पदाधिकारियों का स्वागत करते भाकियू नेता

# जिला स्तरीय कबड्डी टीम का मण्डल के लिए हुआ चयन


चयनित कबड्डी खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खेल निदेशालय लखनऊ द्वारा प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 नवम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय डा0 भीमरॉव अम्बेडकर कार्यालय क्रीड़ा संकुल लालपुर वाराणसी में आयोजित होगी। जिला स्तरीय ट्रायल चयन हेतु प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में हुआ। ट्रायल के दौरान जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव व सुभाष चन्द्र यादव आदि की मौजूदगी में चयन हुआ। चयनित खिलाड़ी मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में 25 नवम्बर को राष्ट्रीय इंटर कालेज किदवई नगर कानपुर में भाग लेंगे। विजेता खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित किये जायेगें। जिला स्तरीय ट्रायल में मण्डल के लिए कपिल, शोभित, अंशू शाक्य, रतन, निखिल सागर, प्रिंस शाक्य, यशवंत कुमार, विक्रम, सनी चयनित हुए। टीम मैनेजर सुमित कुमार मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में महिला सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** रुपये लेन देन को लेकर मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव विरायमपुर निवासी धनपाल पुत्र जहान सिंह ने गांव के ही राम वरन व सुग्रीव उर्फ गोले की पत्नी रागिनी, अवधेश पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें दर्शाया कि धनपाल के पुत्र नीलेश ने छ महीने पूर्व सुग्रीव व उनकी पत्नी रागिनी को 5 हजार रुपये उधार दिए थे। जब 15 नबम्बर को रुपये मांगे तो उक्त आरोपितों ने गिरंद के खेत पर मेरे पुत्र के साथ लाठी-डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# धूमधाम के साथ मनाया गया भैरव बाबा का जन्मदिन, भंडारे में उमड़ी भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भैरव बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में अमेठी कोहना प्राचीन भैरव बाबा के भव्य मंदिर में प्रातः काल बाबा का अभिषेक विद्वान पंडितों के द्वारा हवन यज्ञ हुआ। साथ ही 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। दोपहर में भंडारा शुरू हुआ जो देर शाम तक चला रहा। भैरव मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया। आसपास के कई क्षेत्रों से लोगों ने अमेठी कोहना स्थित भैरव बाबा मंदिर पहुंचकर दरबार में मथा टेका। वहीं भैरव घाट स्थित मंदिर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर की व्यवस्था राजू, शिवानी, चेतन रस्तोगी, पंकज शुक्ला आदि लोगों ने देखी। भैरव बाबा के जन्मदिन भैरव अष्टमी के अवसर पर भैरव मंदिरों में भवन यज्ञ और भंडारों का दौर चलता रहा। सुबह हवन हुआ। दोपहर बाद से प्रसाद वितरण देर शाम तक चलता रहा। सांय काल महाआरती की गई।


पूजा अर्चना करते भक्तगण


प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

भक्तों की भीड़ उमड़ती और कीर्तन मंडली, भक्तों को उत्साह भक्तिमय बना दिया। नितगंजा स्थित भैरव बाबा के मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। हवन यज्ञ हुआ, इसके बाद भव्य आरती का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण हुआ। मौजूद सभी भक्तों ने बाबा के दरबार में माथा टेककर सभी के कल्याण की कामना की। नितगंजा में भैरव बाबा का मंदिर काफी प्राचीन और ऐतिहासिक है, प्रतिवर्ष भैरव बाबा की जयंती पर मंदिर पर भव्य आयोजन होता है व भंडारा किया जाता है। जिसमें बड़ी तादाद में भक्त आकर बाबा का आशीर्वाद लेते हैं व प्रसाद ग्रहण करते हैं। भक्तों का मानना है कि भैरव बाबा के जन्मदिन पर उनके दरबार में माथा टेकने से पुण्य लाभ होता है। मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया भैरव बाबा को चढ़ाए जाने वाला सोमरास, दही बड़ा, पूरी श्रद्धा के साथ चढ़ाया गया। पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद रही।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी भाई को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराब पीकर भाई की गला दबाकर हत्या कर देने के मामले में सुनवाई करते हुए एच0जे0एस विनय कुमार ने अभियुक्त पिन्टू को धारा 304 के आरोप में दोषी करार देते हुए तीन वर्ष तीन माह के कारावास की सजा से दंडित किया। कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला प्रेमनगर राजवीर उर्फ कल्लू पुत्र स्व0 विजयी लाल ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि 29 सितम्बर 2021 की रात्रि मेरा पुत्र रिन्कू व पिन्टू शराब पीकर आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। देखते ही देखते पिन्टू ने अपने बड़े भाई रिन्कू के गले में बेल्ट से अपने हाथों से गला कसकर दबा दिया। जिससे रिन्कू की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान अभियुक्त के पिता वादी ने कम से कम दण्ड दिये जाने की याचना की। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर एच0जे0एस विनय कुमार ने सुनवाई करते हुए अभियुक्त पिन्टू को धारा 304 के आरोप में दोषी करार देते हुए तीन वर्ष तीन माह के कारावास की सजा व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 15 का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# लकूला नाले में गंदगी का अम्बार, संक्रमण फैलने का खतरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सर्दी का मौसम शुरु हो गया है। मच्छरों का प्रकोप हावी है। शहर के मुख्य नालों में गंदगी का अम्बार है। नगर पालिका द्वारा कई नालों की सफाई न किये जाने से बीमारियां व संक्रमण फैल सकता है। शहर के कादरीगेट मसेनी मार्ग लकूला में कूड़े से पटा बजबजाते हुए नाले में गंगदी का अम्बार है।

सालों से नाले की सफाई न होने के कारण लकूला रोड पर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। नाले की बदबू के कारण उस रोड पर मुहं पर कपड़ा या रुमाल लगाकर ही पैदल व्यक्ति निकल पाता है। गिहार बस्ती में कच्ची शराब का कारोबार होता है। जिस कारण उस क्षेत्र में शराब जैसी बदबू आती रहती है और मच्छरों का प्रकोप बना रहता है। कई बार आबकारी विभाग व पुलिस ने छापा मारकर शराब पकड़ी उसके बावजूद भी कार्य बंद नहीं हुआ। ऐसे में कच्ची शराब का मलवा व क्षेत्र गंदगी एवं कूड़ा सब नाले में जाता है।


गंदगी से पटा लकूला का नाला

साफ-सफाई की व्यवस्था नगर पालिका देखती है। सालों हो जाते है उसके बावजूद भी लकूला के नाले की सफाई नहीं होती है। ऐसे में गंभीर बीमारियां व संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका को ऐसे क्षेत्रों का ध्यान रखना चाहिए और साफ-सफाई पर जोर दे। जिससे स्थानीय लोगों व राहगीरों को गंदगी व बदबू का सामना न करना पड़े।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मनायी गई गुरु तेग बहादुर की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिख धर्म के नौवें गुरु तेग बहादुर की जयंती सरस्वती विद्या मंदिर सेनापति में धूमधाम से बनाई गई। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कटियार व रामानंद पांडे ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर ने अपना सर कलम करवा लिया, किन्तु मुस्लिम धर्म नहीं अपनाया।

अपने देश की एकता और अखंडता के लिए देश के लिए शहीद हुए। इसी प्रकार हमे भी देश की संस्कृति, सभ्यता व हिंदुत्व को बचाने के लिए भारत माता के लिए सदैव बलिदान होने के लिए तैयार रहें। हमारे देश में गुलामी कभी स्वीकार नहीं की और मुगलों के सामने कभी भी नहीं झुके, लेकिन गुलामी मंजूर नहीं की और कभी भी मुस्लिम धर्म नहीं अपनाया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

कार्यक्रम का संचालन वीरेश परमार ने किया। इस अवसर पर शिवकुमार यादव, शिवमोहन मिश्र, संजीव शाक्य, आलोक सिंह, रजनीश, गोविंद, बृजपाल सिंह, अर्पणा अवस्थी, आर्तिका, अमृता शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 जिसका अनुक्रमांक 1330556 व इंटर मीडिएट वर्ष 2022 जिसका अनुक्रमांक 2225991948 का अंकपत्र जो वास्तव में कहीं 19 नवम्बर 2024 को खो गया है।

**मदन पुत्र प्रवीन कुमार निवासी ग्रा0 गदनपुर तुर्रा, पो0 खास, जिला फर्रुखाबाद।**

# योगी सरकार में तेज हुई गोरखपुर की औद्योगिक रफ्तार

## 30 नवंबर को गीडा के स्थापना दिवस पर 88 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन पत्र वितरित करेंगे सीएम योगी

**1286 करोड़ के निवेश का मार्ग होगा प्रशस्त, निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का होगा शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** गोरखपुर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की स्थापना तो 35 वर्ष पूर्व हो गई थी लेकिन इस प्राधिकरण के गठन का मकसद योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते सात साल से ही पूरा होता दिखाई दे रहा है। योगी सरकार में गीडा को केंद्रित कर गोरखपुर में औद्योगिक विकास की रफ्तार साल दर साल तेज होती दिख रही है। 30 नवंबर को गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर इस रफ्तार की एक नई बानगी देखने को मिलेगी जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 88 नए औद्योगिक भूखंडों का आवंटन कर 1286 करोड़ रुपये के निवेश और 5200 लोगों के रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

जिस गीडा क्षेत्र में 2017 के पहले तक लचर कानून व्यवस्था, सुविधाओं के घोर अभाव और सरकारों के उदासीन रवैये से निवेश दूर की कौड़ी लगती थी। अब उसी गीडा में योगी सरकार में निवेश की बहार है। जहां यूनिट लगाने से उद्यमी कतराते थे, वहां अब हर साल उद्योगों की श्रृंखला खड़ी हो रही है। उद्यमियों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियों के साथ समय-समय पर खुद उद्यमियों के बीच मुख्यमंत्री के होने से औद्योगिक माहौल बेहतर होता गया और नोएडा की तरह गीडा भी निवेश के लिए लिए बेहतरीन गंतव्य बन गया है। इंडस्ट्री और गोरखपुर के बीच दशकों तक विरोधाभासी रिश्ता बना रहा लेकिन योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद सात साल में माहौल ऐसा बदला कि अब दोनों एक दूसरे के पूरक बन गए हैं। जिस गोरखपुर में स्थानीय पूंजीपति भी औद्योगिक निवेश करने से घबराते थे, अब वहां देश की नामी कम्पनियों के आने की होड़ सी दिखती है। निवेश के लिए भूखंडों की डिमांड बढ़ी तो स्वाभाविक तौर पर गीडा ने अपना लैंड बैंक भी मजबूत किया। पिछले एक साल में (31 अक्टूबर 2024 तक) गीडा ने 501.68 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। यह गत वर्ष की तुलना में दोगुना है। वर्ष 2023-24 में गीडा ने 250.46 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। जमीन की मांग और उसी के सापेक्ष अधिग्रहण की बढ़ती रफ्तार यह बताती है कि गीडा पूर्वांचल के बड़े औद्योगिक हब के रूप में तेजी से आकार ले रहा है।

### नए भूखंडों का आवंटन पत्र उद्यमियों को सौंपेंगे सीएम

गोरखपुर में औद्योगिक विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए सीएम योगी गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह में नए भूखंडों का आवंटन पत्र उद्यमियों को सौंपेंगे। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक बताती हैं कि गत एक वर्ष में गीडा द्वारा आवंटित 88 भूखंडों पर कुल 1286 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इसमें जिन प्रमुख इकाइयों के लिए जमीनों का आवंटन किया गया है उनमें एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, एसएलएमजी पीईटी प्लांट, कपिला कृषि उद्योग, आईसन एयर कूलर, टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, मॉडर्न पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, नोवामैक्स इंडस्ट्रीज व होटल नीलकंठ ग्रैंड शामिल हैं। इन उद्योगों को करीब 3500 वर्गमीटर से लेकर 72000 वर्गमीटर तक के भूखंड आवंटित किए गए हैं। इनमें 50 करोड़ से लेकर 320 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावित हैं। गीडा के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 123 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास तथा 86 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाने के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का शुभारंभ भी करेंगे।

### निवेश का इको सिस्टम बनाने में कनेक्टिविटी की बड़ी भूमिका

गीडा में निवेश का इको सिस्टम बनाने में रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लंबे दौर तक पहचान को जूझता रहा यह क्षेत्र इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी के मामले में मजबूत होकर औद्योगिक नक्शे पर चमक गया है। बेहतर कनेक्टिविटी के साथ गीडा में 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है तो 34 करोड रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। गीडा की तरफ से प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर-28 में 88 एकड़ विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उद्योग की 92 इकाइयों के लिये स्थान एवं समस्त आवश्यआवश्यक अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें लगभग 5000 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बना रही है।

# भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा सरकार पर लगाए वादा खिलाफी व नाकामी के आरोप

एजेंसी

**सोनीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नई सरकार की विफलताएं शुरूआत से ही उजागर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी की पिछली सरकार की तरह नई सरकार भी किसानों को खाद और एमएसपी उपलब्ध कराने में असफल रही है।

सोनीपत में शनिवार को हुड्डा ने कहा कि सरकार खाद की किल्लत से इनकार कर रही है, जबकि हरियाणा के किसानों को बुआई के समय खाद नहीं मिल रही। उन्होंने दावा किया कि यह पहला मौका है जब पुलिस सुरक्षा में खाद बंटवानी पड़ी है। भाजपा के चुनावी वादों का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी ने धान के 3100 रुपये प्रति क्विंटल रेट देने का वादा किया था, लेकिन किसानों को एमएसपी तक नहीं मिली। उल्टा, उन्हें 200-400 रुपये कम कीमत पर अपनी फसल बेचनी पड़ी। हुड्डा ने गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने और महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह देने के वादों पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार ने इनमें से कोई वादा पूरा नहीं किया। हुड्डा ने भाजपा कार्यकाल को हरियाणा की गिरती अर्थव्यवस्था और बढ़ती गरीबी के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा को विकास में नंबर वन बनाया था, जबकि भाजपा ने राज्य को गरीबी में नंबर वन बना दिया।

खुद सरकारी आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा की 70 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे पहुंच गई है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदय भान,पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, सांसद जय प्रकाश,विधायक रघुबीर कादयान, विधयाक इंदु राज नरवाल, सुरेंद्र दहिया, सुरेंद्र छिकारा, मनोज रिढ़ाउ, अनूप मलिक, सुषमा पार्षद, अंजू बाला खटक, हरेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

# विस उपचुनाव : पंजाब में आआपा ने जीती तीन सीटें, कांग्रेस के खाते में आई एक

एजेंसी



चंडीगढ़। पंजाब में चार विधानसभा हलकों में हुए उपचुनाव के बाद शनिवार को आए परिणाम में तीन सीटों पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की है। जबकि एक सीट पर विपक्षी दल कांग्रेस को जीत मिली है। हालांकि लोकसभा चुनाव से पहले तीन सीटों पर कांग्रेस और एक पर आम आदमी पार्टी थी।

शिरोमणि अकाली दल ने यह उपचुनाव नहीं लड़ा था, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को इसमें करारी हार का सामना करना पड़ा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार होशियारपुर जिले की चब्बेवाल विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के डॉ. इशांक कुमार ने कांग्रेस प्रत्याशी रणजीत कुमार को 28 हजार 690 वोटों से पराजित किया। यहां भाजपा प्रत्याशी सोहन सिंह को यहां केवल 8692 वोट मिले हैं। बरनाला विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप सिंह ढिल्लों ने आम आदमी पार्टी के हरिंदर सिंह धालीवाल को 2157 वोटों के कम अंतर से पराजित किया है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी केवल सिंह ढिल्लों को 17 हजार 958 वोट मिले हैं। राज्य की सबसे चर्चित सीट गिद्दड़बाहा के चुनाव परिणाम इस बार बेहद चौंकाने वाले रहे हैं। इस सीट पर आम आदमी पार्टी अपना खाता खोलने में कामयाब रही। यहां आप के उम्मीदवार हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने कांग्रेस प्रत्याशी अमृता वडिंग को 21 हजार 801 वोटों से हराया है। अमृता वडिंग पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग की पत्नी हैं। 90 के दशक में गिद्दड़बाहा से चुनाव जीतकर पंजाब की राजनीति में सक्रिय हुए भाजपा प्रत्याशी मनप्रीत सिंह बादल को यहां इस बार केवल 12 हजार 174 वोट मिले हैं। पंजाब की सीमावर्ती सीट डेराबाबा नानक में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी गुरदीप सिंह रंधावा ने कांग्रेस प्रत्याशी जतिंदर कौर रंधावा को 5699 वोट से पराजित किया है। जतिंदर कौर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की पत्नी हैं। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी रवि करण काहलों को केवल 6505 वोट मिले हैं। पंजाब में आज चार सीटों पर हुए उपचुनाव परिणाम के बाद अब विधानसभा का स्वरूप भी बदल गया है। 117 सीटों वाली राज्य विधानसभा में अब आम आदमी पार्टी के विधायकों की संख्या 95 हो गई है।

## काठमांडू महानगरपालिका ने प्रधानमंत्री ओली की पार्टी पर लगाया जुर्माना

**काठमांडू।** काठमांडू की महानगरपालिका ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना ओली की पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम वाले स्थल पर गंदगी फैलाने के मामले में लगाया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली भी शरीक हुए थे। इस कार्यक्रम के तुरंत बाद ही मेयर बालेन शाह की तरफ से ओली की पार्टी नेकपा एमाले पर जुर्माना लगाए जाने के लिए लिखित पत्र भेज दिया गया। इसे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और मेयर बालेन शाह के बीच कुछ समय से जारी शीतयुद्ध के रूप में भी देखा जा रहा है। दरअसल, शनिवार को काठमांडू के दरबरमार्ग में सत्तारूढ़ दल एमाले की तरफ से एक शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया था। इस सम्मेलन की वजह से सार्वजनिक स्थल पर काफी गंदगी फैलने के कारण महानगरपालिका की तरफ से जुर्माना लगाया गया है।

# आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 26 को आईसीसी की बैठक होने की संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से अगले साल (2025) फरवरी और मार्च के महीने में होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तारीखों और स्थानों के लिए अगले सप्ताह एक आपात बैठक आयोजित करने की संभावना है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, बैठक मंगलवार (26 नवंबर) को होने की संभावना है, जहां बैठक का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि क्या मार्की इवेंट पूरी तरह से पाकिस्तान में होगा या हाइब्रिड मॉडल में (जहां पाकिस्तान एक और देश के साथ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जो अभी तय नहीं हुआ है)। बैठक तब निर्धारित की गई थी जब आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को लिखित रूप से बताया था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा, जो 2025 की शुरुआत में आयोजित की जाएगी। पीसीबी ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान सरकार से परामर्श किया और अपना रुख पेश करना चाह रहा है। हालांकि, पाकिस्तान बोर्ड ने कहा कि वे चाहते हैं कि भारत पाकिस्तान की यात्रा करे क्योंकि उनकी टीम 2023 में आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप के दौरान भी गई थी। पिछले साल, पाकिस्तान ने एशियाई ट्रॉफी की मेजबानी की थी, लेकिन यह एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया गया था, जिसमें भारत ने श्रीलंका में अपने मैच खेले थे। भारत और पाकिस्तान ने अपनी आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला 2012-13 में भारत में खेली थी, जो एक सफेद गेंद की श्रृंखला थी और अब ज्यादातर आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में खेलते हैं। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण, भारत 2008 के बाद से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर रहा है।

## खबरें एक नजर में

### बिहार उपचुनाव में एनडीए के चारों सीट पर जीतने पर जश्न

**अररिया।** बिहार उपचुनाव में चारों सीट पर एनडीए प्रत्याशी के जीत पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जश्न मनाया।चारों सीट पर जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ और आतिशबाजी के साथ ही मिठाईयों का वितरण कर जश्न मनाया।फारबिसगंज में भाजपा और जदयू कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी का इजहार किया। मौके पर जदयू के प्रदेश सचिव रमेश सिंह एवं पवन मिश्रा ने चारों सीट के नतीजे के लिए क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह उपचुनाव तो महज एक झांकी थी।सेमीफाइनल के रूप में उपचुनाव जीतने के बाद असली खेल तो फाइनल 2025 में होना बाकी है। भाजपा के जिला मंत्री प्रताप नारायण मंडल ने उपचुनाव के नतीजे को लेकर कहा कि बिहार की जनता ने यह साबित कर दिया कि भाजपा और जदयू गठबंधन में बिहार विकास की ओर अग्रसर है।मौके पर भाजपा के प्रताप नारायण मंडल,जदयू प्रदेश सचिव पवन मिश्रा,रमेश सिंह,प्रखंड अध्यक्ष बमबम मंडल,कन्हैया गुप्ता,राजेश राज उर्फ मंटू,मुकेश सिंह,जितेंद्र झा,सज्जाद आलम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बंगाल विस उप-चुनाव छह सीटें तृणमूल कांग्रेस की झोली में

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधान सभा की छह सीटों के उप चुनाव में सभी सीटें सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस के खाते में गयी हैं। शनिवार को इन सीटों मतगणना में सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशियों ने अजेय बढ़त बना ली है। मतगणना के बारे में निर्वाचन आयोग के आंकड़ों ताजा के अनुसार उत्तर 24 परगना के नैहाटी विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार सनत डे ने अपने प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रूपक मित्रा को 49277 मतों से पराजित किया।

### गुटेरेस ने की पाकिस्तान में हुए हमले की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए घातक हमले की कड़ी निंदा की है। गौरतलब है कि बंदूकधारियों द्वारा गुरुवार को तीन यात्री वाहनों को निशाना बनाकर किए गए हमले में कथित तौर पर कम से कम 42 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हुए हैं। श्री गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संरा महासचिव ने कहा है कि नागरिकों के खिलाफ हमले अस्वीकार्य हैं। श्री गुटेरेस ने पीड़ितों के परिवारों और पाकिस्तान सरकार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से इस हमले की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराये जाने का आवाहन किया है।

### गुरु तेग बहादुर जी ने दिया प्रेम और एकता का संदेश : मुर्मु

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर दिए अपने संदेश में उनके प्रेम और एकता के संदेश को याद किया और लोगों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा, गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर मैं उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। गुरु तेग बहादुर जी ने मानवता और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वे एक महान आध्यात्मिक मार्गदर्शक और सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने समाज में प्रेम और एकता को बढ़ावा दिया। उन्होंने लोगों को सत्य और न्याय के लिए लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। आइए हम गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं को और उनके महान आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।

### महाराष्ट्र में भाजपा की जीत में है संघ की बड़ी भूमिका

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों में से 200 से अधिक सीटों पर महायुति ने निर्णायक बढ़त बना ली है। महज 5 महीने पहले जब भाजपा 70 सीटें जीतने की स्थिति में थी, तब संघ ने कमान संभाली और साथ में लाडली बहना योजना का लाभ भी मिला। उस आधार पर अकेले भाजपा को सवा सौ सीटें मिलती दिख रही हैं। इसमें राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के साथ-साथ संघ का नियोजन, सहयोग और जमीनी कार्य की बड़ी भूमिका मानी जा रही है। लोकसभा चुनाव में अब की बार चार सौ पार का ऐलान करने वाली भाजपा को सिर्फ 240 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। ऐसा कहा जाता है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को संघ की मदद नहीं मिली थी। हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के दूसरे दिन से ही संघ ने मदद, मार्गदर्शन और सख्ती से कार्यान्वयन की योजना को अंमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया। नतीजतन भाजपा की चुनावी जीत और सत्ता की राह आसान हो गई।

## भारतीय संविधान पूरी दुनिया का मार्गदर्शक : ओम बिरला



**सोनीपत।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय संविधान को दुनिया का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि यह हमारी राष्ट्रीय गौरवशाली विरासत है। शनिवार को ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में संविधान संग्रहालय के उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान कानूनी दस्तावेज होने के साथ साथ सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाएगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से 2015 में आरंभ हुआ। यह दिवस सभी शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर है। श्री बिरला ने संविधान संग्रहालय को नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया और कहा कि यह देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में सहायक होगा। श्री बिरला ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को याद करते हुए कहा कि पूरी दुनिया गांधी जी के आदर्शों को अपना रही है। उन्होंने कहा कि संविधान ने समानता की नींव रखी, और यह वसुधैव कुटुंबकम की भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाता है। उन्होंने इस संग्रहालय के निर्माण के लिए सांसद और विश्वविद्यालय के कुलपति नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान को स्वतंत्रता, एकता, और समाजवाद का प्रतीक बताया।

## गेरार्डो मार्टिनो ने इंटर मियामी के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इंटर मियामी के मुख्य कोच गेरार्डो टाटा मार्टिनो ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए आधिकारिक तौर पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 62 वर्षीय अर्जेंटीना के कोच ने अपने अनुबंध में एक साल शेष रहने के बावजूद अपने फैसले की घोषणा की, उन्होंने मेजर लीग सॉकर की टीम के साथ एक साल से भी कम समय में सफलता की विरासत छोड़ी है। मार्टिनो ने एक भावपूर्ण बयान में कहा, ऐसे खास क्लब में काम करना और ऐसी खास टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। मैंने इंटर मियामी में अपने प्रवास का आनंद लिया और यहाँ बनी यादों और बनाए गए रिश्तों को अपने जीवन के बाकी हिस्सों में संजो कर रखूँगा। मैं यहाँ बिताए अपने समय के लिए केवल आभार के साथ विदा लेता हूँ और इसे संभव बनाने वाले सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूँ। मार्टिनो जून 2023 में इंटर मियामी में शामिल हुए।

# प्रियंका वायनाड लोकसभा सीट से चार लाख से अधिक मतों से जीती

एजेंसी



**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस महासचिव एवं यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को केरल के वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में 4,08,036 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की।

श्रीमती वाड्रा की पहली बार संसद में प्रवेश है और उन्होंने अपने भाई एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रिकॉर्ड अंतर को भी तोड़ दिया, जिन्होंने अप्रैल 2024 में वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए हुए चुनाव में 3,64,422 वोट हासिल किए थे। वैसे 2019 के लोकसभा चुनाव में श्री राहुल गांधी ने वायनाड सीट 4.31 लाख मतों के अंतर से जीती थी। श्रीमती वाड्रा को 6,17,942 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के उम्मीदवार सत्यन मोकेरी को 2,09,906 वोट मिले और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार नव्या हरिदास को 1,09,202 वोट मिले। अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में श्री राहुल गांधी ने एलडीएफ उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 वोटों के अंतर से हराया।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को 6,47,445 वोट मिले, एलडीएफ की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय महिला नेता एनी राजा (भाकपा महासचिव डी राजा की पत्नी) को 2,83, 028 वोट मिले और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन को 1,41,045 वोट मिले।

# विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से एसएमसी 2024 का होगा आयोजन

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** एसएमसी 2024 पहली बार भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह एक साहसिक पहल है जो निम्नलिखित हितधारकों को एक मंच पर लाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाकर निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करना है निवेशकों द्वारा संभावित निवेश योग्य स्टार्टअप्स की पहचान। स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, वित्तीय और बाजार से संबंधित मार्गदर्शन तथा प्रारंभिक सरकारी अनुदानों से परे अतिरिक्त धनराशि प्राप्त करने का अवसर। संबंधित राष्ट्रीय मिशनों में स्टार्टअप्स की कार्यक्षमता में सुधार और उन्हें फलने-फूलने में मदद करना।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के लिए निवेशक समुदाय के व्यावसायिक कौशल और निधियों का उपयोग करते हुए स्टार्टअप वाइब्रेंसी को बढ़ावा देना। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. अभय करंदीकर ने कहा, इस वर्ष एसएमसी 2024 विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख राष्ट्रीय मिशनों और कार्यक्रमों पर केंद्रित है। हमें आशा है कि स्टार्टअप सरकार और निजी हितधारकों के सहयोग के लिए एक सशक्त मंच के रूप में विकसित होगा।

आईआईटी कानपुर के निदेशक डॉ. मनींद्र अग्रवाल ने कहा, स्टार्टअप मास्टर क्लास 2024 एक अनोखा संस्करण है जो भारत सरकार के चार प्रमुख मिशनों के तहत काम करने वाले स्टार्टअप्स, निवेशकों और सरकार को एक साथ लाता है। यह अकादमिक, निवेशकों, उद्यमियों और सरकार के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आईआईटी कानपुर के ट्रांसलेशनल रिसर्च मिशन को आकार देता है। मुझे विश्वास है कि यह आयोजन स्टार्टअप्स, निवेशकों और सरकार के बीच एक गतिशील ऊर्जावान तंत्र बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## जनता के लिए खुलेगा 186 साल पुराना राष्ट्रपति आशियाना

**देहरादून।** राजधानी देहरादून के राजपुर रोड स्थित 186 साल पुराना एतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना आगामी अप्रैल माह से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निर्देश पर शनिवार को राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारी देहरादून पहुंचे और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक कर आशियाना में जनता के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निर्देश पर अब देहरादून स्थित 186 साल पुराने राष्ट्रपति आशियाना को आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। 21 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस परिसर का इस्तेमाल अभी राष्ट्रपति बाडीगॉर्ड (पीबीजी) द्वारा किया जा रहा है। परिसर को आम जन के लिए खोलने से पहले आवश्यक तैयारी के लिए शनिवार को आशियाना परिसर में राष्ट्रपति सचिवालय से अपर सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने उच्च स्तरीय बैठक में उत्तराखंड सरकार के उच्चाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। तय किया गया कि आम लोग परिसर के मुख्य भवन तक प्रवेश कर सकेंगे।

# द ग्रांड गौतम बुद्ध क्विज मास्टर का विजेता बना जवाहर नवोदय विद्यालय




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बच्चों एवं युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर उनमें बौद्धिक-तार्किक क्षमता को रोपित करने के उद्देश्य से आज सरोजनी नगर, लखनऊ स्थित गौतम बुद्ध महाविद्यालय के तत्वावधान में विद्यालय के अशोक सभागार में आयोजित द ग्रांड गौतम बुद्ध क्विज मास्टर-2024 प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय-पिपरसंड विजेता बना।

डॉ रश्मि शर्मा के संयोजन और क्विज मास्टर संजय अरोरा के निर्देशन में संपन्न हुई द ग्रांड गौतम बुद्ध क्विज मास्टर-2024 प्रतियोगिता का विजेता जवाहर नवोदय विद्यालय-पिपरसंड बना, इसको प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि द्वितीय स्थान गौतम बुद्ध इण्टर कालेज-सरोजनी नगर और तृतीय स्थान कमल देहली इण्टर कॉलेज-बंथरा को मिला। प्रतियोगिता में राजधानी के 20 विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। समारोह में मुख्य अतिथि विवेक नागपाल, विशिष्ट अतिथि आर.एस.कुशवाहा और प्रबंधक सोमिल कुशवाहा ने सभी विजेता टीमों (विद्यालयों के छात्र-छात्राओं) को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डॉ साधना शुक्ला, प्रीति तिवारी, नागेन्द्र कुशवाहा, डॉ डी.के. कौशल, उर्वशी गुप्ता, राकेश पांडेय, अराधना सिंह, मनमीत कौर, आकांक्षा बाजपेयी, आशीष मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ रश्मि और धन्यवाद ज्ञापन सोमिल कुशवाहा ने दिया।

# दहेज मामले में आरोपित होने के आधार पर सरकारी पद पर नियुक्ति से इनकार नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि सरकारी पद पर नियुक्ति के लिए केवल आपराधिक मामले में फंसाया जाना ही उम्मीदवारी को खारिज करने का वास्तविक आधार नहीं बन सकता है। दहेज के मामलों की जटिल प्रकृति को देखते हुए, न्यायालय ने माना कि जहां आरोप गंभीर नहीं थे और मिलीभगत स्थापित नहीं की जा सकी, याचिकाकर्ता को दहेज के मामले में आरोपित होने के आधार पर रोजगार से वंचित नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने उस मामले में जहां नियुक्ति चाहने वाला व्यक्ति मुख्य आरोपित का भाई था और दहेज के मामले में फंसा हुआ था, जस्टिस जे.जे. मुनीर ने कहा कि ÷समाज में प्रचलित सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए, जबकि महिलाएं अपने वैवाहिक घरों में क्रूरता का शिकार होती हैं, यह भी उतना ही सच है, और अब तक न्यायिक रूप से स्वीकार किया गया है कि मामूली या बिना किसी उल्लंघन के, पति के पूरे परिवार को या तो पुलिस को रिपोर्ट किया जाता है या असंतुष्ट पत्नी या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता का आरोप लगाते हुए आपराधिक न्यायालय में लाया जाता है। याचिका दाखिल कर याची बाबा सिंह ने चीफ इंजीनियर लघु सिंचाई लखनऊ के 16 फरवरी 2024 को पारित आदेश को चुनौती दी थी जिसके द्वारा असिस्टेंट बोरिंग टेक्नीशियन पद पर हुए चयन के बावजूद दहेज मामले में आरोपित बनाए जाने के कारण नियुक्ति पत्र देने से इंकार कर दिया गया था। याची के खिलाफ मीरजापुर की एक अदालत ने दहेज के मामले में कम्पलेन्ट केस में सम्मन जारी किया था। हाईकोर्ट फैसले में माना कि चीफ इंजीनियर का आदेश सही नहीं है। न्यायालय ने माना कि याचिकाकर्ता ने अपने नियोक्ताओं से कोई तथ्य नहीं छिपाया था। क्योंकि जब उसने पद के लिए आवेदन किया था तब उसके खिलाफ कोई लंबित मामला नहीं था। पुलिस आयुक्त और अन्य के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों पर भरोसा किया गया। संदीप कुमार और राम कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य में यह माना गया कि वैवाहिक विवादों से उत्पन्न अपराधों के लिए, यहां तक ??कि मामूली अपराधों के मामले में भी, सार्वजनिक रोजगार से इनकार नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस जे जे मुनीर ने कहा कि याची का आपराधिक इतिहास नहीं है।